निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 22 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 246 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन में प्रतिभागी को सम्मानित करते झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार

## झारखंड के ऐतिहासिक स्थलों को विश्व धरोहर में शामिल करने का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के प्राचीन मेगालिथ और मोनोलिथ स्थलों से दुनिया को परिचित कराने के उद्देश्य से लंदन दौरे पर गए पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के नेतृत्व में झारखंड सरकार का एक शिष्टमंडल ने लंदन पुरातत्व संग्रहालय के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान झारखंड के प्राचीन मेगालिथ और मोनोलिथ स्थलों के संरक्षण, वैज्ञानिक डेटा, तकनीकी मूल्यांकन और दीर्घकालिक प्रबंधन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में लंदन पुरातत्व संग्रहालय के एंड्रयू हेंडरसन-श्वार्ट्ज़, डॉ. सारा पेरी, वार्डे ल आर्मस्ट्रांग (एसएलआर कंस्लटिंग ), डॉ. रोड्री गार्डनर, डॉ. लिंडसे लॉयड स्मिथ, जॉन ट्रेही, सिम्पसन और ब्राउन, सू व्हिटल, जॉन सैंडर्स, टॉम ऐडमैन, नील मैकनैब (वेसेक्स पुरातत्व), डॉ. स्टू ईव, मैट लीवर्स, ऑटिली थॉर्नहिल, सीनियर कंसल्टेंट मौजूद थे। लंदन में हुई इस बैठक की जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज हमारी टीम यूके के 4 प्रमुख संस्थानों से संवाद कर रही है ताकि सर्वोत्तम तकनीकी विशेषज्ञता के साथ आगे की ठोस कार्ययोजना बनाई जा सके। इन ऐतिहासिक धरोहरों को यूनेस्को विश्व धरोहर के रूप में वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कदम से झारखंड की विरासत अब विश्व के सामने होगी। बैठक में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संरक्षण पद्धतियों, तकनीकी सहयोग और क्षमता-विकास के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की गई। इसी क्रम में वार्डे ल आर्मस्ट्रांग (एसएलआर कंस्लटिंग) के साथ



आयोजित बैठक में झारखंड के मेगालिथिक, मोनोलिथिक और फॉसिल-समृद्ध स्थलों के वैज्ञानिक संरक्षण, पर्यावरण-संवेदी प्रबंधन और दीर्घकालिक योजना से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों से तकनीकी परामर्श किया गया। इन बैठकों का उद्देश्य झारखंड की प्राचीन विरासत के संरक्षण हेतु अंतरराष्ट्रीय तकनीकी विशेषज्ञता के साथ एक संरचित एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करना है, जिससे इन स्थलों का संरक्षण वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सुनिश्चित किया जा सके। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में मेगालिथिक स्थलों के वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, संरचनात्मक संरक्षण, परिदृश्य प्रबंधन, समुदाय की भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप दीर्घकालिक संरक्षण रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि आदिवासी समुदायों से जीवंत रूप से जुड़ी इन ऐतिहासिक संरचनाओं को संरक्षित करते हुए यूनेस्को विश्व धरोहर सूची के लिए एक ठोस और विश्वसनीय प्रस्तुति कैसे तैयार की जाए। इन संवादों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पुरातत्व, विरासत संरक्षण, इंजीनियरिंग और परामर्श के अनुभवों का लाभ उठाने तथा संस्थागत क्षमता निर्माण की दिशा में संभावित सहयोग के क्षेत्रों की पहचान की गई। राज्य सरकार इन विशेषज्ञ सुझावों के आधार पर एक स्पष्ट और व्यावहारिक रोडमैप तैयार करेगी, ताकि झारखंड की मेगालिथिक विरासत का संरक्षण संरचनात्मक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक तीनों स्तरों पर सुदृढ़ हो सके। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार राज्य की अमूल्य मेगालिथिक और मोनोलिथिक विरासत के संरक्षण, पुनर्स्थापन एवं सतत प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार इस विरासत को केवल एक पुरातात्विक धरोहर नहीं बल्कि आदिवासी समुदायों की जीवंत सांस्कृतिक पहचान के रूप में देखती है और इसके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों, सामुदायिक सहभागिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से ठोस और दीर्घकालिक प्रयास किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टेलीकॉम रेलवे स्टोर में लाखों की चोरी

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** बरकाकाना रेलवे क्षेत्र के कंट्रोल ऑफिस से सटे सीनियर सेक्शन इंजीनियरिंग ऑफिस, टेलीकॉम ऑफिस और स्टोर में चोरी की घटना हुई है। नकाबपोश चोर भारी मात्रा में बैटरी, केबल चार्जर सहित कीमती सामान लेकर फरार हो गए। हालांकि इस चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद बरकाकाना सेक्शन के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने बरकाकाना राजकीय रेल थाना में मामला दर्ज कराया है। राजकीय रेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शॉर्ट सर्किट से किराना दुकान में लगी आग

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जानकी कॉम्प्लेक्स के पास स्थित दीपक किराना स्टोर में देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी दुकान इसकी चपेट में आ गई। घटना बुधवार तड़के करीब तीन बजे की है, जब आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं और आग की ऊंची लपटें उठती देखीं। इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने तुरंत बरवाअड्डा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिसई थाना क्षेत्र में एक 28 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। बघनी निवासी महेदो उरांव उर्फ महादेव उरांव का शव पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के परिजनों ने बताया कि महेदो मंगलवार शाम करीब 4 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित नदी में नहाने गया था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान परिजनों ने उसे नदी में गिरा हुआ पाया।

### राजमहल जेल में बंदी ने की आत्महत्या

**साहिबगंज (नबिटा ब्यूरो)।** राजमहल अनुमंडलीय जेल में हत्या के आरोप में बंद एक बंदी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चामा सत्तारटोला निवासी मंसूर शेख के रूप में हुई है। मंसूर शेख ने बुधवार को जेल के अंदर फांसी लगा ली थी। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन ने आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। बंदी की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कृषि सब्सिडी ठगी गिरोह का भंडाफोड़

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह पुलिस ने कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दिलाने के नाम पर ग्रामीण किसानों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी पिछले पांच वर्षों से खुद को कृषि विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बताकर भोले-भाले किसानों को निशाना बना रहे थे। यह कार्रवाई 19 जनवरी 2026 को अमृत कुमार वर्मा की शिकायत के बाद शुरू हुई।

### 11वीं से 13वीं संयुक्त जेपीएससी मेंस परीक्षा परिणाम मामले पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** 11वीं से 13वीं संयुक्त जेपीएससी मेंस परीक्षा के परिणाम को लेकर दाखिल याचिकाओं का मामला एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। एकल पीठ द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद याचिकाकर्ताओं ने उस आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील दाखिल की है। बुधवार को इस अपील पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

## इंफोसिस ग्लोबल के साथ टेक्नोलॉजी और एआई के क्षेत्र में कदम बढायेगा झारखंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** दावोस दौरे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गए झारखंड सरकार के उच्च स्तरीय शिष्टमंडल ने आज बुधवार को इंफोसिस ग्लोबल के साथ टेक्नोलॉजी और एआई में सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ग्लोबल इन्फोसिस, कैलिफोर्निया से एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट आशीष कुमार दास ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान झारखंड के दीर्घकालिक विकास विजन और तकनीक आधारित विकास की दिशा में सहयोग की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान इंफोसिस प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों और विजन की सराहना की। विशेष रूप से प्रतिभाओं के पुनः कौशल विकास (री-स्किलिंग), टेक्नोलॉजी टॉवर की परिकल्पना तथा उन्नत तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से




खनन क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन को लेकर राज्य सरकार की सोच को अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक बताया गया। बैठक में झारखंड के युवाओं को डिजिटल एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कौशलों से सशक्त बनाने पर सहमति बनी। इस दिशा में इंफोसिस के विंग्सपैन प्लेटफॉर्म की संभावित भूमिका पर आगे चर्चा किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावे खनन क्षेत्र में उत्पादकता, सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए इंफोसिस द्वारा विकसित एआई आधारित डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन समाधानों को प्रस्तुत करने पर भी सहमति बनी। इसे लेकर फरवरी में एक वर्चुअल सत्र आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी। इंफोसिस ग्लोबल की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को इंफोसिस हाउस भ्रमण का आमंत्रण दिया गया, जहां कंपनी द्वारा विकसित अत्याधुनिक एआई आधारित नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह बैठक झारखंड में डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास और तकनीक आधारित औद्योगिक प्रगति को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। आईटी, एआई और अन्य तकनीकों पर सीएम हेमंत सोरेन की दावोस में हो रही बैठकें युवा झारखंड को एक मजबूत दिशा देने का काम करेंगी। गौरतलब है कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पहली बार झारखंड को भाग लेने का अवसर मिला है जिसके लिए इन दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के आला अधिकारियों की विशेष टीम दावोस दौरे पर है, जहां से लंदन की यात्रा होगी।

## अब फरवरी के तीसरे सप्ताह में एसआइआर शुरू होने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण फरवरी के दूसरे सप्ताह के बजाय अब तीसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। एसआइआर शुरू होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर आयेगी और तैयारियों से संतुष्ट होने के बाद इसकी औपचारिक घोषणा करेगी। यदि प्रारंभिक तैयारी से भारत निर्वाचन आयोग संतुष्ट होता है तो 21 फरवरी से एसआइआर की शुरुआत हो सकती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार झारखंड में एसआईआर कराने के स्पष्ट निर्देश पिछले साल 26 जून को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिया जा चुका है। ऐसे में इससे जुड़ी जो प्रारंभिक तैयारियां हैं वह अंतिम चरण में हैं। अभी पैरेंटल मैपिंग का कार्य पूरा किया जा रहा है। फरवरी में एसआईआर शुरू होने की संभावना पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह भारत निर्वाचन आयोग तय करेगा। हम लोग प्रारंभिक तैयारी पूरी करने में लगे हैं। झारखंड में नगर निकाय चुनाव की घोषणा जल्द होने वाली है। जाहिर तौर पर इसकी औपचारिक ऐलान होने के बाद एसआईआर में देरी होगी।



महाराष्ट्र की तरह झारखंड में भी नगर निकाय चुनाव होने के बाद एसआईआर शुरू होने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद, निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारी इसमें व्यस्त हो जायेंगे, जिससे एसआईआर कार्य प्रभावित होगा। गौरतलब है कि महाराष्ट्र को नगर निकाय चुनाव के कारण ही देश में दूसरे चरण के एसआईआर में उसे शामिल नहीं किया गया था। इधर नगर निकाय चुनाव की घोषणा 27 जनवरी को होने की संभावना है और निर्वाचन की प्रक्रिया फरवरी महीने में पूरी करने की तैयारी में राज्य निर्वाचन आयोग है।

## पदभार संभालने के तीसरे दिन थाना प्रभारी घूस लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में खाकी वर्दी एक बार फिर दागदार हुई है। मामला चैनपुर थाने का है जहां एक थानेदार ने थाना प्रभारी की कुर्सी संभालते ही रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिये गये हैं। जबकि उन्होंने महज दो दिन पहले रविवार को उस थाने की कमान संभाली थी। एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने बुधवार को चैनपुर थाना प्रभारी शैलेश कुमार को 30 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान थाना प्रभारी शैलेश कुमार और पूर्व प्रभारी अशोक कुमार ने पीड़ित जयपाल नायक से निजी मकान के लिए ईंट पकाने के एवज में अवैध वसूली का दबाव बनाया था। जयपाल नायक ने बताया कि वह एक गरीब व्यक्ति है। चैनपुर थानेदार लगातार उसे परेशान करके पैसे की मांग कर रहे थे। थक-हारकर उसने पूरे मामले की शिकायत एसीबी रांची से की। शिकायत का वेरिफिकेशन होने के बाद एसीबी ने थाना प्रभारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बुधवार दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर जैसे ही थाना प्रभारी ने रिश्वत की रकम ली, एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। इसके बाद एसीबी की टीम ने करीब 15 मिनट तक उनके आवास की तलाशी ली। आवश्यक कार्रवाई के बाद शाम 3 बजकर 10 मिनट पर आरोपी थानेदार को रांची ले आया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इस कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं, चैनपुर और आसपास के इलाकों में इस घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## कुख्यात मयंक सिंह के गुनाहों का हिसाब लेगी कई राज्यों की पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अजरबैजान से प्रत्यर्पण के जरिए झारखंड लाए गए कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह अब छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में दर्ज आपराधिक मामलों के राज खोलेगा। झारखंड पुलिस के बाद अब मयंक सिंह छत्तीसगढ़ पुलिस के कस्टडी में है, जिससे लगातार पूछताछ कर वहां दर्ज मामलों की पड़ताल शुरू की गई है। झारखंड एटीएस की कस्टडी में रहे मयंक से अब छत्तीसगढ़ पुलिस ने औपचारिक तौर पर पूछताछ शुरू कर दी है। उसे छत्तीसगढ़ के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों की जांच के लिए रिमांड पर लिया गया है। झारखंड एटीएस ने बीते साल अजरबैजान से मयंक सिंह को प्रत्यर्पित कर भारत लाया था। आरोप है कि लंबे समय तक विदेशी जमीन पर बैठकर वह न केवल रंगदारी और फायरिंग जैसे आपराधिक मामलों को ऑपरेट कर रहा था बल्कि पाकिस्तान से हथियार तस्करी और हवाला के जरिए फंडिंग के नेटवर्क को भी सक्रिय रूप से चला रहा था। एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में मयंक सिंह के खिलाफ हत्या, रंगदारी, धमकी, फायरिंग और आपराधिक साजिश जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े करीब 45 से अधिक छोटे-बड़े मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय तक विदेश में रहते हुए अपने गिरोह को रिमोट कंट्रोल से संचालित करता रहा। पूर्व में मयंक से पूछताछ के दौरान उसके नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और दूसरे राज्यों में सक्रिय गुर्गों से जुड़े कई अहम इनपुट मिले हैं। इन्हीं इनपुट्स के आधार पर अब छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपने यहां दर्ज मामलों की तफ्तीश तेज कर दी है और केस-टू-केस आधार पर उससे पूछताछ हो रही है। शुरुआती पूछताछ के दौरान मयंक सिंह ने पाकिस्तान से हथियार सप्लाई और हवाला के जरिए होने वाली फंडिंग के बड़े नेक्सस को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि इनपुट के आधार पर पंजाब और राजस्थान पुलिस भी पाकिस्तान के हथियार नेटवर्क को खंगाल रही है और संबंधित कड़ियों को जोड़ने में लगी है। मयंक के कन्फ़ेशन और उससे मिले डिजिटल और फाइनेंशियल एविडेंस से हथियार तस्करी, फाइनेंसरों की भूमिका और हवाला चैनल को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। इन्हीं सुरागों को फॉलो करते हुए दूसरे राज्यों की एजेंसियां अब मैदान में उतरी हैं। झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि कई अन्य राज्यों की पुलिस भी झारखंड एटीएस के नियमित संपर्क में है। इन राज्यों में मयंक और उसके नेटवर्क के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी साझा की जा रही है ताकि संयुक्त कार्रवाई के जरिए पूरे नेटवर्क को तोड़ा जा सके। मयंक के खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज केसों की डिटेल्स और केस डायरी झारखंड एटीएस के माध्यम से कोऑर्डिनेट की जा रही है। जरूरत पड़ने पर अन्य राज्यों की पुलिस टीमें भी रांची आकर मयंक से आमने-सामने पूछताछ कर सकती हैं या प्रोडक्शन वारंट के जरिए उसे अपने-अपने राज्यों में ले जाया जाएगा।


## हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा झारखंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खां बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। रांची आगमन पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान कांग्रेस संगठन की मजबूती, मौजूदा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी विचार किया गया और दोनों राज्यों के अनुभवों को साझा करने को लेकर बातचीत हुई। मीडिया से बातचीत में शकील अहमद खां ने झारखंड सरकार के कार्यों की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में



15 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जो देश के लिए एक मिसाल है। उनके अनुसार यह व्यवस्था गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है। शकील अहमद खां ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इन सुधारों की सकारात्मक चर्चा बिहार में भी हो रही है। शकील अहमद खां ने बिहार की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वहां स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हैं, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है और मरीजों को दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। उनके अनुसार बिहार में व्यवस्था केवल प्रचार तक सीमित रह गई है और राज्य की विधि-व्यवस्था भी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में राज्य सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छुएगा और कई बड़ी कंपनियों के निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। डॉ. अंसारी ने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति पहले से बेहतर हुई है और भविष्य में इसे और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई नए मेडिकल कॉलेज भी खोले जाएंगे, जिससे झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था और मजबूत होगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।



# विष्णुगढ़ में युवती की मौत पर सड़क जाम, प्रेमी पर दहेज व शोषण का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 20 वर्षीय युवती की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने विष्णुगढ़झगोमियां मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। करंज मोड़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार युवती ने प्रेम प्रसंग में धोखा और दहेज के दबाव से आहत होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। गंभीर अवस्था में उसे हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की मां डालो देवी ने बताया कि उनकी पुत्री का पिछले दो वर्षों से ढंगर टोली निवासी रवि कुमार के साथ प्रेम संबंध था। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने मुकरते हुए 5 लाख रुपये दहेज की मांग रख दी। मानसिक प्रताड़ना और धोखे से टूटकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाया। युवती की मौत की खबर फैलते ही मंगलवार शाम परिजन और सैकड़ों ग्रामीण विष्णुगढ़ थाना परिसर में एकत्र होकर न्याय की मांग करने लगे। परिजनों ने आरोपी युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने और शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं सड़क जाम हटाने पहुंचे अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने परिजनों को आश्वस्त किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी प्रावधान के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा भी दिया जाएगा। इसके बाद सड़क जाम हटाया गया। मौके पर चेडरा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार सहित विष्णुगढ़ थाना पुलिस बल मौजूद था।

# गुलमोहर पब्लिक स्कूल का नया अध्याय : जय प्रभा नगर के भव्य भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ नई शुरूआत

नवीन सिन्हा




**हजारीबाग।** बच्चों को उत्कृष्ट, सुरक्षित और भविष्य-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में गुलमोहर पब्लिक स्कूल ने एक अहम कदम उठाया है। विद्यालय अब जय प्रभा नगर स्थित अपने विशाल एवं आधुनिक भवन में संचालन शुरू करने जा रहा है। यह नया परिसर अत्याधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम और उन्नत आधारभूत संरचनाओं से सुसज्जित है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

विद्यालय की डायरेक्टर विद्या बक्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्कूल में कक्षा 10 तक की पढ़ाई संचालित हो रही है, जबकि निकट भविष्य में कक्षा 12 तक शिक्षा विस्तार की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके लिए विद्यालय की मान्यता (एफिलिएशन) प्रक्रिया प्रगति पर है। इसी को ध्यान में रखते हुए नए भवन में अतिरिक्त क्लासरूम का निर्माण किया गया है, ताकि आने वाले समय में छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि पूर्व में विद्यालय मार्खम रोड में संचालित था। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक परिणामों के कारण नामांकन में लगातार वृद्धि हो रही थी। छात्रों की बढ़ती संख्या के कारण कक्षाओं की कमी महसूस होने लगी थी, वहीं मुख्य सड़क पर स्थित होने के कारण जाम की समस्या से बच्चों एवं अभिभावकों को भी परेशानी होती थी। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने जय प्रभा नगर में बड़े, सुरक्षित और सुव्यवस्थित भवन में स्कूल को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। नए परिसर में अधिक कक्षाएं, खुला और सुरक्षित वातावरण, कंप्यूटर लैब, साइंस, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं मैथ्स लैब के साथ-साथ रोबोटिक्स क्लासेस जैसी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यह नया भवन न केवल छात्रों की वर्तमान शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए भी पूरी तरह तैयार करेगा। कक्षा 12 तक शिक्षा विस्तार और अत्याधुनिक संसाधनों के साथ यह पहल गुलमोहर पब्लिक स्कूल को क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# अतिक्रमण चिल्लाने से कुछ नहीं होगा, धरातल पर भी काम करने की जरूरत : राजेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** अतिक्रमण खुद हट जाएगा, यदि ठेला, सब्जी, वाले से रोज पैसा लेने वाले का टेंडर नगरनिगम खत्म कर दे,ज्ञात हो कि नगरनिगम क्षेत्र में जितने भी सब्जी वाले, खोमचा वाले, फल वाले, रोड पर बैठ कर बेचने वाले को नगरनिगम के टेंडर धारी रोज पैसा लेते है,नगरनिगम का रसीद देते है या नहीं देते है, इसकी जांच अतिआवश्यक है, इधर नगरनिगम रोज अतिक्रमण हटाने का काम करता है।

सीधा सवाल है, नगरनिगम हजारों दुकानदार से रोज हजारों रुपए वसूलता है,उसके बारे में भी चर्चा करना चाहिए नगरनिगम को, किंतु इसके बारे कोई चर्चा है, अर्थात सिर्फ अखबारों में अतिक्रमण का कार्य छपता है किंतु धरातल पर फिर जीरो कार्य होता है, इस विषय को लेकर भाकपा माले एक आवेदन भी गिरिडीह अनुमंडल पदाधिकारी को देगा, दूसरी तरफ टोटो वाले और ऑटो वाले को ऑटो स्टेंड में रहने की बात भी किया जाय, जहां तहां लगाने से भी सड़क जाम रहती है,जिला प्रशासन ने इसके बारे पहल की बात की थी किंतु यह भी मीडिया तक में ही सीमित रही, छोटे बच्चे टोटो नहीं चलावे, रजिस्ट्रेशन का काम डीटीओ ऑफिस देखे उसमें भी पहल नहीं है, एक बार रूट तय करने की बात नगरनिगम ने की थी वह भी धरातल में कुछ भी नहीं दिखता है,बाजार में भी टोटो का रोज रसीद कटता है उसका भी टेंडर है,उस टेंडर को भी जगह मुहैया करवाया जाय, टोटो ऑटो स्टेंड में सभी सुविधा करवाई जाए, कोई सुविधा नहीं है, नगरनिगम क्षेत्र में शौचालय बेहतर नहीं है, मूत्रालय गंदा रहता है,उसके बारे भी नगरनिगम को सजग रहने की जरूरत है, शहरी क्षेत्रों में दो दर्जन सामूहिक शौचालय बना है आज उसका भी अतिक्रमण हो गया है, शौचालय चालू नहीं है, झींगरी मोहल्ला का शौचालय को घेर लिया गया है, अतिक्रमण उधर भी है,जिला प्रशासन को संज्ञान में रखने की जरूरत है,सबसे बड़ी बात यह है कि गरीब के साथ लगातार अनदेखी नगरनिगम करता है, इसपर भी सुधार की बात हो।

## नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को निर्धारित प्रशिक्षण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आसन्न नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र हनी हॉली ट्रिनिटी स्कूल, गिरिडीह में अपराह्न 02:00 बजे से 04:30 बजे तक दूसरे दिवस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें मतदान कर्मियों को आसन्न चुनाव के परिप्रेक्ष्य में मतदान दल के कर्मियों के कार्यों एवं दायित्व के साथ-साथ मतपेटिका को खोलने एवं सीलबंद करने के संबंध प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज प्रश्न-उत्तर विधि के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कोषांग के नोडल पदाधिकारीसह जिला शिक्षा पदाधिकारी, मो० वसीम अहमद एवं प्रभारी पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने नेतृत्व किया।

# सरस्वती पूजा को लेकर डाडीकला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव हजारीबाग।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर डाडीकला थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने की।

बैठक में पूजा आयोजन एवं जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों की जानकारी दी गई और उनके सख्त पालन का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान माहौल बिगाड़ने या शांति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में डाडीकला थाना प्रभारी सागेन मुर्मू, एसआई संजय सिंह, सतीश उरांव, डाडीकला मुखिया इलियास अंसारी, चेपाकला मुखिया अनिकेत नायक, डाडीकला पंचायत समिति सदस्य फयुम अंसारी सहित राजेश रजक, शंकर भूईयां, रंजीत महतो, बालदेव महतो, मोहन महतो, अजीम अंसारी, नेशाद अंसारी, बसारत अंसारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने आपसी सहयोग और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया, ताकि सरस्वती पूजा का आयोजन सुरक्षित और सफलतापूर्वक हो सके।

# तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण से लौटे श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र

**■ ओड़िशा के ऐतिहासिक व शैक्षणिक स्थलों का किया भ्रमण, अब विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारी**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** बरही प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़, स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, के छात्र-छात्राएँ तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम पूर्ण कर सकुशल अपने घर पहुँच गए हैं। यह शैक्षणिक यात्रा ओडिशा राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों के लिए आयोजित की गई थी, जहाँ विद्यार्थियों ने ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन का भी भरपूर आनंद लिया।

इस दौरान छात्रों ने कोणार्क सूर्य मंदिर, पुरी जगन्नाथ मंदिर, चिल्का झील, भुवनेश्वर के संग्रहालय तथा अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान बच्चों ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को नजदीक से देखा और व्यवहारिक ज्ञान भी अर्जित किया। भ्रमण से लौटते ही अब सभी विद्यार्थी 22 जनवरी को आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारियों में पूरे जोश के साथ जुट गए हैं। छात्र अपने-अपने विज्ञान मॉडलों, प्रोजेक्ट्स और प्रयोगों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश सिंह ने कहा शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे कक्षा से बाहर की दुनिया को समझते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों में भी आगे बढ़ रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों से विज्ञान प्रदर्शनी में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

# मर्सी हॉस्पिटल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 300 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** मर्सी हॉस्पिटल, गिरिडीह एवं मेडिकेंट हॉस्पिटल, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मर्सी हॉस्पिटल परिसर में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक मरीजों ने विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्शर्थ एवं जांच का लाभ उठाया।

इस शिविर में देश के जाने-माने विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी गईं डॉ. आशीष होता। डॉ. पी. के. नायक डॉ. फिरहाना रुज़िना डॉ. अनुज अनिल लड्डा डॉ. रोडशउद्दीन डॉ. लीलावती पाडिगेला शिशु रोग डॉ. विशाल शाहाबादी सौरभ जगजानी डॉ. प्रो कफील डॉ.आनंद कुमार डॉ. प्रियंका अग्रवाल डॉ. फरहा आजाद मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में गिरिडीह एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और सभी प्रमुख रोगों से संबंधित निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। अस्पताल की ओर से जांच एवं इलाज पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की गई।इस अवसर पर मर्सी हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. पी. एच. मिश्रा ने कहा, मर्सी हॉस्पिटल का उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। आज के इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 300 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया, यह हमारे लिए गर्व की बात है। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के दौरान हृदय एवं कैंसर जैसे गंभीर रोगों की स्क्रीनिंग भी की गई तथा जरुरतमंद मरीजों को आगे के इलाज के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मरीजों ने मर्सी हॉस्पिटल की इस पहल की भूटी-भूरी प्रशंसा की। मर्सी हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि आगे भी आम जनता के हित में इसी प्रकार के बड़े स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# दारू प्रखंड परिसर मे पलाश आजीविका दीदी कैफे का हुआ उदघाटन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू(हजारीबाग)।** प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस के माध्यम से पलाश दीदी कैफे का शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रसीद एंव बिपीएम राज कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया।

यह कैफे हिमालय महिला समूह एंव स्वयं सहायता समूह द्वारा दीदी कैफे का संचालन किया जायेगा जिसमें उन्हें खाना बनाने, परोसने, साफ सफाई रखने एवं बिजनेस करना सिखाया गया है। प्रखंड परिसर में पलाश दीदी कैफे खुलने से ब्लॉक कार्यालय में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को और ब्लॉक कार्यालय में आने वाले सभी प्रखंड वासियों को अब खाना और नास्ता खाने के लिए दूर नहीं जाना होगा। प्रखंड परिसर में ही अब उन्हें किफायती दर में स्वादिस्ट खाना एंव नास्ता मिलेगा। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस कई दीदी पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की गिरिडीह जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठान बेकरी, मिठाई कारखाना व डेयरी की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज राजा कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा गिरिडीह जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठान बेकरी ओर मिठाई कारखाना एवं डेयरी का औचक निरीक्षण किया गया जिसकी जानकारी निम्न प्रकार से है।

केडिया स्वीट्स का कारखाना, पता जरीडीह, पचम्बा, गिरिडीह में पाया गया कि मैन्युफैक्चरिंग का फूड सेफ्टी लाइसेंस के बिना एवं बिना एफएसएसएआई नंबर के मिठाई का पैकिंग किया जा रहा है एवं इनके परिसर में बहुत ज्यादा गंदगी पाई गई।अधिकारी के द्वारा किया गया कार्रवाई 50,000 पचास हजार का जुमार्ना एवं 7 दिनों के अंदर फूड सेफ्टी लाइसेंस मैन्युफैक्चरिंग कैटिगरी का बनवाने का नोटिस दिया गया। साथ ही मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा खोवा का सैंपल लिया गया एवं रसायनिक जांच हेतु रांची भेजा गया पूनम बेकरी का कारखाना पता बढ़तर गली पचम्बा,गिरिडीह में पाया गया कि मैन्युफैक्चरिंग का फूड सेफ्टी लाइसेंस के बिना एवं बैच नम्बर, निर्माण डेट, एक्सपायरी डेट के बिना पांव रोटी, बिस्किट,पेटीज, कैक का पैकिंग किया जा रहा है एवं इनके परिसर में बहुत ज्यादा गंदगी पाई गई। अधिकारी के द्वारा किया गया कार्रवाई 50,000 पचास हजार का जुमार्ना अधिरोपित किया गया एवं अपने विनिर्माण प्रतिष्ठान का 7झदिनों के अंदर फूड सेफ्टी लाइसेंस बनवाने का नोटिस दिया गया ओर साथ ही अभी तक उनके कारखाने में बने हुए सभी खाद्य पदार्थ यथा केक, पेटीज, टोस्ट बिस्किट इत्यादि को तत्काल रुप से वही जब्त कर लिया गया है।

## अभाविप द्वारा कंबल वितरण किया गया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पीरटांड़ इकाई के आयाम गतिविधि सेवार्थ विद्यार्थी एसएफएस स्टूडेंट फोर सेवा के द्वारा सामाजिक सप्ताह के माध्यम से बिशनपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम घाटाडीह गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से अभाविप प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू उपस्थित रहे श्री मुर्मू ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही समाज हित में कार्य करते आ रही है और भविष्य में भी सामाजिक कार्य करते रहेगी। एसएफएस के प्रांत सह संयोजक अनीश राय ने कहा कि अभाविप गिरिडीह जिला के साथ-साथ पूरा प्रदेश भर में अब जोर शोर से सामाजिक कार्य करेगा वह चाहे मेडिकल सेवा के क्षेत्र में हो , साफ-सफाई के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो, धार्मिक क्षेत्रों में सामाजिक कार्य हो।

## सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तन गिरिडीह जिले के सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा प्रभात फेरी जागरूकता कार्यक्रम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के 21वें दिन के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के निर्देशानुसार आज प्रभात फेरी और स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगो के बीच वाहन चलाने वक़्त यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई, लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का जिला वासियों को संदेश दिया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन मोहम्मद वाजिद हसन ने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि अधिकांश वाहन दुर्घटनायें यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण होती है।

# पीवीयूएन लिमिटेड की सामुदायिक पहल : पतरातु क्षेत्र में किशोरियों के स्वास्थ्य व मासिक स्वच्छता को मिला नया संबल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पतरातु हजारीबाग।** समुदाय विकास और सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा पतरातु क्षेत्र में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं मासिक स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई। यह कार्यक्रम समावेशी सामाजिक विकास, स्वास्थ्य जागरूकता तथा क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों को निरंतर सहयोग प्रदान करने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इस अवसर पर एसएमएस की अध्यक्ष, पीवीयूएनएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), मेडिकल टीम तथा सीएसआर/सीडी टीम की उपस्थिति में एस.एस. हाई स्कूल, पतरातु एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पतरातु में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच कुल 10,000 सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण मासिक स्वच्छता उत्पादों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक संकोच और भ्रांतियों को कम करते हुए बालिकाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और विद्यालय में नियमित उपस्थिति को सशक्त बनाना भी इसका लक्ष्य है। पीवीयूएन लिमिटेड की यह पहल न केवल किशोरियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करेगी, बल्कि एक स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# सरस्वती पूजा को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण आयोजन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरकट्ठा हजारीबाग।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया द्वारा किया गया।

बैठक में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पुलिस अंचल निरीक्षक इमदाद अंसारी, प्रमुख रेणु देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, अंचल निरीक्षक अभिजीत कुमार राय, सुरेंद्र पासवान, एसआई देवदत्त कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर प्रभारी अंचलाधिकारी ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और शांति का संदेश देते हैं, इसलिए सरस्वती पूजा को भी आपसी सहयोग के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं बीडीओ ने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया ने स्पष्ट रूप से कहा कि पूजा के दौरान अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जुलूस केवल निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएंगे तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्षों से लंबित छात्रवृत्ति के अविलंब भुगतान की मांग




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आजसू छात्र संघ के आह्वान पर बुधवार को शिक्षा के लिए भीक्षा आंदोलन के तहत सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्थानीय अंबेडकर पार्क से पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। छात्र-छात्राओं ने समाहरणालय गेट को जाम किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए वर्षों से लंबित छात्रवृत्ति की अविलंब भुगतान की मांग की। आंदोलन के अंतिम क्रम में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि छात्रवृत्ति छात्रों का संवैधानिक अधिकार है। कोई कृपा या अनुदान नहीं। समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने के कारण हजारों छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र शिक्षा छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार छात्रवृत्ति नहीं देगी तो छात्र आजसू हेमंत सोरेन को हाउस अरेस्ट किया जाएगा। छात्रवृत्ति की राशि सरकार के पास होने के बावजूद छात्रों को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष बाबलू महतो ने कहा कि गरीब, दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्ग के छात्र सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षा के लिए भिक्षा मांगने की नौबत आ जाना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतुराज सहदेव ने कहा कि छात्र अपने हक की राशि के लिए आंदोलन कर रहे हैं, कोई भीख नहीं मांग रहे। पलामू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि पलामू सहित पूरे प्रमंडल के छात्र छात्रवृत्ति के अभाव में परेशान हैं। पढ़ाई, परीक्षा फॉर्म, हॉस्टल शुल्क तक देना मुश्किल हो गया है। यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की तो आने वाले दिनों में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मौके पर प्रदेश नेता प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय प्रभारी राणा हिमांशु सिंह, युवा प्रभारी राहुल मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## छात्र आजसू का संघर्ष जायज : चंद्रशेखर सिंह छोटू

आजसू के प्रदेश सचिव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार का कार्यकाल छात्रहित विरोधी रहा है। इसका असर विभिन्न स्कूल व कॉलेज के अध्यनरत विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति भुगतान दो वर्षों से लंबित है। आजसू पार्टी छात्र संघ के नेताओं ने पूरे झारखंड के हरेक जिला मुख्यालय में छात्रों को गोल बंद कर अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। लेकिन छात्र विरोधी सरकार अपने रेवड़ी योजना लूटाने में व्यस्त है। आने वाले भविष्य में गोल बंद हो रहे छात्रों का रोषपूर्ण प्रदर्शन व आंदोलन की ओर बढ़ते कदम सरकार को सीधा कर देगी। अविलंब सरकार को लंबित छात्रवृत्ति छात्रों को भुगतान करना चाहिए। इससे छात्र-छात्राएं नियमित रूप से अध्ययन कार्य कर सकें।

# रामदास आठवले से राकेश सिंह ने की समस्या के निराकरण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** एनडीए गठबंधन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण मंत्री रामदास आठवले के झारखंड आगमन पर मजदूर नेता झारखंड सह अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (रा) पलामू राकेश कुमार सिंह ने रांची एयरपोर्ट पर पुष्प गुच्छ देकर भगवान बिरसा मुंडा झारखंड की पावन धरती पर स्वागत किया। उन्होंने पलामू जिले के बंद कठौतिया कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अविलंब चालू करने की भी गुहार लगाई। साथ ही राजहरा सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगार, किसान, रैयत मजदूरों की समस्याओं से भी अवगत कराते हुए समस्याओं के निदान कर मजदूर हित में हकदार मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने की गुहार लगाई। राकेश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पूरे भारत सहित झारखंड के कल्याण हेतु कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। दलित, पिछड़ा, आदिवासी एवं अन्य वर्गों के लिए काफी मजबूती से योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसका विवरण केंद्रीय मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान राजकीय अतिथि शाला मोराबादी के प्रांगण में कही। उन्होंने कहा कि एनडीए मोदी सरकार 2014 के बाद पूरे भारतवर्ष सहित झारखंड के विकास में दिन दूना रात चार- गुना निरंतर विकास को धरातल पर उतरने का काम किया है। बहुत सारे जरूरी फंड मोदी सरकार ने हेमंत सरकार को उपलब्ध कराया है। परंतु राज्य का स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। भविष्य में एनडीए की सरकार झारखंड में बनेगी तो झारखंड का संपूर्ण विकास संभव होगा। मौके पर झारखंड प्रभारी चंदन कुमार शर्मा, रवि पांडेय, रोहित ताती, सुधीर रवानी, रितेश कुमार सिंह, हम पार्टी के भरत द्विवेदी सहित अन्य शामिल थे।

# बच्चे देश के भविष्य, इनसे खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जिला शिक्षा पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में गुणात्मक सुधार और प्रशासनिक अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी ने रतनी-फरीदपुर प्रखंड के विद्यालयों का सघन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में निर्धारित मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक शिथिलता उजागर हुई, जिस पर पदाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, शकुराबाद में शैक्षणिक वातावरण के अभाव, अध्यापन कार्य में अरुचि और मध्याह्न भोजन की निम्न गुणवत्ता जैसी गंभीर कमियां पाए जाने के फलस्वरूप वहां के समस्त शिक्षकों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इसी क्रम में, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन की अनधिकृत अनुपस्थिति, परिसर में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी तथा रखरखाव में बरती गई लापरवाही को देखते हुए वार्डन के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगाया गया है। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उचिटा में बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता और रसोई में व्याप्त गंदगी पर क्षोभ प्रकट करते हुए प्रधान शिक्षिका से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि बच्चों के भविष्य और उनके शैक्षणिक अधिकारों से समझौता करने वाले किसी भी स्तर के कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# आवासीय दर पर चिंयाकी के रैयतों को मिले अविलंब मुआवजा : रूचिर तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू समाहरणालय के समक्ष चियांकी के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ पलामू उपायुक्त के समक्ष अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एनएच 75 के चियांकी में सैकड़ों लोगों का घर व जमीन अधिग्रहण किया गया है। इसमें बहुत लोगों को मुआवजा की राशि मिली। परंतु 50 प्रतिशत लोगों को मुआवजा का राशि आवासीय न मिलकर के खेती योग जमीन का मिल रहा है। यह सीधे-सीधे रैयतों के साथ अन्याय है। जबकि एडिशनल कलेक्टर ने रैयतों को आवासीय दर पर भुगतान करने का आदेश भी दिया। परंतु उस आदेश को अंचलाधिकारी धत्ता बता रहे हैं। स्थानीय रैयतों को बिना मुआवजा का राशि दिए उनके आवास बुलडोजर लगाकर तोड़ा जा रहा है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पलामू उपायुक्त इस पर अभिलंब संज्ञान लेकर भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत रैयतों की जमीन का आवासीय दर-पर मुआवजा दिलवाएं। अन्यथा इन रैयतों को साथ लेकर जिला समाहरणालय को जाम किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रयागराज साहू, विनय शाव, महेंद्र साव, मुकेश कुमार साव, विजय प्रजापति संतोष प्रजापति सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# हुसैनाबाद पहुंचे पलामू आईजी शैलेंद्र सिन्हा अपराध नियंत्रण को ले दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने हुसैनाबाद स्थित एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुमंडलाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व विभिन्न थानों के प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पलामू आइजी ने विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन व पुलिसिया कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष व समयबद्ध जांच, अपराधियों पर कठोर कार्रवाई, नियमित गश्ती व आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करने पर जोर दिया। बिहार सीमा से सटे संवेदनशील क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने सीमावर्ती मार्गों पर चेकनाका, गहन जांच व चुनावी सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। आगामी हुसैनाबाद नगर पंचायत चुनाव को लेकर बाहरी हस्तक्षेप व अवैध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एसडीपीओ एस मोहम्मद याक़ूब, अनुमंडलाधिकारी गौरांग महतो, सर्किल इंस्पेक्टर विनोद राम सहित हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, देवरी ओपी व दंगवार ओपी के प्रभारी शामिल हुए।

# भूजल आज केवल संसाधन नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी : राजीव रंजन शुक्ला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भूजल संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत उपयोग को लेकर केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 20 जनवरी 2026 को विकास भवन, जहानाबाद में आयोजित हुई, जिसमें भूजल डेटा के प्रसार, एक्विफर मैपिंग तथा भूजल प्रबंधन योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय भूजल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भूजल आज केवल संसाधन नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है। इसके संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए नेशनल एक्विफर मैपिंग एंड मैनेजमेंट प्रोग्राम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति, उप विकास आयुक्त, जहानाबाद रहीं। उन्होंने जिले की राष्ट्रीय जलभृत प्रबंधन परियोजना रिपोर्ट एवं जिला संसाधन योजना पर प्रस्तुति देते हुए बताया कि भूजल प्रबंधन में सामुदायिक सहभागिता और विभागीय समन्वय समय की मांग है। उन्होंने सतत भूजल दोहन और सहयोगात्मक जल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डीआरडीओ के निदेशक, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीओ, मनरेगा, मिशन हरियाली, जल-जीवन-हरियाली अभियान सहित विभिन्न विभागों के लगभग 50 अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान भूजल डेटा साझा किया गया तथा सीजीडब्लयूए के तहत नियमन एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यशाला का समापन जल संरक्षण की शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने जल को अमूल्य धरोहर मानते हुए इसके संरक्षण का संकल्प लिया। 'जल ही जीवन है और उसका संरक्षण ही भविष्य है।' यह कार्यशाला इसी संदेश के साथ जिले के लिए एक नई दिशा तय करती नजर आई।

# पुलिस ने अभियान चलाकर किया अफीम की खेती को नष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसमार के जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग छह एकड़ में लगी फसल को विनष्ट किया गया। अभियान में पांकी थाना के पदाधिकारी पुअनि गोपाल कुमार राय, सअनि श्यामलाल यादव, सअनि रामनाथ मंडल, ताल पिकेट के पदाधिकारी सअनि सुनील सुभाष भेंगरा, पांकी थाना/ताल पिकेट के जवानों के साथ-साथ वन विभाग की संयुक्त टीम शामिल थी। अवैध अफीम/पोस्ता की खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। नाम-पता सत्यापन उपरांत संबंधित दोषियों के विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत वन विभाग द्वारा वन वाद दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा मादक पदार्थों की अवैध खेती के विरुद्ध आगे भी निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **(सीनि. डीईएन/3/हावड़ा) : क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 254_2025-26, दिनांक 20.01.2026, कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल : हावड़ा मंडल में सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत - 124768 घन मी :- अहमदपुर-कटवा : एलबीपी लूप 1 0-0.800 = 895 घन मी, एलबीपी लूप 3 0 - 0.800 = 882 घन मी, एसएल 0.760 - 5.700 = 28780 घन मी, 6.000 - 9.200 = 15136 घन मी, 12.000 - 16.000 = 20000 घन मी, 18.000 - 21.000 = 15000 घन मी, 29.000 - 29.950 = 8200 घन मी, 31.100 - 31.550 = 2822 घन मी, 33.750 - 35.100 = 9872 घन मी, 38.500 - 39.000 = 3135 घन मी, 40.000 - 48.000 = 12738 घन मी, 49.110 - 49.980 = 7308 घन मी। **अनुमानित लागत:** रु. 4,07,04,907.81; **बयाना राशि:** रु. 3,53,500। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 255_2025-26, दिनांक 20.01.2026, कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल : हावड़ा मंडल में सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत - 105218 घन मी :- बर्द्धमान-कटवा : बीसीएफ लूप 1 0 - 0.400 = 399 घन मी, बीसीएफ लूप 3 0 - 0.200 = 195 घन मी, एसएल - 32.200 - 34.000 = 1872 घन मी, 46.000 - 47.000 = 1152 घन मी, बैण्डेल-कटवा : डाउन 92.330 - 93.430 = 7500 घन मी, 98.480 - 98.580 = 660 घन मी, 99.480 - 99.615 = 945 घन मी, 103.160 - 104.395 = 8645 घन मी, अप 92.390 - 93.103 = 5990 घन मी, 98.404 - 98.630 = 1582 घन मी, 98.480 - 98.600 = 700 घन मी, 99.627 - 99.774 = 1071 घन मी, कटवा-आजिमगंज : डाउन 107.200 - 107.250 = 350 घन मी, 111.345 - 111.620 = 2118 घन मी, 115.550 - 116.230 = 4488 घन मी, 123.330 - 123.880 = 4620 घन मी, 124.325 - 124.670 = 2898 घन मी, 125.000 - 128.370 = 23590 घन मी, अप 108.540 - 108.925 = 1386 घन मी, 109.880 - 110.810 = 7161 घन मी, 110.910 - 111.685 = 5425 घन मी, 112.590 - 113.711 = 9417 घन मी, 115.550 - 116.232 = 5729 घन मी, 124.281 - 125.153 = 7325 घन मी। **अनुमानित लागत :** रु. 3,42,98,817.51; **बयाना राशि:** रु. 3,21,500। **समापन अवधि:** दोनों के लिए स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-553/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# शराब व वाहन जब्त, 39 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नवादा पुलिस द्वारा 20 जनवरी 2026 को व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा की ओर से जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार इस एकदिवसीय अभियान में कुल 39 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जबकि बड़ी मात्रा में शराब, वाहन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

अभियान के दौरान अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत 6, साइबर अपराध में 2, मध निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य विभिन्न मामलों में 21 गिरफ्तारियां की गईं। शराब के विरुद्ध कार्रवाई में 1056 लीटर महुआ शराब और 46.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त 65 वारंटों और चार कुर्की आदेशों का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत जिलेभर में 155 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियम उल्लंघन पर 32,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य बरामदगी में 1 मोटरसाइकिल, 1 जुगाड़ मशीन, 1 कार, 8 मोबाइल फोन, 24 फर्जी दस्तावेज, 1 पैन कार्ड, 1000 लीटर महुआ घोल तथा दो भट्ठियां शामिल हैं। महत्वपूर्ण मामलों में साइबर थाना द्वारा मोबाइल और सिम डेटा के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, वहीं गोविंदपुर, सिरदला, रजौली, काशीचक एवं रूपौ थाना क्षेत्रों में गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

## दो साइबर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए नवादा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये अभियुक्त बजाज फाइनेंस एवं मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी किया करते थे। साइबर थाना की टीम ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों के पास से चार एंड्रॉयड मोबाइल, चार कीपैड मोबाइल तथा 24 पेज का डेटाशीट बरामद किया है। बरामद डेटाशीट में ठगी से जुड़े कई अहम विवरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपितों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साइबर थाना द्वारा यह कार्रवाई की गई।



दो साइबर ठग गिरफ्तार


## आद्रा मंडल में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति

**अधिसूचना संख्या : सी-669/एसटीबीए/एडीआरए/2026/01 दिनांक: 20.01.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के नीचे बताई गई श्रेणी के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार। **आवेदन की प्रकृति:** स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति। **मूल्य:** कमीशन आधारित। **बयाना राशि:** ₹ 2000 एनएसजी 6 (प्रत्येक आवेदन के लिए)। **आवेदन पत्र की कीमत:** शून्य। **एसटीबीए की नियुक्ति के लिए स्थान:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में झँटीपहाड़ी, छतना, पियारडोबा, गोदपियाशाल, बगालिया, छर्रा, उरमा, बिरामडीह, नीमडीह, रुकनी, सुदामडीह, भोवरा, लयाबाद, मलकेरा, खानुडीह, टुपकाडीह, राधागांव, कोटशिला, गौरीनाथधाम और बोवाइचंडी एनएसजी-6 श्रेणी के स्टेशन। **नियम व शर्तें सहित आवेदन पत्र उपलब्ध:** आवेदन पत्र दिनांक 21.01.2026 से 20.02.2026 तक कार्य दिवसों को सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा के कार्यालय में उपलब्ध होगा या www.ser.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। **आवेदन जमा करने की तारीख और स्थान:** 20.02.2026 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच वरिष्ठ डी.सी.एम/आद्रा के कार्यालय में। **निविदा पेटी खुलने की तारीख और समय:** 20.02.2026 को अपराह्न 4.00 बजे। यदि वह दिन छुट्टी का दिन है या अप्रत्याशित कारणों से बंद है, तो अगले दिन। **कार्य का विवरण:** अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और सीजन टिकट की बिक्री। **श्रेणी:** एनएसजी-6 (प्रत्येक स्टेशन के लिए)। **यूटीएस काउंटर की संख्या (चौबीसों घंटे):** 01 (प्रत्येक स्टेशन के लिए)। **प्रतिभूति जमा :** ₹10,000 (प्रत्येक स्टेशन के लिए)। **रुपये 1 लाख से ज़्यादा के बिक्री कारोबार पर कमीशन की दर जिसे आवेदन में कोट करना होगा:** 0%-4% (प्रत्येक स्टेशन के लिए)। **आवेदक के लिए योग्यता मानदंड:** विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.ser.indianrailways.gov.in देखें।

(PR-1083) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
*मुस्कान के साथ सेवा*


# मिड-डे-मील में अनियमितता पर फूटा अभिभावकों का गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत परमेश्वर बीघा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे-मील व्यवस्था में कथित लापरवाही को लेकर मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। भरपूर और निर्धारित मानक के अनुरूप भोजन नहीं मिलने से नाराज छात्र-छात्राएं और अभिभावक विद्यालय परिसर के बाहर एकत्र हो गए और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कुछ देर के लिए स्कूल परिसर पूरी तरह अफरा-तफरी का केंद्र बन गया। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों को नियमित रूप से पूरा भोजन नहीं दिया जा रहा, जिससे वे भूखे घर लौटने को मजबूर हैं। जब बच्चों ने घर पहुंचकर इसकी शिकायत की, तो अभिभावकों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन एवं एमडीएम प्रभारी शिक्षक जितेंद्र कुमार पर मिड-डे-मील की राशि में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार मामले को दबा दिया गया। वहीं, एमडीएम प्रभारी शिक्षक ने सफाई देते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार भोजन दिया जाता है, हालांकि संसाधनों और व्यवस्था की कमी के कारण कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। उनकी इस दलील से अभिभावक संतुष्ट नजर नहीं आए। मामला तूल पकड़ने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि मिड-डे-मील बच्चों का संवैधानिक अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तत्काल जांच टीम गठित करने और दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर कठोर विभागीय कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# मंत्रोच्चार और भक्ति में डूबा पडरिया गांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के नारदीगंज पंचायत अंतर्गत पडरिया गांव (बिचली टोला) में आयोजित सात दिवसीय मां सरस्वती प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का दूसरा दिन पूरी तरह श्रद्धा, मंत्र और भक्ति की लहरों में डूबा रहा। मंगलवार को वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य लवकुश पांडेय तथा उनके सहयोगी सात विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत जलाधिवास संपन्न कराया। इस पावन अनुष्ठान में मां सरस्वती की प्रतिमा को गंगाजल में शयन कराया गया, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। यज्ञ के मुख्य यजमान अखिलेश कुमार सुमन एवं उनकी धर्मपत्नी हेमलता कुमारी सुमन ने पूरे विधि-विधान के साथ धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन किया। वहीं कथा वाचिका खुशी किशोरी जी ने श्रीमद्भागवत कथा का अत्यंत भावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने राजा परीक्षित और श्री शुकदेव जी के प्रसंग के माध्यम से बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा जीवन-मरण के बंधन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, पापों से उद्धार करती है और मानव को भवसागर से पार लगाती है।

# जनता की राय बनेगी विकास का पैमाना : डीएम

## अब फाइलों पर नहीं, जमीन पर दिखे काम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका असर आम लोगों की जिंदगी में साफ नजर आए–इसी उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने मंगलवार को जिले में संचालित विकास और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करें और जनता से सीधे फीडबैक लेकर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। डीएम ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं की सफलता का असली पैमाना फाइलों की रिपोर्ट नहीं, बल्कि जनता की संतुष्टि है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से आम लोगों से संवाद करें, उनकी समस्याएं सुनें और उसी के आधार पर कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया ताकि किसी भी स्तर पर काम अटकने न पाए।



बैठक में पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, भवन निर्माण, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायती राज, नगर विकास, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण सहित सौ से अधिक योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि जिले में सड़कों, पुलों और फ्लाईओवरों के निर्माण से यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। डीएम ने अधिकारियों को स्व-अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान यदि समय रहते कर लिया जाए तो बड़े विवादों से बचा जा सकता है।

उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न विभाग आपसी तालमेल बढ़ाएं और समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से करें। लोक शिकायत निवारण से जुड़े मामलों पर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया, ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके।

समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम के इस निर्देश को प्रशासनिक सख्ती के साथ-साथ जन-केंद्रित शासन की दिशा में बड़ा संदेश माना जा रहा है, जिससे विकास कार्यों में गति और पारदर्शिता दोनों बढ़ने की उम्मीद है।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की गयी जानें

**बक्सर।** बक्सर-चौसा-मोहनिया एनएच 319ए पर रोहिनीभान गांव के पास बुधवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी है। घटना दो तेज रफ्तार बाइकों की टक्कर से हुई है। एक बाइक पर कैमूर जिले कुढ़नी थाना के चड़ेस गांव के दो जबकि, दूसरी पर बक्सर मुफस्सिल थाना के बनारपुर गांव के तीन युवक सवार थे। किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। घटना के वक्त दोनों ही बाइकों की रफ्तार काफी तेज बतायी जा रही है। इनमें से एक बाइक टीवीएस की अपाची जबकि दूसरी राइडर थी।

टक्कर इतनी तेज और हादसा इतना भयावह था कि दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। एक और युवक की मौत इलाज के लिए भेजने के दौरान हुई है। शेष दोनों युवकों की हालत भी बेहद गंभीर बनी हुई है। मरने वाले युवकों में दो बनारपुर के जबकि एक कैमूर जिले का रहने वाला है। मृतकों में एक की पहचान कैमूर जिले का बनारपुर के सुभाष सिंह कुशवाहा के 22 वर्षीय पुत्र सूर्यदेव सिंह के रूप में हुई है।

# पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा विधायक पर ठोका मुकदमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले की राजनीति में एक बार फिर गरमागरम माहौल बन गया है। गढ़वा विधायक और भाजपा नेता सत्येंद्रनाथ तिवारी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर होने से सियासी हलकों में हलचल मच गई है। झारखंड के पूर्व मंत्री और झामुमो नेता मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को सीजेएम गढ़वा की अदालत में विधायक के विरुद्ध परिवाद पत्र दाखिल किया।

अदालत ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई है, जिस पर अब सभी की नजरें टिकी हुई हैं। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आरोप है कि विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने सार्वजनिक

### कानूनी दांव-पेंच और बयानबाजी से जिले की राजनीति में और तल्खी आने की आशंका

मंच पर उनके दिवंगत पिता स्वर्गीय कौशल किशोर ठाकुर के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणी की। इस बयान से न केवल उनके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची, बल्कि दिवंगत पिता की छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई। मुकदमा दायर करने से पहले पूर्व मंत्री ने विधायक को वकालतनामा नोटिस भेजा था। इसमें आपत्तिजनक बयान पर सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गई थी, ताकि विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हो सके। हालांकि, निर्धारित समयसीमा के अंदर विधायक की ओर से न तो कोई जवाब आया और न ही माफी मांगी गई।

विवश होकर पूर्व मंत्री ने सीजेएम गढ़वा की अदालत का रुख किया। अदालत में उनके पक्ष को वरिष्ठ अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी ने मजबूती से रखा।

यह घटना गढ़वा की सियासत में नया मोड़ लाई है। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी (भाजपा) और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर (झामुमो) के बीच पहले से ही तनातनी चल रही है। अब कानूनी दांव-पेंच और बयानबाजी से जिले की राजनीति में और तल्खी आने की आशंका है। सबकी नजरें अब अदालत की अगली सुनवाई पर हैं, जहां इस मामले का भविष्य तय होगा। क्या विधायक माफी मांगेंगे या मुकदमा लंबा चलेगा?

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना परिसर में सरस्वती पूजा एवं शबे बारात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने की, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी बिणा भारतीभी बैठक में मौजूद रहे बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह, भड़काऊ संदेश या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि पूजा पंडालों और संवेदनशील



स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा गश्ती बढ़ाई जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी बिणा भारती ने जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

बैठक में मौके पर पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, मुखिया राम चंद्र सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं पूजा समिति के सदस्य सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# जच्चा-बच्चा के शव को एम्बुलेंस में घंटों घुमाते रहे अस्पतालकर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** स्वास्थ्य व्यवस्था और मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला बिंद थाना क्षेत्र स्थित निजी नर्सिंग होम में सामने आया है। निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान लापरवाही ने 19 वर्षीय प्रसूता सोनम कुमारी और नवजात की जान ले ली। घटना के बाद अस्पताल कर्मी अपनी करतूत छिपाने के लिए शव को एंबुलेंस में रखकर चार घंटे तक यहां-वहां घुमाते रहे। जब उन्हें अपने बचाव का उपाय नहीं सूझा तो वे फरार हो गए।

इसमें एक आशा की भूमिका भी सामने आई है। थानेदार चंदन कुमार ने बताया कि बिचौलिये के माध्यम से मरीजों को निजी क्लिनिक तक पहुंचाने के खेल की जांच में पुलिस जुट गई है। नर्सिंग होम के सभी कर्मी फरार हो गए हैं। स्वजन की ओर से आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतका खानपुर गांव निवासी सचिन कुमार की पत्नी सोनम कुमारी है। उसका मायका शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना अंतर्गत स्थना गांव में है। एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार की शाम बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।

स्वजन का आरोप है कि वहां मौजूद आशा कार्यकर्ता ने उन्हें बहला-फुसाकर बेहतर इलाज का हवाला दिया और पास के ही एक नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। स्वजन के मना करने के बावजूद अस्पताल कर्मियों ने जबरन आपरेशन किया, जो जानलेवा साबित हुआ।

मौत के बाद नर्सिंग होम की संवेदनहीनता पराकाष्ठा पर रही। मृतका के चाचा अनिल पासवान ने बताया कि मौत को छिपाने के लिए आनन-फानन में जच्चा-बच्चा को पटना रेफर करने का नाटक किया गया।

एंबुलेंस कर्मी करीब चार घंटे तक शव को लेकर सड़कों पर घूमते रहे।

हद तो तब हो गई जब पेट्रोल पंप पर एंबुलेंस बदलकर शव को वापस लाकर छोड़ दिया गया और डाक्टर व कर्मी फरार हो गए। गौर हो कि बिंद पीएचसी के ठीक बगल में बिना निबंधन नर्सिंग होम का संचालन हो रहा था। नर्सिंग होम के बोर्ड पर कई डाक्टर के नाम लिखे हैं, लेकिन घटना के बाद कोई भी सामने नहीं आया। आपरेशन के लिए 25 हजार रुपये की मांग भी की गई थी।

बिंद पीएचसी प्रभारी डा. उमाकांत ने बताया कि आशा कार्यकर्ता की पहचान की जा रही है। फिलहाल, वह फरार है।

साथ ही अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम की भी जांच की जा रही है। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि कब से अस्पताल के बगल में नर्सिंग होम का संचालन हो रहा था। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया।


## चोरी कांड के आरोपित को भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पुलिस ने चोरी कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के रामचक गांव से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने मामला थाना में दर्ज कराया गया था।पुलिस मामले की गम्भीरता से अनुसंधान करते हुए इस मामले में सुजीत कुमार, गौतम कुमार एवं सौरभ कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# घुड़दौड़ प्रतियोगिता में नालंदा का रहा जलवा

### देशभर से 66 घुड़सवारों ने प्रतियोगिता में लिया था हिस्सा



### 24 जनवरी को घुड़सवार को किया जायेगा सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** गुजरात के कच्छ जिले में पाकिस्तान सीमा के निकट वेकरिया रण में 18 जनवरी को आयोजित भव्य घुड़दौड़ प्रतियोगिता में नालंदा जिले के एकंगरसराय ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

इस रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन राम रहीम अश्व मंडली ने किया, जिसमें देशभर से नामी घोड़े और अनुभवी घुड़सवार शामिल हुए। प्रतियोगिता में दो दांत वाले घुड़दौड़ वर्ग को सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी माना गया, जिसमें पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और बिहार से कुल 66 घोड़ों ने भाग लिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एकंगरसराय निवासी अरुण सिंह के स्वामित्व वाले घोड़े नालंदा सूरज ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जिससे नालंदा और पूरे बिहार का नाम रोशन हुआ।

इस ऐतिहासिक जीत में घुड़सवार हंसराज की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। रेतीले रण क्षेत्र में उन्होंने शानदार संतुलन और अनुभव का परिचय दिया। दौड़ के अंतिम चरण में ह्यनालंदा सूरजह्व ने तेजी और मजबूती के साथ बढ़त बनाई, जिसने दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया।

आयोजकों के अनुसार, इस घुड़दौड़ महोत्सव में पांच प्रकार की दौड़ों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 285 घोड़ों ने भाग लिया। अरुण ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए घोड़े को विशेष रूप से तैयार किया गया था। लाखों रुपये खर्च कर नालंदा सूरज को ट्रक से गुजरात भेजा गया।

24 जनवरी को एकंगरसराय में घोड़े के स्वागत के लिए समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अरुण और हंसराज को सम्मानित किया जाएगा।

# जिले में अवैध हथियार निर्माण अब ले रहा संगठित स्वरुप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में अवैध हथियार निर्माण अब संगठित और बेखौफ नेटवर्क का रूप ले चुका है। बीते तीन महीनों के भीतर जिले में दूसरी बार अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा होना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। लगातार हो रही पुलिसिया कार्रवाई के बावजूद इस धंधे का जारी रहना सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ताजा मामला तियर थाना क्षेत्र के उतरदाहां गांव का है। इससे पहले इमादपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में भी अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया था। उस दौरान पुलिस ने हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

इसके बावजूद तियर थाना क्षेत्र में एक और मिनी गन फैक्ट्री का सामने आना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अपराधी पुलिस कार्रवाई से सबक लेने को तैयार नहीं हैं और अवैध हथियार निर्माण का नेटवर्क गहराई तक फैला हुआ है। कम लागत में अधिक मुनाफा भी इसका एक बड़ा कारण है।

देसी कट्टा पांच से छह हजार एवं देसी पिस्टल 20 से 25 हजार रुपये में आसानी से बेच देते हैं, जो आसानी से अपराधियों तक पहुंच जाता है। यह स्थिति कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। वैसे एसपी राज के निर्देश पर लगातार अवैध हथियारों की तस्करी एवं प्रदर्शन पर लगातार प्रहार किया जा रहा है।

15 अक्टूबर 2025 को इमादपुर निवासी रमेश शर्मा के झोपड़ीनुमा घर में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का पदार्फाश किया गया था और संचालक समेत तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के दौरान एक अर्द्धनिर्मित पिस्तौल, हथियार का बट, औजार और लेथ मशीन बरामद किया गया था।

पुलिस टीम ने टीम ने पहले अनुज कुमार को एक देसी पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में पता चला था कि प्रिंस कुमार और दिलीप कुमार ने भी रमेश शर्मा से अवैध हथियार खरीदे थे। टीम ने छापेमारी कर दोनों को भी धर दबोचा था।

19 जनवरी 2026 की रात तियर थाना क्षेत्र के उतरदाहां गांव में संचालित एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने संचालक समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपितों में धनजी शर्मा एवं उसकी मां प्रभावती देवी शामिल है।

इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी की है। पुलिस ने दो देसी कट्टा एवं छह अर्धनिर्मित कट्टा समेत, दो खोखा, एक पिलेट, एक कारतूस, एक विद्युत ड्रिल मशीन (मोटर), एक साइकिल सहित हथियार बनाने में प्रयुक्त भारी मात्रा में पुर्जे और अन्य उपकरण बरामद किया था?

## जिला बनेगा औद्योगिक हब

**गयाजी।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सभागार में उद्योग वार्ता की गई। इसमें उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, कच्चे माल एवं तैयार उत्पादों के सुगम परिवहन के लिए संपर्क पथ की चौड़ीकरण, ड्रेनेज, बियाडा भूमि की दर कम करने, मानपुर क्षेत्र में भूमि दखल हस्तांतरण से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। डीएम ने कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों से वार्ता की जा रही है। उनके सुझाव एवं समस्या का समाधान तेजी से कराया जा रहा है, ताकि आने वाले दिनों में गया जिले में बड़े पैमाने पर उद्योग एवं व्यापार का हब बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि गया जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हर स्तर पर उद्यमियों की मदद की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा भी उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिला उद्योग पदाधिकारी के माध्यम से जिले के प्रखंडों में कौन-कौन प्रकार का किन क्षेत्र में क्या-क्या उद्योग वर्तमान में चल रहे हैं।

# नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत सुशासन पर दाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सुशासन की छवि के लिए जाने जाते हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार और उसे सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जनता ने उन्हें कई बार ऐतिहासिक जनादेश दिया। किंतु पटना के एक गर्ल्स हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा गायत्री की रहस्यमय और दर्दनाक मौत ने इस सुशासन की अवधारणा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो चुका है कि गायत्री के साथ दुष्कर्म हुआ था। इसके बावजूद पुलिस अधिकारियों द्वारा मीडिया के समक्ष भ्रामक और असत्य बयान दिए गए। इतना ही नहीं, इस पूरे मामले में चिकित्सकीय भूमिका पर भी गंभीर संदेह है, जिससे यह आशंका और गहरी होती है कि सच्चाई को दबाने का संगठित प्रयास किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार के पुलिस महानिदेशक ने एसआईटी का गठन किया और तत्कालीन वरीय पुलिस अधीक्षक को जांच से अलग कर दिया। किंतु किसी एक अधिकारी को जांच से हटाना दंड नहीं कहा जा सकता। यह केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता है। प्रश्न यह है कि जिन पुलिस अधिकारियों ने गलत बयानबाजी की, क्या उन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई होगी?

यह स्पष्ट है कि कुछ पुलिस अधिकारियों ने दुष्कर्मियों को बचाने का प्रयास किया। आज भी पुलिस इस जघन्य अपराध की सच्चाई को सामने लाने में असफल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि असली आरोपियों तक पहुँचने के बजाय बलि का बकरा तलाशा जा रहा है।

यदि दोषी पुलिस अधिकारियों और संलिप्त चिकित्सकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला केवल एक बेटी के साथ हुए अन्याय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह बिहार के सुशासन पर लगा एक स्थायी दाग बन जाएगा।

## शौचालय निर्माण को ले जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीशचंद्र प्रसाद ने की। बैठक की शुरूआत पूर्व की बैठक की समीक्षा से हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बीइओ को प्रखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शौचालय सफाई कराने वाले एजेंसी के बारे में पूछने पर बीइओ ने जानकारी नहीं होने का जबाब देने पर विधायक व सदस्यों ने नाराजगी जाहिर किया।सदस्य सुबोध कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र में सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से काम करने व एक्सरे मशीन को लेकर सीएस को लिखने का मामला उठाया। स्वास्थ्य केंद्र में कितने आशा की बहाली किया गया उसकी सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। आशा बहाली में फजीर्वाड़ा की जांच को लेकर तीन सदस्यीय टीम बनाकर जांच करने को कहा गया। जिसका सदस्य एमओआईसी नहीं होंगे। उपाध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव को लेकर आई प्रसूता से राशि लिए जाने का मामला उठाया। नलजल योजना के तहत पाइप बिछाने को लेकर गली में तोड़ा गया ढ़लाई को एक सप्ताह के अंदर सभी जगहों को मरम्त करने का निर्देश विधायक हरिनारायण सिंह ने दिया। साथ ही विधायक ने नगरनौसा बस स्टैंड के पास शौचालय निर्माण को लेकर जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश सीओ को दिया साथ ही गलत तरीके से कट रहे रसीद को रद्दीकरण को लेकर एडीएम को प्रस्ताव भेजने को लेकर सीओ को कहा। नगरनौसा में अतिक्रमण हटाने पर सीओ ने कहा कि अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिश जारी कर दिया गया है। पांडेय, सदस्य पिंटू कुमार, प्रणव देव आनंद, कुशरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार,देवरत्न सिंह, सुभाष राम, सत्येंद्र ठाकुर, चंद्रमणि सिंह, बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येंद्र प्रसाद, एमओआईसी डॉ धनेश कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि शेखर, थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दारोगा और पीटीसी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले में रिश्वत लेते समय निगरानी विभाग की छापेमारी के दौरान फरार हुई महिला अवर निरीक्षक (दारोगा) रचयिता भारती और पीटीसी संगीता देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर की गई है। बताया गया कि 13 दिसंबर 2025 को निगरानी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए होमगार्ड जवान योगेन्द्र साह को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसी दौरान महिला थाना में पदस्थापित एसआई रचयिता भारती मौके से फरार हो गई थीं। जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवान योगेन्द्र साह महिला दरोगा के कहने पर ही रिश्वत की राशि वसूल रहा था। दहेज प्रताड़ना के इस मामले की जांच का जिम्मा भी रचयिता भारती को ही सौंपा गया था। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि निगरानी विभाग द्वारा दर्ज प्राथमिकी में महिला दरोगा रचयिता भारती और पीटीसी संगीता देवी को अभियुक्त बनाया गया है।

## दारोगा परीक्षा की तैयारी कर रहा छात्र ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल।** शहर के वार्ड संख्या 9 में बिहार पुलिस दारोगा की तैयारी कर रहे एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उक्त वार्ड निवासी परमेश्वर प्रसाद गुप्ता के पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी अभिषेक कुमार ने दी।

उन्होंने बताया गया कि अजय रक्सौल में रहकर दारोगा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके पिता एसएसबी में जवान हैं और वर्तमान में असम के गुवाहाटी में तैनात हैं। वहीं, मृतक की मां मुन्नी देवी भी करीब एक माह पूर्व गुवाहाटी गई हुई थीं। घर में अजय अपने छोटे भाई के साथ रहता था।

घटना की जानकारी उस समय हुई जब छोटा भाई परीक्षा से लौटने के बाद अजय के कमरे का दरवाजा खटखटाने लगा। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा, जहां अजय को पंखे से लटका पाया। यह दृश्य देख वह चिल्लाने लगा।

उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के चाचा ने बताया कि दोनों भाई घर में रहकर पढ़ाई करते थे। उन्होंने बताया कि रविवार को छोटे भाई की स्नातक की परीक्षा थी, जिस कारण वह घर से बाहर गया हुआ था। परीक्षा से लौटने के बाद ही घटना का पता चला।

परिजनों के अनुसार, आत्महत्या का कारण प्रेम-प्रसंग हो सकता है। चाचा ने बताया कि प्रथम दृष्टया पढ़ाई के दबाव जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। मृतक के मोबाइल फोन की जांच में एक युवती से बातचीत के साक्ष्य मिले हैं, जिससे प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका जताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को भी सूचना दी गई है।

# क्षेत्र में विदेशी सैलानी पक्षियों की संख्या बढ़कर हुई 12,887

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वाल्मीकिनगर।** चितवन राष्ट्रीय निकुंज द्वारा ठंड के मौसम में उत्तरी गोलार्ध के देशों से आने वाले विदेशी मेहमान जल पक्षियों की वार्षिक गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंगलवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नवलपरासी जिला स्थित गंडक (नारायणी) नदी क्षेत्र में इस वर्ष 42 प्रजातियों के विदेशी जल पक्षी पाए गए हैं। ये पक्षी मुख्य रूप से साइबेरिया, उज्बेकिस्तान, चीन सहित अन्य ठंडे देशों से प्रवास कर यहां पहुंचे हैं।

चितवन राष्ट्रीय निकुंज के पश्चिम सेक्टर के पक्षी गणना संयोजक डी. वी. चौधरी ने बताया कि गंडक नदी एवं आसपास के क्षेत्रों में की गई गणना के दौरान इस वर्ष 42 प्रजातियों के जल पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई है।उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की गणना में 41 प्रजातियों के विदेशी पक्षी पाए गए थे। इस प्रकार न केवल



प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है, बल्कि कुल पक्षियों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है।

गंडक नदी एवं आसपास के जलाशयों में पक्षी गणना के लिए पांच समूहों की टोली बनाई गई थी। इन समूहों ने सिंधरौली से अमलतारी, सिंधरौली से पिथौली, पिथौली से अमलतारी तथा अमलतारी से त्रिवेणी स्थित गंडक बराज तक अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे किया।

अनुभवी पक्षी विशेषज्ञों की टीम द्वारा दूरबीन और मानक गणना पद्धति के माध्यम से जल पक्षियों की गिनती की गई। पक्षी विशेषज्ञ समूह द्वारा उपलब्ध कराए गए

आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष गंडक नदी क्षेत्र में कुल 12,887 विदेशी मेहमान पक्षियों की गणना की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी क्षेत्र में 9,458 विदेशी पक्षी पाए गए थे। इस प्रकार इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 3,339 अधिक पक्षी दर्ज किए गए हैं।

विदेशी मेहमान पक्षियों की बढ़ती संख्या से पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञों में काफी उत्साह है। विशेषज्ञों का मानना है कि चितवन राष्ट्रीय निकुंज द्वारा गंडक नदी और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, नदी की नियमित सफाई तथा जलीय जीवों के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

स्वच्छ जल, सुरक्षित पर्यावरण और शांत वातावरण के कारण गंडक नदी क्षेत्र विदेशी पक्षियों के लिए अनुकूल आशियाना बनता जा रहा है। यही वजह है कि हर वर्ष यहां प्रवासी पक्षियों की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है।

# कृषि निर्यात में बिहार की ऐतिहासिक छलांग, 2 मीट्रिक टन मिथिला मखाना दुबई रवाना

## बिहार के किसानों एवं कृषि विभाग की बड़ी उपलब्धि : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार ने कृषि निर्यात के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार जीआई-टैग मिथिला मखाना का समुद्री मार्ग से पूर्णिया जिला से दुबई के लिए सफलतापूर्वक निर्यात किया। 2 मीट्रिक टन की यह ऐतिहासिक खेप 21 जनवरी 2026 को भेजी गई। यह निर्यात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, बिहार सरकार तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), पटना के सहयोग से हुआ। मिथिला मखाना जिसे भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त है। बिहार के मिथिला क्षेत्र का पारंपरिक एवं पोषक कृषि उत्पाद है। समुद्री मार्ग से इसका सफल निर्यात यह दर्शाता है कि बिहार अब अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग, ट्रेसबिलिटी और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो चुका है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव की अध्यक्षता में एक वर्चुअल फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि जीआई-टैग उत्पादों का निर्यात किसानों की आय बढ़ाने और राज्य की वैश्विक पहचान मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कृषि मंत्री ने मखाना के दुबई निर्यात को सफल बनाने में सहयोग के लिए एपीडा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मखाना को वैश्विक पहचान मिली है जिससे भारतीय कृषि उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सशक्त रूप से स्थापित हो रहे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मखाना जैसे विशिष्ट उत्पादों के माध्यम से विकसित बिहार और विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि निर्यात से मखाना मूल्य श्रृंखला से जुड़े किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और कृषि उद्यमियों को नए बाजार अवसर प्राप्त होंगे तथा भविष्य में बिहार से अन्य जीआई-टैग और मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों के निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि यह निर्यात बिहार के किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं मील का पत्थर सिद्ध होने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच स्थापित होने से मखाना उत्पादक किसानों को उनके उत्पाद का उचित और लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा जिससे उनकी आय में निरंतर एवं स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस समारोह में नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग, डॉ. बीरेंद्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग अभिषेक देव, अध्यक्ष, एपीडा शैलेन्द्र कुमार, विशेष सचिव-सह-निदेशक (कृषि विपणन), अभिषेक कुमार, निदेशक, उद्यान एवं प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य उद्यान मिशन/बिहार फल एवं सब्जी विकास निगम अंशुल कुमार, जिलाधिकारी, पूर्णिया डॉ. सुधांशु, सचिव, एपीडा, डॉ. तरुण बजाज, निदेशक, बीईडीएफ, एपीडा तथा श्रीमन प्रकाश विजय, उप महाप्रबंधक, एपीडा शामिल थे।

# नराकास (उपक्रम) पटना के तत्वावधान में पावरग्रिड द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के राजभाषा अनुभाग द्वारा नराकास (उपक्रम) पटना के तत्वावधान में भव्य कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन) विष्णु प्रकाश श्रीवास्ताव एवं रजत प्रसाद, वरि. महाप्रबंधक (मा.सं.) तथा सुनिल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (मा.सं.), भारत संचार निगम लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तथा कर्मचारियों को हिंदी प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना था। कविता पाठ प्रतियोगिता में नराकास (उपक्रम) पटना के विभिन्न सदस्य कार्यालय के प्रतिभागियों ने अपने कविता पाठ से सभी का मन मोह लिया एवं उन्होंने अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण एवं विचारोत्तेजक कविताओं एवं गीतों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविताओं में राष्ट्रभाव, सामाजिक सरोकार, हास्य-व्यंग्य एवं मानवीय संवेदनाओं की प्रभावशाली अभिव्यक्ति देखने को मिली जिसे उपस्थित श्रोताओं ने भरपूर सराहा। कविता पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में आनंद बिहारी, सत्राची फाउंडेशन एवं विजय कुमार पाण्डेय, वरि. राजभाषा अधिकारी, यूनियन बैंक शामिल थे एवं उन्होंने कविता पाठ प्रतियोगिता के आयोजन पर पावरग्रिड को बधाई दी एवं सभी प्रतिभागियों के प्रतिभा का लोहा माना। रंजीत कुमार, कार्यपालक सचिव (राजभाषा), पावरग्रिड ने स्वागत संबोधन किया एवं कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आलोक सुमन दुबे, सदस्य सचिव, नराकास (उपक्रम), पटना एवं सभी सदस्य कार्यालय के राजभाषा अधिकारी एवं प्रभारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित प्रतिभागियों, मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के साहित्यिक गतिविधियों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया।

# मुख्यमंत्री को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाणन का प्रमाण-पत्र किया गया भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स के प्रतिनिधियों ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किए गए विभागीय सुधार एवं नवाचार हेतु अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन का प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। ज्ञातव्य है कि बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह प्रमाणन इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स द्वारा 12 जनवरी 2026 को सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर को प्रदान किया गया है जो वर्ष 2029 तक वैध रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों में कार्यस्थल के नवीनीकरण, सुव्यवस्थितीकरण, विभागीय कार्य प्रणाली में आमूल-चूल सुधार, पारदर्शिता तथा नवाचार को प्राथमिकता देते हुए आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयास किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मोहम्मद सोहैल, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव संजय कुमार, इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स के डी0जी0एम0 तरूण स्वरूप एवं आफताब आलम सहित सामान्य प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जनता के प्रति जवाबदेही से ही लोकतंत्र विश्वसनीय : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार उत्तर प्रदेश विधान सभा, लखनऊ में आयोजित 86 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्लेनरी सत्र में अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह विषय शासन की आत्मा से जुड़ा हुआ है। जनता के प्रति जवाबदेही से ही लोकतंत्र की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुदृढ़ होती है। लोकतंत्र में सत्ता का स्रोत जनता होती है और विधायिका जनता की इच्छा की प्रतिनिधि संस्था के रूप में उसके प्रति उत्तरदायी रहना अपना मूल दायित्व मानती है। इस जवाबदेही के तीन आधार हैं- पारदर्शिता, निगरानी और नागरिक सहभागिता। विधायिका की जवाबदेही का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आधार पारदर्शिता है। सदन की कार्यवाही, विधायी बहसें, प्रश्नोत्तर, समितियों का प्रतिवेदन और विधेयकों पर विचार- ये सभी प्रक्रियाएं जितनी अधिक खुली और सुलभ होंगी, जनता का विश्वास उतना ही सुदृढ़ होगा। आज प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्यवाही का सीधा प्रसारण, डिजिटल अभिलेख और सार्वजनिक पोर्टलों पर सूचनाओं की उपलब्धता ने विधायिका और नागरिकों के बीच की दूरी को कम किया है। **जवाबदेही का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है-** निगरानी और नियंत्रण। विधायिका का दायित्व है कि वह कार्यपालिका की नीतियों, व्यय और प्रशासनिक निर्णयों की प्रभावी समीक्षा करे। हमारी प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली में लोक महत्व के विषय उठाने और सरकार को स्थिति स्पष्ट करने के लिए बाध्य करने के कई उपकरण निर्धारित हैं। प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव और समितियों की भूमिका इसी उद्देश्य की पूर्ति करती हैं जब ये उपकरण सक्रिय और सार्थक ढंग से प्रयुक्त होते हैं, तब शासन अधिक उत्तरदायी और संवेदनशील बनता है। समितियों के सुझाव न केवल प्रशासनिक सुधार को बढ़ावा देती है, बल्कि जनता के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित करती है।जवाबदेही विधायकों के व्यक्तिगत आचरण और नैतिक उत्तरदायित्व से भी जुड़ी है। सदस्यों का यह कर्तव्य है कि वे सदन में तथ्यपरक, मर्यादित और जनहित-केन्द्रित विमर्श करें। तीसरा बिंदु यानी नागरिक सहभागिता भी जवाबदेही को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है। जन-संवाद और मीडिया के माध्यम से जनमत की अभिव्यक्ति- ये सभी विधायिका को जनता की अपेक्षाओं से जोड़ते हैं जब नागरिक सक्रिय होते हैं और विधायिका संवाद के लिए तत्पर रहती है, तब लोकतंत्र जीवंत और सशक्त बनता है। इसके अलावा डिजिटल तकनीकी और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस ने अधिकार और जवाबदेही दोनों को सहज बनाया है। इनसे सीखना भी होगा और इनके माध्यम से अपने दायित्व का निर्वहन भी करना होगा। मैं यह कहना चाहूंगा कि जनता के प्रति जवाबदेही कोई औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता का मूल तत्व है। विधायिका जितनी अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील होगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। बिहार विधान सभा इस मूल भावना के साथ निरंतर कार्यरत है और भविष्य में भी जनता के विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।



# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के दस वर्ष पूर्ण होने पटना में 'बिल्ड द स्किल' विषय पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तत्वावधान में आज पटना में 'बिल्ड द स्किल' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलखन खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनते जा रहे हैं और आने वाले समय में बिहार की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में स्टार्टअप्स की अहम भूमिका होगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध स्टार्टअप मेंटर एवं एंजेल इन्वेस्टर हरि बाल सहुश्रुम ने कहा कि वर्ष 2026 तक भारत में स्टार्टअप्स की संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप्स के माध्यम से देश में अब तक 21 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सिडबी, बिहार की महाप्रबंधक अनुपा प्रसाद उपस्थित रहीं। उन्होंने सिडबी द्वारा स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय योजनाओं और सहयोगात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।




# प्रेम यूथ फाउंडेशन में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और जनसामान्य को ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रखंड के गोबिंदपुर स्थित प्रेम यूथ फाउंडेशन में एक डिजिटल शिक्षा सह साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फतुहा एसडीपीओ 1अवधेश प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक शशांकी प्रिया, वरिष्ठ पत्रकार बिष्णु नारायण चौबे एवं फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। साइबर विशेषज्ञ एसडीपीओ अवधेश प्रसाद ने साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला जिनमें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी ठगी, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन और सोशल इंजीनियरिंग शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से तत्काल सूचना देकर राहत प्राप्त की जा सकती है। एसआई शशांकी प्रिया ने फेक लिंक और डिजिटल भुगतान से जुड़ी ठगी के तरीकों की गहन जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया कि कैसे यूपीआई फ्रॉड, फेक कॉल, एसएमएस स्कैम और फिशिंग ईमेल के जरिए नागरिकों को ठगा जाता है। वरिष्ठ पत्रकार बीएन चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।




# रांची-नई दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड पर स्थित मोहम्मदगंज स्टेशन पर गाड़ी सं. 12877/12878 रांची-नई दिल्ली-रांची गरीबरथ एक्सप्रेस का 23 जनवरी 2026 से प्रायौगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया। 23 जनवरी 2026 से गाड़ी सं. 12877 रांची-नई दिल्ली गरीबरथ एक्सप्रेस 22.49 बजे मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचेगी और 22.51 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 12878 नई दिल्ली-रांची गरीबरथ एक्सप्रेस 03.36 बजे मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचेगी और 03.38 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# स्वच्छता एवं सफाई पर आधारित निबंध, क्विज तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान हाजीपुर के द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली (बिहार) में किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित लगभग 130 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर आधारित वीडियो दिखाया गया। इसके उपरांत स्वच्छता एवं सफाई विषय पर आधारित निबंध, क्विज तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता जागरूकता से संबंधित नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उपहार गिववेज प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जितेंद्र कुमार ने स्वच्छता कार्यक्रम के लिए पी.एम. जे.एन.वी. विद्यालय के चयन हेतु आई.एच.एम. हाजीपुर एवं पर्यटन मंत्रालय का धन्यवाद किया तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के बीच एक सकारात्मक संदेश जाता है और वे स्वच्छ रहने के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण बनाने के गुण भी सीखते हैं। नीलिमा वर्मा (उप-प्राचार्य, पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, वैशाली) ने स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा इसकी उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। अनुपम कुमार (वरिष्ठ व्याख्याता, आई.एच.एम. हाजीपुर) ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छता एक्शन प्लान पर आधारित भारत में होने वाले नवीन कौशल एवं तरीकों जैसे–कचरा प्रबंधन, सीवेज वॉटर ट्रीटमेंट, रीसाइक्लिंग आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी देना एवं उन्हें जागरूक करना है। सुमित चटर्जी (विभागाध्यक्ष) ने कहा कि स्वच्छता आतिथ्य सत्कार की रीढ़ है और इस योजना के माध्यम से छात्र राष्ट्रीय विरासत का सम्मान करने वाले जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार हो रहे हैं। नीरज कुमार (व्याख्याता) ने विद्यार्थियों के कौशल प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें स्वच्छता की नई तकनीकों एवं कौशल से जागरूक करने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक स्वच्छ एवं स्वागतयोग्य भारत की छवि प्रस्तुत होगी। मुर्तजा कमाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है जिसे 21 जनवरी 2026 को पी.एम. श्री जे.एन.वी. हाजीपुर में आयोजित करने के बाद 30 जनवरी एवं 6 फरवरी को पटना एवं सोनपुर के विद्यालयों में भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता आधारित योजनाओं एवं उनके महत्व को ऑडियो-विजुअल माध्यम से साझा किया जाएगा तथा पर्यटकों के साथ अच्छे व्यवहार एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जे.एन.वी. वैशाली के फैकल्टी अमरेंद्र कुमार एवं डॉ. चंद्र माधव सहित आई.एच.एम. हाजीपुर के छात्र सर्वजीत, सचिन, विवेक, शहरयार, मनीष आदि का भरपूर सहयोग रहा तथा मंच संचालन सौम्या सौरव ने किया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है। नवीन जी की पहचान एक युवा, ऊर्जावान और कर्मठ नेता की रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि नितिन नवीन अपने संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए इस महती भूमिका का निर्वहन कुशलतापूर्वक करेंगे। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।

# एसडीएम की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चंदन कुमार ने की। इस बैठक में पालीगंज एसडीपीओ-1 राजीव चंद्र सिंह, पालीगंज अंचल अधिकारी महेश कुमार, बिक्रम अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष सुमन कुमार सहित अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सरस्वती पूजा भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पूजा के दौरान डीजे बजाने और अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सरकारी व निजी विद्यालयों में पूजा के नाम पर किसी भी प्रकार की अशोभनीय गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने सभी स्कूल संचालकों और प्रधानाध्यापकों से अपील की कि वे अपने-अपने संस्थानों में पूजा के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई छात्र शरारत करता है तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। अधिकारियों ने बच्चों से भी अपील की कि वे सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण, अनुशासित और भक्तिमय वातावरण में मनाएं। ताकि पर्व की गरिमा बनी रहे।



# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चंदन कुमार ने एक समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक अनुमंडल कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं स्कूल संचालक शामिल हुए। बैठक में एसडीएम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, झंडोत्तोलन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए गौरव का दिन है, इसलिए समारोह में अनुशासन और देशभक्ति की भावना झलकनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी को समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। इस अवसर पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, डीसीएलआर जनक कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक आभा कुमारी, पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार,सहित स्कूल संचालक उपस्थित थे।



CMYK

## संपादकीय

# स्वच्छ ईंधन की चेतावनी, निवेश नहीं बढ़ा तो जलवायु संकट और गहराएगा

जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं। वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दिनांक 1 फरवरी 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारतीय संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के आर्थिक विकास से सबंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़े 7 जनवरी 2026 को जारी किए गए है। इस अनुमान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। सकल घरेलू उत्पाद से सम्बंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़ों के आधार पर ही वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आर्थिक विकास से सम्बंधित द्वितीय अग्रिम अनुमान 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाने हैं।**

# टैरिफ के बावजूद वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर छू सकती है नई ऊचाइयां

(प्रह्लाद सबनानी )

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से आगे बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के कुछ मुख्य कारणों में शामिल हैं - (1) केंद्र सरकार के स्थिर उपभोग खर्च (Govt Fi&ed Consumption E&penditure) में वृद्धि दर जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.3 प्रतिशत की रही थी, वह बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (2) विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.0 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (3) सकल मान योग (Gross Value Addition) में वृद्धि दर का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है; (4) सकल स्थिर पूंजी निर्माण (Gross Fi&ed Capital Formation) में वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है; (5) सेवा एवं कृषि क्षेत्र में क्रमश~ 9.1 प्रतिशत एवं 3.1 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की गई है; (6) भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर का 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना होना भी शामिल है। अप्रेल 2025 से नवम्बर 2025 के खंडकाल में राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के कुल अनुमान का 62.3 प्रतिशत है, अतः बजटीय घाटा भी अभी तक नियंत्रण में ही रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत होगा। इस प्रकार केंद्र सरकार की आय एवं व्यय से सबंधित स्थिति भी पूर्णत~ नियंत्रण में है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए



50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दरअसल ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ को वित्तीय बाजार में बहुत गम्भीरता से लिया जाकर इसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को बहुत बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया है। परंतु, वास्तव में भारत के आर्थिक विकास दर पर इसका प्रभाव लगभग नहीं के बराबर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका को भारत से होने वाले निर्यात की कम मात्रा भी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विभिन्न वस्तुओं के निर्यात हुए थे, जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। अतः भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.85 प्रतिशत ही रहे हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है ही नहीं (चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है, इसीलिए चीन पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव अधिक हो सकता है), भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः आंतरिक उपभोग पर आधारित है। यदि भारत के नागरिक स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक सेवन करते हैं तो ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को शून्य भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी भारतीय समाज को लगातार प्रेरणा दी जा रही है कि वे भारत में निर्मित उत्पादों का ही उपयोग करें ताकि भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। संघ ने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम को प्रारम्भ किया है, जिसमें पांच बिंदु शामिल किए गए हैं - स्वदेशी का उपयोग, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन। भारत में समस्त नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इन संस्कारों में भारत के नागरिकों में 'देश प्रथम' के भाव का जागरण भी शामिल है। लोकतंत्र की सफलता और स्थिरता नागरिकों की भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति सजगता पर निर्भर करती हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनका ईमानदारी से पालन करते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश की प्रगति होती हैं। समाज की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए नागरिकों की अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता तथा कटिबद्धत्ता आवश्यक है। करों का समय पर और सही राशि का भुगतान करना नागरिकों का कर्तव्य है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए करों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक का यह भी कर्तव्य है कि वह समाज की भलाई के लिए स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास जैसी सामाजिक सेवाओं में भाग लें। किसी भी देश के नागरिक यदि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना प्रारम्भ करते हैं तो इससे देश में उद्योगों को बढ़ावा मिलता है, अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं का आयात कम होता है और देश में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। स्वदेशी का मतलब विदेशी सामान इस्तेमाल नहीं करना है परंतु यह कार्य इतना आसान नहीं है क्योंकि आज विश्व के समस्त देश एक वैश्विक गांव में परिवर्तित हो गए हैं, जिसके चलते उत्पादों का एक देश से दूसरे देश में आयात एवं निर्यात बहुत आसान बन पड़ा है। आचार्य श्री विनोबा भावे जी कहते हैं स्वदेशी का अर्थ है आत्मनिर्भरता और अहिंसा। संघ ने इसमें एक बिंदु जोड़ दिया~ आत्मनिर्भरता, अहिंसा और सादगी। प्रत्येक भारतीय नागरिक से अपेक्षा की जाती है कि वह मितव्ययिता से जिए ताकि संसाधनों के दुरुपयोग को रोका जा सके। परंतु, इसका आश्य कंजूसी करना कदापि नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठनों के साथ ही केंद्र सरकार ने भी आर्थिक क्षेत्र में कई प्रयास किए हैं जिसके चलते हाल ही के समय में भारत की आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर में लगातार सुधार दिखाई दिया है। विशेष रूप से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ के प्रभाव को लगभग शून्य करने के उद्देश्य से भारत ने विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए हैं, इनमे विशेष रूप से शामिल हैं यूनाइटेड किंगडम, ओमान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आदि। सम्भवत 27 जनवरी 2026 को इस मुक्त व्यापार समझौते पर यूरोपीयन यूनियन एवं भारत द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। साथ ही, अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों के आयात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ से प्रभावित होने वाले उत्पादों के लिए भारत ने अन्य देशों के रूप में बाजार तलाश लिए हैं एवं इन देशों को विभिन्न उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ हो चुका है जिससे नवम्बर 2025 एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। वैसे, भारत और अमेरिका के बीच भी मुक्त व्यापार समझौते को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है एवं शीघ्र ही इसकी घोषणा की जा सकती है। इसके बाद तो भारतीय उत्पादों के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत को भी कम अथवा समाप्त किया जा सकता है, इससे अन्य देशों के साथ साथ अमेरिका को भी भारत से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में और अधिक वृद्धि हासिल की जा सकेगी।

(लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक्है)

# मछलियां काट खा रही हैं तो आने वाला है बड़ा तूफान! ऐसा क्यों बता रहे हैं एक्सपर्ट

(दिनेश मिश्र)

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में 48 घंटों के भीतर चार लोगों पर शार्क ने हमला किया है, जिनमें से तीन घटनाएं सिडनी के समुद्र तटों पर हुईं। शार्क के



काटने की कोई भी घटना भयावह होती है और सिडनी के तैराकों को पानी से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। इसके पीछे की पूरी जानकारी क्या है और इतने कम समय में इतनी अधिक घटनाएं क्यों हुई हैं? एक्सपर्ट से समझते हैं।

**लोगों को काट रहीं शार्क, ज्यादा हो रहीं ऐसी घटनाएंन्न** द गार्जियन की एक खबर के अनुसार, न्यू साउथ वेल्स में शार्क के काटने की कई घटनाएं सामने आई हैं। रविवार दोपहर को सिडनी के पूर्वी हिस्से में नीलसन पार्क के पास अपने दोस्तों के साथ चट्टानों से कूदते समय एक 12 वर्षीय लड़के को शार्क ने काट लिया। लड़का मंगलवार को भी अस्पताल में भर्ती रहा। सोमवार सुबह एक शार्क ने 11 वर्षीय लड़के के सर्फ़बोर्ड का एक टुकड़ा काट लिया। उसी शाम नॉर्थ स्टेइन में, एक पुरुष सर्फर को शार्क ने काट लिया और उसकी चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसका जीवन बदल गया। राज्य के मध्य-उत्तरी तट पर, एक सर्फर शार्क के काटने से बाल-बाल बच गया।

शार्क के काटने की घटनाओं के चलते सिडनी के सभी उत्तरी समुद्र तट बंद कर दिए गए और अधिकारियों ने लोगों से पानी से दूर रहने का आग्रह किया। न्यू साउथ वेल्स के प्राथमिक उद्योग और क्षेत्रीय विकास विभाग में मत्स्य वैज्ञानिक और शार्क विशेषज्ञ डॉ. एमी स्मूथी ने काटने की घटनाओं की तस्वीरों का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि इन सभी घटनाओं के लिए बुल शार्क जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनके ऊपरी जबड़े में विशिष्ट चौड़े और एक दूसरे पर चढ़े हुए त्रिकोणीय काटने वाले दांत होते हैं और निचले जबड़े में पतले दांत होते हैं।

**बुल शार्क क्या हैं और क्या ये काटते हैं?:** ऑस्ट्रेलियाई शार्क घटना डेटाबेस के अनुसार, 19वीं शताब्दी की शुरुआत से रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से बुल शार्क के काटने की 212 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें से एक चौथाई बेहद गंभीर हालत है। टाइगर शार्क और वोबेगोंग शार्क लगभग समान संख्या में घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि ग्रेट व्हाइट शार्क का उल्लेख 382 घटनाओं में किया गया है। स्मूथी ने बताया कि बुल शार्क 50 साल तक जीवित रह सकती हैं और 19 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले पानी को पसंद करती हैं। वे आमतौर पर अक्टूबर में सिडनी पहुंचती हैं और जनवरी-फरवरी में उनकी संख्या चरम पर पहुंच जाती है। इसके बाद वे अप्रैल या मई के आसपास क्वींसलैंड के गर्म पानी की ओर 1,700 किलोमीटर की उत्तर दिशा की यात्रा पर निकल जाती हैं। स्मूथी ने कहा-इस बात का कोई सबूत नहीं है कि बुल शार्क किसी अन्य शार्क की तुलना में अधिक आक्रामक होती हैं। लेकिन उनकी यही क्षमता हमें उनके खतरे में डालती है।

शार्क पानी में दबाव में बदलाव और अन्य मछलियों द्वारा निकाली गई सूक्ष्म विद्युत धाराओं के माध्यम से हलचल का पता लगा सकती हैं। इस क्षमता को इलेक्ट्रोसेप्शन कहा जाता है। उनका ज्यादा काटना किसी तूफान की आहट है। बॉन्ड विश्वविद्यालय के शार्क बाइट के विशेषज्ञ डॉ. डैरिल मैकफी ने कहा कि इसलिए कम दृश्यता बुल शार्क के लिए कोई समस्या नहीं है। वे ऐसे धुंधले पानी में भोजन करने के लिए अच्छी तरह से अनुकूलित हैं। मैक्रेरी विश्वविद्यालय में शार्क पारिस्थितिकी और व्यवहार के विशेषज्ञ और सेवानिवृत्त प्रोफेसर रॉब हारकोर्ट ने कहा कि बारिश ने इन त्रासदियों के घटित होने के लिए एक बिल्कुल अनुकूल परिस्थिति बना दी। उन्होंने कहा-बुल शार्क के लिए, काटने की संभावना ताजे पानी के प्रवाह से सीधे जुड़ी होती है। अगर हम उनकी पारिस्थितिकी को समझते हैं तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। छोटे बुल शार्क अपने शुरुआती कुछ साल मुहानों में बिताते हैं, फिर वे समुद्र में चले जाते हैं। इसका मतलब है कि वे ताजे पानी और कम खारे पानी को सहन कर सकते हैं। ये पानी में किसी भी हलचल के बारे में बता देते हैं।

# बीएमसी फतह- महाराष्ट्र की शहरी सत्ता में फडणवीस युग की निर्णायक एंट्री

**बीएमसी का चुनाव जीतना किसी भी दल के लिए सिर्फ एक महानगरपालिका जीतना नहीं होता, बल्कि यह सत्ता, संसाधन और राजनीतिक भविष्य पर पकड़ बनाने जैसा होता है। लगभग 75 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली बीएमसी लंबे समय तक अविभाजित शिवसेना का गढ़ रही है। देश की सबसे अमीर और सबसे प्रभावशाली महानगरपालिका बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) अब निर्णायक रूप से सत्ता परिवर्तन की ओर बढ़ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए, जिसे महाराष्ट्र में महायुति के नाम से जाना जाता है, ने शहरी राजनीति में ऐसा दबदबा कायम किया है, जिसने दशकों से चले आ रहे राजनीतिक समीकरणों को ध्वस्त कर दिया है। बीएमसी में 1997 के बाद शिवसेना के ढाई दशक से अधिक समय तक चले शासन का अंत हो गया है।**

(हरगोविंद विश्वकर्मा)

अपने 12 साल के सक्रिय राजनीतिक जीवन में महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे और पवार परिवार के वर्चस्व को खत्म करने वाले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का यह ऐलान कि इस चुनाव के बाद भाजपा के 25 मेयर शपथ लेने जा रहे हैं, महज एक संख्या नहीं बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए युग के आरंभ का संकेत है।

29 में से 25 महानगरपालिकाओं पर विजय हासिल कर भाजपा ने यह साफ कर दिया है कि सत्ता की चाबी अब पहचान की राजनीति नहीं, बल्कि विकास, प्रशासन और नेतृत्व की विश्वसनीयता के हाथों में है।

यही कारण है कि 'मराठी मानूस' की विरासत के सबसे बड़े दावेदार माने जाने वाले उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का एक मंच पर आना भी मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सका। फडणवीस के नेतृत्व में चली विकास की तेज़ आंधी ने ठाकरे समेत समूचे विपक्ष की न केवल रणनीतियों को बिखेर दिया, बल्कि महाराष्ट्र की शहरी राजनीति की दिशा भी स्थायी रूप से बदल दी।

महाराष्ट्र में 29 महानगरपालिकाओं के लिए आम चुनाव हुए थे। आज इन नतीजों की मतगणना जारी है और लगभग 2,869 सीटों के लिए फैसला हो चुका है। इन महानगरपालिकाओं में बीएमसी सबसे महत्वपूर्ण है।

यह सिर्फ मुंबई शहर की निकाय नहीं, बल्कि राजनीतिक पैमाने पर राज्य की राजनीति का 'मिनी विधानसभा' भी मानी जाती है। अब तक मिले नतीजों से साफ है कि बीएमसी समेत राज्य की कम से कम 25 महानगरपालिकाओं में भाजपा अपना मेयर बनाने जा रही है। वैसे बीएमसी का चुनाव जीतना किसी भी दल के लिए सिर्फ एक महानगरपालिका जीतना नहीं होता, बल्कि यह सत्ता, संसाधन और राजनीतिक भविष्य पर पकड़ बनाने जैसा होता है। लगभग 75 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली बीएमसी लंबे समय तक अविभाजित शिवसेना का गढ़ रही है। यह वही किला था, जहां से ठाकरे परिवार की राजनीति को आर्थिक, संगठनात्मक और प्रतीकात्मक ताकत मिलती रही। लेकिन इस बार तस्वीर पूरी तरह बदल गई। महायुति ने बीएमसी में सिर्फ बहुमत नहीं बनाया, बल्कि यह संदेश दे दिया कि मुंबई जैसे महानगर में अब भावनात्मक नारे नहीं, ठोस प्रशासनिक रिकॉर्ड वोट दिलाता है। इन नतीजों के केंद्र में यदि कोई एक चेहरा उभरता है, तो वह हैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस। यह जीत सिर्फ भाजपा की संगठनात्मक सफलता नहीं, बल्कि फडणवीस की राजनीतिक स्वीकार्यता की मुहर है। शहरी मतदाता, विशेषकर मुंबई, पुणे, नागपुर और नासिक जैसे शहरों में, अब उस नेतृत्व को प्राथमिकता देता दिखा है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो, सड़क, निवेश और प्रशासनिक स्थिरता की बात करता है। फडणवीस ने खुद को एक ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित किया है, जो भावनाओं से ज्यादा नीतियों पर चुनाव जीतता है। दरअसल, फडणवीस ने 2014-19 के अपने पहले कार्यकाल में इतनी परियोजनाओं की आधारशिला रख दी थी कि उन पर काम अब तक जारी है। बीच में छह साल उनके सत्ता से बाहर रहने के दौरान विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। इसी वजह से



बहुसंख्यक मतदाताओं ने देवेंद्र फडणवीस के विकास मॉडल को वोट दिया। इस चुनाव में मेट्रो, कोस्टल रोड, अटल सेतु और समृद्धि एक्सप्रेसवे के निर्माण ने बहुत अहम भूमिका अदा की। इस चुनाव का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश यही है कि 'मराठी मानुस' की राजनीति अब शहरी महाराष्ट्र में अपने प्रभाव की सीमा पर पहुंच चुकी है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का एक साथ आना इस बात का स्वीकार था कि अकेले-अकेले दोनों की राजनीतिक धार कुंद हो चुकी है। लेकिन मतदाताओं ने इस गठजोड़ को भी नकार दिया। कारण साफ है, मुंबई और अन्य महानगरों में रहने वाला मतदाता आज रोजगार, ट्रैफिक, बाढ़, सफाई, हाउसिंग और निवेश से जुड़े सवाल पूछ रहा है। वह यह जानना चाहता है कि शहर कैसे चलेगा, न कि शहर किस पहचान से जाना जाएगा। बीएमसी में हार शिवसेना (यूबीटी) के लिए सिर्फ एक चुनावी पराजय नहीं है, बल्कि यह पार्टी के अस्तित्व पर उठता सबसे बड़ा सवाल है। जिस बीएमसी को शिवसेना अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला मानती थी, वही हाथ से निकल जाना बताता है कि पार्टी का शहरी आधार तेजी से कमजोर हुआ है।

यह हार यह भी दिखाती है कि विभाजन के बाद उद्धव ठाकरे जिस नैरेटिव के सहारे भाजपा से मुकाबला करना चाहते थे, वह जमीन पर असरदार साबित नहीं हुआ।

यह चुनाव निःसंदेह महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मुखिया राज ठाकरे को आईना दिखाने वाला साबित हुआ। आक्रामक भाषण, मराठी मुद्दा और सांस्कृतिक राजनीति के बावजूद एमएनएस शहरी सत्ता के केंद्र तक पहुंचने में असफल रही।

यह चुनाव बताता है कि शहरी मतदाता अब विरोध की राजनीति नहीं, समाधान की राजनीति चाहता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि 2014 के बाद फडणवीस का काम राज्य में हर जगह नजर आ रहा है। ऐसे में इसे कैसे झुठलाया जा सकता है। महायुति की सफलता का एक बड़ा कारण यह रहा कि भाजपा, शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार गुट की एनसीपी ने जमीनी स्तर पर सीटों का समझदारी से बंटवारा किया। स्थानीय नेतृत्व को महत्व दिया गया और केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को सीधे मतदाताओं से जोड़ा गया। कई जगह स्थानीय नेताओं के कारण गठबंधन नहीं हो सका, लेकिन वह उसी नगर तक सीमित रह गया। इसका नतीजा यह हुआ कि शहरी निकाय चुनाव, जो अक्सर स्थानीय मुद्दों तक सीमित रहते हैं, इस बार नेतृत्व और शासन मॉडल पर जनमत संग्रह बन गए। 29 महानगरपालिकाओं के नतीजे आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों का ट्रेलर माने जा सकते हैं। यह साफ संकेत है कि यदि विपक्ष अपनी राजनीति को सिर्फ भावनात्मक और पहचान आधारित मुद्दों तक सीमित रखेगा, तो शहरी महाराष्ट्र में उसके लिए राह और कठिन होती जाएगी। भाजपा ने इन नतीजों के जरिए यह भी दिखा दिया है कि वह ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी महाराष्ट्र की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बन चुकी है। बीएमसी समेत 25 महानगरपालिकाओं पर महायुति की जीत यह घोषित करती है कि महाराष्ट्र की शहरी राजनीति अब एक नए चरण में प्रवेश कर चुकी है। यह चरण नारों का नहीं, प्रदर्शन का है; पहचान का नहीं, प्रशासन का है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि यदि सत्ता के साथ स्पष्ट विज़न और स्थिर नेतृत्व हो, तो सबसे पुराने राजनीतिक किले भी ढहाए जा सकते हैं। बीएमसी की यह लड़ाई, दरअसल मुंबई की नहीं थी, बल्कि महाराष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करने की लड़ाई थी, और इसमें बाज़ी साफ तौर पर महायुति के हाथ लगी है। पारंपरिक शिवसेना मतदाता आज भी ठाकरे परिवार के साथ खड़ा है, जबकि शिंदे की शिवसेना को इसकी आधी सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। यह नतीजे सीधे तौर पर एकनाथ शिंदे के उस दावे को कमजोर करते हैं, जिसमें वे खुद को बाल ठाकरे की राजनीति का असली वारिस बताते रहे हैं। पुणे की दोनों महानगरपालिकाओं, पुणे और पिंपरी-चिंचवड़, के नतीजे भाजपा के शहरी विस्तार की सबसे ठोस मिसाल बनकर उभरे हैं। एनसीपी के दोनों गुटों ने अप्रत्याशित रूप से यहां गठबंधन किया था, इसके बावजूद शिक्षा, आईटी, ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र माने जाने वाले इन दोनों शहरों में मतदाताओं ने स्पष्ट रूप से विकास और प्रशासनिक क्षमता को प्राथमिकता दी। दोनों महानगरपालिकाओं में भाजपा की जीत ने यह संकेत दिया कि परंपरागत रूप से कांग्रेस-एनसीपी प्रभाव वाले इस क्षेत्र में अब राजनीतिक धुरी बदल चुकी है।यह लेखक के निजी विचार हैं।

# केनगर पुलिस की बड़ी कामयाबी : कार के बोनट से 1.9 किलो स्मैक बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक कार से करीब 1 किलो 900 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए दो शातिर तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, केनगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल को सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से एक सफेद रंग की टाटा टियागोर कार (BR11BK 4169) भारी मात्रा में स्मैक लेकर पूर्णिया के रास्ते मधेपुरा की ओर जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल सशस्त्र बल के साथ एनएच-231 (पूर्णिया-सहरसा मुख्य मार्ग) पर थाना क्षेत्र के समीप बैरिकेडिंग कर सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। सुबह करीब 11 बजे संदिग्ध कार जैसे ही जांच स्थल के पास पहुंची, पुलिस को देखकर चालक ने गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश की। हालांकि पुलिस टीम की मुस्तैदी और सूझबूझ के आगे तस्करों की एक न चली और कुछ ही दूरी पर वाहन को घेराबंदी कर रोक लिया गया। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस भी हैरान रह गई। तस्करों ने स्मैक की बड़ी खेप को कार के बोनट के अंदर बेहद शातिराना तरीके से छिपाकर रखा था। तलाशी में वहां से कुल 1 किलो 900 ग्राम स्मैक बरामद की गई। कार में सवार दोनों व्यक्तियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल कुमार (पिता-पंकज यादव) एवं निरंजन कुमार (पिता-सुनील प्रसाद यादव) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी मधेपुरा जिले के साहूगढ़ के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने स्मैक के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। फिलहाल दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि नशा तस्करी से जुड़े इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके। इस बड़ी कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। लोगों ने इसे नशा मुक्त समाज की दिशा में एक मजबूत कदम बताते हुए केनगर पुलिस की सराहना की है। पुलिस प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि गुरुवार को इस मामले में विस्तृत खुलासा किया जा सकता है।

# भाजपा नेतृत्व में नए युग की दस्तक, नितिन नवीन के निर्विरोध निर्वाचन से पूर्णिया में जश्न

■ संगठन की एकजुटता व विकासवादी संकल्प का प्रतीक बना नेतृत्व परिवर्तन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के निर्विरोध निर्वाचन ने न केवल संगठन के भीतर नई ऊर्जा का संचार किया है, बल्कि सीमांचल के केंद्र पूर्णिया में यह संदेश भी स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा अब और अधिक संगठित, निर्णायक और विकासोन्मुखी भूमिका में आगे बढ़ने को तैयार है। यह चुनाव किसी एक व्यक्ति का पदग्रहण भर नहीं, बल्कि भाजपा की वैचारिक मजबूती, संगठनात्मक अनुशासन और भविष्य की स्पष्ट दिशा का उद्घोष है।

निर्वाचन की घोषणा होते ही पूर्णिया के आरएन साह चौक सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सैकड़ों कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं, गुलाल उड़ाया और राष्ट्रवाद व संगठन के समर्थन में नारे लगाए। यह दृश्य केवल उत्सव का नहीं था, बल्कि उस भरोसे का सार्वजनिक प्रदर्शन था जो कार्यकताओं को अपने नए राष्ट्रीय नेतृत्व पर है। नितिन नबीन को भाजपा के उन नेताओं में गिना जाता है, जिन्होंने संगठन के भीतर जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष तक निरंतर कार्य करते हुए अपनी पहचान बनाई है। एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में उन्होंने कार्यकर्ताओं को जोड़ने, विचारधारा को मजबूती देने और चुनावी रणनीतियों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने न सिर्फ संगठनात्मक विस्तार किया, बल्कि विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के मुद्दों को केंद्र में रखकर राजनीति की नई परिभाषा गढ़ी है। सीमांचल क्षेत्र, विशेषकर पूर्णिया जैसे जिलों में भाजपा की विकास योजनाओं ने वर्षों से उपेक्षित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। बुनियादी ढांचे का विस्तार, गरीब कल्याण योजनाएं, किसानों और युवाओं के लिए अवसर—ये सभी प्रयास आने वाले समय में और तेज होंगे, ऐसी अपेक्षा कार्यकताओं और आम जनता दोनों को है। नितिन नबीन का नेतृत्व इस विश्वास को और मजबूती देता है कि संगठन अब मिशन मोड में आगे बढ़ेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह भाजपा के लिए एक नए युग की शुरूआत है। उनके अनुसार, नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी 'संकल्प से सिद्धि' के अपने लक्ष्य को और अधिक गति देगी तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।

उत्सव और विचार-विमर्श से भरे इस आयोजन में पार्टी के वरिष्ठ और युवा नेतृत्व की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल रंजन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, ज्ञानेंदु शेखर, रामनारायण मेहता, जिला महामंत्री अरुण राय पुलक और संजय पोद्दार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला मंत्री मीनाक्षी सिन्हा और नूतन गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता वर्मन, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. अजहर आलम, सोशल मीडिया संयोजक शुभम झा एवं सह-संयोजक अमन कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कुल मिलाकर, नितिन नबीन का निर्विरोध निर्वाचन भाजपा की आंतरिक मजबूती और भविष्य की रणनीति का स्पष्ट संकेत है। पूर्णिया में उमड़ा यह उत्साह बताता है कि संगठन न केवल नेतृत्व परिवर्तन को स्वीकार कर रहा है, बल्कि उसे विकास और राष्ट्रहित की दिशा में एक निर्णायक कदम मान रहा है।

## 12 फरवरी को चम्पानगर में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन, तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** नगर पंचायत चम्पानगर स्थित बजरंग बली सार्वजनिक धर्मशाला में आगामी 12 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया विजय प्रकाश गौतम ने की।

बैठक में हिन्दू समागम से जुड़े वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन की रूपरेखा तय करते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष विजय प्रकाश गौतम ने कहा कि यह सम्मेलन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने विराट हिन्दू सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यवाहक हरिनारायण मेहता, नारायण मेहता, वकिल साह, विद्यानंद मेहता, दिनेश मंडल, परमानंद मेहता, रामकुमार सिंह, उमेश साह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक शिक्षा सशक्तिकरण में पूर्णिया ने रचा कीर्तिमान, राज्य स्तर पर मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** पटना स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक शिक्षा सशक्तिकरण सह समीक्षात्मक कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्णिया जिले को विशेष सम्मान से नवाजा गया।



विज्ञान एवं गणित विषयों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (PBL) को प्रभावी ढंग से लागू करने और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिले के तकनीकी सदस्य चन्दन कुमार साह एवं शिक्षा समन्वयक सैफुल अंसारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि केवल कुछ व्यक्तियों की नहीं, बल्कि शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की जिज्ञासा और विभागीय पदाधिकारियों के समन्वित प्रयास का प्रतिफल है। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को और ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई। राज्य स्तर पर मिले इस सम्मान से न केवल पूर्णिया जिले की शैक्षणिक पहचान मजबूत हुई है, बल्कि यह अन्य जिलों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है।

## अपराधियों ने विवाहिता की गोली मारकर हत्या की

**सालमारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बलिया बेलोन थाना क्षेत्र के चनदहर पंचायत के खाड़ी गांव में देर शाम में अज्ञात अपराधियों ने महिला को पांच से छः गोली मारकर घटना को अंजाम दिया। जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गयी है। घटना की सूचना पर बलिया बेलौन पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर मामले की जांच में जुट गयी। अपराधियों को पकड़ने के लिए जगह जगह नाकेबंदी किया। जानकारी के अनुसार देर शाम नुजहत बानो (35) किसी काम से घर के गली में गयी थी। इसी दौरान पहले से घात लगायें बैठे अपराधियों ने ताबरतौड़ गोली से हमला कर महिला की हत्या कर घर के पीछे से अपराधी फरार हो गया। किसी ने अपराधियों को नहीं देखा। बताया जाता है कि मृतिका सिकन्दर की दुसरी पत्नी थी। पति पहली पत्नी के साथ दिल्ली में है। घर पर केवल बुढा ससूर मौजूद था।घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गयी।

## मध्य विद्यालय मेंहदी में शिक्षक अमित कुमार को भावभीनी विदाई

■ स्थानांतरण पर विदाई-सह-सम्मान समारोह में छलका सम्मान और अपनापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रूपौली /पूर्णिया।** टीकापट्टी थाना अंतर्गत गोड़ियर पट्टी श्रीमत्ता पंचायत स्थित मध्य विद्यालय मेंहदी में शिक्षक अमित कुमार के स्थानांतरण के अवसर पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह समारोह भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ, जहाँ विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने एक स्वर में शिक्षक अमित कुमार के शैक्षणिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक अजीत कुमार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष सह उपमुखिया सुमन कुमार रहे। उनके साथ वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बबूजन यादव, कृत्यानंद मंडल, राधेश्याम पोद्दार, अम्बिका शरण, शिक्षक अमित कुमार के पिता फुदन मंडल, मध्य विद्यालय बैरिया के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, शिक्षक विकास कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक मनानंद साह, सहरसा जिला के प्राथमिक विद्यालय असनही के प्रधानाध्यापक विकास चंद्र चौरसिया सहित शिक्षा समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण अभिभावक उपस्थित थे।

# बनमनखी बीआरसी में विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

शिक्षकों व विद्यार्थियों ने टीएलएम, विज्ञान मॉडल और क्विज में दिखाई प्रतिभा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड संसाधन केंद्र से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा स्व-निर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समीर कुमार सुमन ने की। टीएलएम प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय धरारा के शिक्षक श्याम प्रकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बेसिक स्कूल धीमा के शिक्षक भगवान दास को द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय रायपुर की शिक्षिका अंकित यादव को तृतीय स्थान मिला। क्विज प्रतियोगिता में मातु राम कन्या उच्च विद्यालय, बनमनखी की छात्रा सरस्वती कुमारी प्रथम रहीं। द्वितीय स्थान सुमित उच्च विद्यालय, बनमनखी की छात्रा दिव्या कुमारी एवं तृतीय स्थान उच्च विद्यालय मझवा प्रेमराज के छात्र रोशन कुमार को प्राप्त हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय नाग्रही धीमा के छात्र रंजन कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। मध्य विद्यालय ज्ञानगंज की छात्रा प्रिया कुमारी द्वितीय एवं मध्य विद्यालय धरहरा चकला की छात्रा सन्या खातून तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समीर कुमार सुमन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता तथा वैज्ञानिक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक संघ बनमनखी के प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार, प्रखंड सचिव ललन कुमार निराला, संयुक्त सचिव अंजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक दीप नारायण गुप्ता, तरुण कुमार पासवान, मनीषी मुन्ना, हर्ष नारायण चौधरी, दीपक कुमार एवं सहायक लेखापाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने की।

इस मौके पर डीएसपी विनोद कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद, बीडीओ सनत कुमार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं बड़ी संख्या में सरस्वती पूजा पंडाल के आयोजक व समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में डीएसपी विनोद कुमार ने पूजा पंडाल के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विसर्जन के दिन डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें।वहीं अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनाएं और भाईचारे की मिसाल को कायम रखें। उन्होंने पंडाल समितियों से अपील की कि मूर्ति को देर रात अकेला न छोड़ें तथा सुरक्षा व श्रद्धा के साथ उसकी देखरेख सुनिश्चित करें।

## बंद पड़ी रेल सेवा बहाल करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** रेल यात्रियों की असुविधा के मद्देनजर कटिहार-तेजनारायणपुर रेलखंड के मनिहारी-तेजनारायणपुर के बीच बंद रेल सेवा पर बंद रेल सेवा पूर्णबहाल करने की मांग विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने मंडल रेल प्रवबधक कटिहार से की है। विधायक श्री सिंह ने मंडल रेल प्रबंधक कटिहार को प्रेषित पत्र की पत्रांक संख्या 07/2026 के माध्यम से उक्त रेल खंड पर 08 जनवरी से बंद रेलसेवा से अमदाबाद सहित पडोस के प्रगंड प्राणपुर के सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों के लोगों को आवागमन मे होनेवाली असुविधा के मद्देनजर जनहित में रेलसेवा पुनर्वहाल करने की मांग की है।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मनसाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार और अंचलाधिकारी मो .इस्माइल ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार सरस्वती पूजा मनाने की अपील किया।पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।सभी पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य और मूर्ति विसर्जन के लिए तय समय-सीमा करने के लिए कहा गया,ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक स्थान,अस्पताल, सरकारी कार्यालय के पास बजा बजाकर शोरगुल नहीं करेंगे। जुलूस में घातक हथियार नहीं रहेगा एवं जुलूस के साथ लाइसेंस साथ में रखना होगा। वहीं अंचलाधिकारी मो. इस्माइल ने कहा कि सरस्वती पूजा सामाजिक एकता और सौहार्द का पर्व हैं उन्होंने इसे शांतिपूर्ण और सादगी के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी, जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, दीपनारायण पासवान, राजद के संतोष कुमार यादव,अजीत सिंह, पूर्व सरपंच जितेंद्र पासवान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगे पूर्णिया डीएम अंशुल कुमार

■ पूर्णिया ने रचा लोकतांत्रिक इतिहास, राष्ट्रीय मंच पर जिले का परचम लहराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** लोकतंत्र तब जीवंत होता है जब जनता निर्भीक होकर मतदान करती है, जब प्रशासन सिर्फ व्यवस्था नहीं बल्कि विश्वास गढ़ता है और जब चुनाव महज प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सव बन जाता है।



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में पूर्णिया ने यही कर दिखाया है। यही कारण है कि यह उपलब्धि किसी एक अधिकारी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे जिले की सामूहिक चेतना, जागरूकता और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय सम्मान है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान उत्कृष्ट चुनाव प्रबंधन एवं लॉजिस्टिक्स के लिए पूर्णिया जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार को राष्ट्रीय स्तर के सर्वोच्च सम्मान के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति महोदया की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा, जो पूर्णिया के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण होगा। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के नेतृत्व में पूर्णिया जिले ने मतदान प्रतिशत के क्षेत्र में जो उपलब्धि हासिल की, वह राज्य के चुनावी इतिहास में एक मजबूत हस्ताक्षर है। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में पूर्णिया जिले में कुल 76.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिससे यह बिहार के 38 जिलों में तीसरे स्थान पर रहा। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि उस भरोसे का प्रमाण है जो जनता ने चुनावी व्यवस्था पर जताया। पूर्णिया की इस सफलता को और ऊंचाई 58-कसबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ने दी, जहां 81.97 प्रतिशत मतदान हुआ। यह आंकड़ा बिहार के सभी 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वाधिक रहा, जिससे कसबा विधानसभा राज्य का सबसे अधिक मतदान करने वाला क्षेत्र बना। यह उपलब्धि दशार्ती है कि पूर्णिया का चुनावी प्रदर्शन सामान्य नहीं, बल्कि राज्य के सर्वश्रेष्ठ मानकों पर खरा उतरा। सबसे बड़ा परिवर्तन शहरी क्षेत्र 62-पूर्णिया विधानसभा में देखने को मिला। जहां वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 59.21 था, वहीं 2025 में यह बढ़कर 80.08 प्रतिशत तक पहुंच गया। लगभग 21 प्रतिशत की यह अभूतपूर्व वृद्धि पूरे बिहार में सर्वाधिक रही।

# पोठिया रामपुर पंचायत में मनरेगा कार्यों में भारी अनियमितता का आरोप

एनएमएस में दर्ज मजदूरी, जमीनी स्तर पर 10 प्रतिशत भी काम नहीं




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** प्रखंड क्षेत्र के पोठिया रामपुर पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत संचालित कार्यों में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। पंचायत के वार्ड संख्या-13 के वार्ड सदस्य मो. फरीद ने मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है।

वार्ड सदस्य मो. फरीद ने बताया कि पंचायत अंतर्गत धनहरा गांव के समीप वार्ड संख्याझ11 में 'ढलाई सड़क से मोहम्मद सलीम के खेत तक ईट सोलिंग एवं मिट्टी भराई' योजना संचालित है। मनरेगा की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार इस योजना में 14 दिनों तक प्रतिदिन 50 मजदूरों का एनएमएस (नरेगा मजदूर उपस्थिति प्रणाली) दर्ज किया गया है, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि स्थल पर 10 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है। इसी प्रकार दूसरी योजना 'मो. जहीर के खेत से मो. कय्यूम के खेत तक नहर सफाई' में 28 दिनों तक प्रतिदिन 40 मजदूरों की उपस्थिति एनएमएस में दर्शाई गई है, जबकि जमीनी हकीकत में इस कार्य में भी नाममात्र का काम हुआ है। वार्ड सदस्य ने मुखिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत में संचालित किसी भी योजना में वार्ड सदस्यों से न तो सुझाव लिया जाता है और न ही सहयोग। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यदि वार्ड सदस्य अपने-अपने वार्ड के लिए कार्य योजना बनाकर मनरेगा कार्यालय को देते हैं तो उसे स्वीकृति नहीं दी जाती, जबकि कुछ निजी लोगों द्वारा योजनाओं का संचालन कराया जा रहा है। इससे पंचायत के वार्ड सदस्यों में गहरा असंतोष व्याप्त है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी सौरव कुमार सिंह ने कहा कि दोनों योजनाओं की जांच कराई जाएगी और जांचोपरांत दोषी पाए जाने पर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## नये नगर थानाध्यक्ष का मुस्कान फाऊंडेशन की ओर से किया गया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सर्वोदय समाज व मुस्कान फाउंडेशन कटिहार की ओर से नगर थाना के नवपदस्थापित थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह को पौधा भेंट देकर उनके कार्यालय में स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

मुस्कान फाउंडेशन के संयोजक दीपक मुस्कान ने बताया कि अपने सहयोगियों के साथ थानाध्यक्ष से भेंट कर स्वागत किया। उनकी उदारता व कुशलता से ये महसूस हो रहा है कि हमारा शहर इनके नेतृत्व में अपराध मुक्त के साथ साथ भयमुक्त होगा। सभी जनमानस खुशहाल रहेंगे। इस मौके पर साकेत बेगानी,अवधेश पाठक, आलोक ठाकुर एवं सोना मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# फोनपे देगी पैसा कमाने का मौका, 12000 करोड़ का आईपीओ लाएगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक कंपनी फोनपे से आप अब करेगी। फोनपे भारत की एक बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी है।




सिर्फ पेमेंट ही नहीं कर पाएंगे, बल्कि पैसा भी कमा पाएंगे। वॉलमार्ट के मालिकाना हक वाली यह कंपनी आईपीओ के जरिए करीब 12,000 करोड़ रुपये (1.3 अरब डॉलर) जुटाने की सोच रही है। आईपीओ के लिए कंपनी को सेबी से हरी झंडी मिल गई है। अगर फोनपे 12,000 करोड़ रुपये का ऑफर लाती है, तो यह किसी स्टार्टअप के लिए शेयर बाजार में दूसरा सबसे बड़ा डेब्यू होगा। यह पैसा ऑफर फॉर सेल के जरिए आएगा। ओएफएस का मतलब है कि कंपनी के मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर बेचकर बाहर निकलेंगे। इस तरीके से कंपनी के पास कोई नया पैसा नहीं आता है। आईपीओ से आया पैसा मौजूदा शेयरधारकों को मिलेगा। आईपीओ में अपने शेयर बेचेंगे। फोनपे ने पिछले साल सितंबर में ही गोपनीय तरीके से आईपीओ के लिए अर्जी दी थी। कंपनी अगले कुछ दिनों में सेबी के पास आईपीओ के अपडेटेड ड्राफ्ट पेपर जमा

इसका आईपीओ अप्रैल में आने की उम्मीद है। यह कंपनी भारत में फिनटेक सेक्टर में एक बड़ा नाम है। फोनपे ने सिंगापुर से भारत में अपना बेस बदला। साथ ही उसने डिजिटल पेमेंट के अलावा बीमा, वेल्थ मैनेजमेंट, लोन और स्टॉक ब्रोकिंग जैसे क्षेत्रों में भी विस्तार किया है। फोनपे भारत के बढ़ते फिनटेक बाजार में गूगलपे और पेटीएम जैसे खिलाड़ियों से मुकाबला करती है। भारत में डिजिटल पेमेंट का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है और इसमें अभी भी बहुत संभावनाएं हैं। सेवाओं का पूरा फायदा नहीं उठा पा रहे हैं, इसलिए फोनपे जैसी कंपनियां उनके लिए नए रास्ते खोल रही हैं। आईपीओ से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने विस्तार और नई सेवाओं को शुरू करने में कर सकती है। इससे निवेशकों को भी अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि फोनपे का आईपीओ सफल रहेगा।

# भर-भरकर भारत आ रहे रूसी तेल के टैंकर

## अमेरिका ने लगाया बैन तो रूस ने ढूंढ लिया दूसरा रास्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने रूसी तेल कंपनियों पर बैन लगा दिया है। इसका असर भारत पर भी दिखाई दिया है। इसके बावजूद रूसी तेल का भारत को आयात जारी है। अमेरिकी बैन के बाद रूस ने तेल भेजने के लिए दूसरा रास्ता ढूंढ लिया है। रूस से भारत आने वाले कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा अब उन छोटे-छोटे व्यापारियों के जरिए आ रहा है, जो पहले शायद ही कभी भारत को तेल बेचते थे।

ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि रूस की बड़ी तेल कंपनी रोसनेफ्ट से आने वाले तेल की मात्रा में भारी कमी आई है। डेटा बताने वाली कंपनी केप्लर के मुताबिक, इस महीने के पहले 15 दिनों में रूस से आने वाले कुल तेल का लगभग 43 प्रतिशत हिस्सा (करीब 0.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन) पांच ऐसे ही व्यापारियों से आया है। भारत के रूसी तेल आयात में लुकोइल की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत से भी कम हो गई है।




### इन जहाजों के जरिए आया तेल

जनवरी के 15 दिनों में जिन जहाजों से तेल भारत आया है उनके नाम रेडवुड ग्लोबल सप्लाई विस्टुला डेल्टा , एथोस एनर्जी , अल्गाफ मरीन और स्लावियांस्क ईसीओ हैं। ये व्यापारी दिसंबर 2025 से पहले लगभग दो साल तक भारत को एक भी तेल का जहाज नहीं भेज रहे थे। इनमें से रुसएक्सपोर्ट और स्लावियांस्क ईसीओ रूसी कंपनियां हैं, जबकि रेडवुड ग्लोबल सप्लाई, अल्गाफ मरीन और विस्टुला डेल्टा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से जुड़ी हुई हैं। अमेरिका के बैन के बावजूद रोसनेफ्ट इस महीने के पहले पंद्रह दिनों में भारत का दूसरा सबसे बड़ा रूसी तेल सप्लायर बना रहा। लेकिन केप्लर के आंकड़ों के अनुसार, रोसनेफ्ट से आने वाले तेल की मात्रा साल 2025 के औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम हो गई, जो अब करीब 225,000 बैरल प्रतिदिन रह गई है। एक और अमेरिकी प्रतिबंधों वाली कंपनी लुकोइल से भी तेल की आवक बहुत कम हो गई है। 43,000 बैरल प्रतिदिन तेल भेजा, जो पिछले साल के औसत से 84 प्रतिशत कम है।

# वैश्विक आईटी सेवा क्षेत्र में भारत का दबदबा, शीर्ष-25 में 8 देसी कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं के क्षेत्र में 2026 में भी भारतीय कंपनियों का दबदबा कायम है। खास बात है कि वैश्विक आईटी रैंकिंग में भारत और अमेरिका करीब खड़े हैं। दुनियाभर की शीर्ष-25 आईटी सेवा कंपनियों में दोनों देशों की आठ-आठ संस्थाएं शामिल हैं।

ब्रांड फाइनेंस की नई रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस ने क्रमशः दुनिया के दूसरे एवं तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। एक्सेंचर 42.2 अरब डॉलर के मूल्य (वैल्यू) के साथ लगातार आठवें साल सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड चुना गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 21.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य वाले टीसीएस को प्रशंसा और विश्वसनीयता जैसे प्रमुख मानकों पर बेहद मजबूत स्कोर मिला है। यह इसे एक भरोसेमंद और विश्वसनीय कारोबारी साझेदार के रूप में स्थापित करता है। ब्रांड पर विचार और अनुशंसा के मामले में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा, जो दीर्घकालिक ग्राहक भरोसे को बनाए रखने की क्षमता दर्शाता है। 16.4 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य वाली इन्फोसिस बीते छह वर्षों में 15 फीसदी की सालाना चक्रवृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली आईटी सेवा कंपनी रही है। कंपनी को 100 में से 86.8 के स्कोर के साथ दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत आईटी सेवा ब्रांड बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में दुनिया की शीर्ष-25 आईटी सेवा कंपनियों का संयुक्त ब्रांड मूल्य 167.2 अरब डॉलर रहा। इस सूची में आईबीएम कंसल्टिंग, कैपजेमिनी, एनटीटी डाटा, कॉग्निजेंट, ईपीएएम और जेनपैक्ट जैसी वैश्विक कंपनियां शामिल हैं।

# गन्ने की अधिक आपूर्ति से चीनी उत्पादन 22 फीसदी बढ़ा

## 15 जनवरी तक चालू थीं 518 मिलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर



पैदावार के चलते देश का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 फीसदी बढ़कर 1.59 करोड़ टन पहुंच गया।एक साल पहले की समान अवधि में देशभर में 1.3 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआथा। बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने मंगलवार को बताया, इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्तूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 फीसदी बढ़कर 64.5 लाख टन पहुंच गया।उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया।कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर बढ़कर 31 लाख टन पहुंच गया।

# 27 जनवरी को होगा सबसे बड़ा सौदा, 2000000000के लिए बनेगा बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच होने वाली ट्रेड डील पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं। दोनों देश इस ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं। इस समझौते की औपचारिक घोषणा 27 जनवरी को होने की उम्मीद है। यह घोषणा गणतंत्र दिवस समारोह के ठीक एक दिन बाद होगी, जिसमें ईयू के शीर्ष नेता मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने कहा है कि ईयू भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बहुत करीब है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे सभी सौदों का बाप यानी मदर ऑफ ऑल डील्स कह रहे हैं। यह बात उन्होंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूरोप दुनिया के साथ



व्यापार और सहयोग बढ़ाना चाहता है। समझौता बनाएगा बड़ा बाजार

वॉन डेर लेयन ने भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के बड़े पैमाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा समझौता होगा जो 2 अरब लोगों के लिए एक बाजार बनाएगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने यह भी बताया कि वह अगले वीकेंड भारत की यात्रा करेंगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य प्रस्तावित व्यापार समझौते पर चल रहे काम को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यूरोप और भारत के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सहयोग को गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण काम किया जाना है। निर्यातकों के संगठन एफआईइओ के महानिदेशक डॉ. अजय सहाय ने कहा, इस एफटीए से हमारे सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर से व्यापार बढ़ेगा। इससे टैरिफ के मौजूदा माहौल से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में बहुत मदद मिलेगी। गारमेंट और टेक्सटाइल्स सेक्टर के लिए एफटीए को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए सीटीए अपैरल्स के चेयरमैन डॉ. मुकेश कसल ने कहा, कम ड्यूटी पर या ड्यूटी फ्री एक्सपोर्ट की सुविधा मिलने से भारतीय निर्यातकों को मदद मिलेगी, खासतौर से उन देशों के मुकाबले, जिन्हें अभी रियायत मिली हुई है।

# दावा: 90 फीसदी कर्मियों को मिल रहे तरक्की के भरपूर अवसर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में 95 फीसदी कर्मचारी अपनी काम करने की क्षमता पर भरोसा करते हैं। लेकिन केवल 64 फीसदी ही नौकरी से संतुष्ट हैं। मैनपावरग्रुप इंडिया ने देश के 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों से बातचीत पर आधारित रिपोर्ट में कहा, काम की दुनिया तेजी से बदल रही है। इस बदलाव के बीच कर्मचारियों का आत्मविश्वास, संतुष्टि और मानसिक स्थिति अलग-अलग स्तर पर नजर आ रही है। भारतीय कर्मचारी अपनी क्षमता को लेकर सबसे ज्यादा आत्मविश्वास दिखाते हैं। 90 फीसदी कर्मचारियों को करियर में आगे बढ़ने के मौके मिल रहे हैं। 84 फीसदी को प्रमोशन की संभावना है। 90 फीसदी एआई के इस्तेमाल को लेकर भी आत्मविश्वास महसूस करते हैं। हालांकि, आज के काम में लोग जितना आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं, उतना ही भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। आगे चलकर उनकी भूमिका क्या होगी, इसे लेकर चिंता है।

आत्मविश्वास का असर नौकरी से संतुष्टि और कंपनी के प्रति वफादारी पर नहीं दिख रहा है। इसी वजह से सिर्फ 64 फीसदी ही नौकरी से खुश हैं। 53 फीसदी कर्मचारी रोजाना मध्यम से ज्यादा तनाव महसूस करते हैं। जब नौकरी से संतुष्टि 64 फीसदी को है, तब आधे से ज्यादा कर्मचारी रोज तनाव में रहते हैं। 75 फीसदी में काम का ज्यादा बोझ व लंबे काम के घंटे तनाव की वजह बन रहे हैं। कई कर्मचारी नौकरी छोड़ना नहीं चाहते, लेकिन साथ ही नए मौके भी तलाश रहे हैं। ब्लू-कॉलर कर्मचारियों में सबसे कम मानसिक और शारीरिक संतुलन देखा गया, जो 68 फीसदी रहा। जेन-जी महिलाओं में ज्यादा तनाव की स्थिति यानी 64 फीसदी पाई गई। मिडिल मैनेजर्स (95 फीसदी) और व्हाइट-कॉलर व सीनियर मैनेजर्स (94 फीसदी) सबसे ज्यादा तनाव में रहता है। एनर्जी-यूटिलिटी में कमजोर स्थिति कर्मियों की स्थिति सबसे कमजोर रही।

# टाटा स्टील को त्रिवेणी पैलेट्स से जुड़े सौदे के लिए हरी झंडी

## रिकॉर्ड 44.89 लाख यात्री वाहन बिके, 2025 में ऐसे बढ़ी पांच फीसदी बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू स्टील सेक्टर में एकीकरण प्रक्रिया को मंगलवार को उस समय बड़ी गति मिली जब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दो महत्वपूर्ण सौदों को मंजूरी दे दी। फेयर ट्रेड रेगुलेटर ने टाटा स्टील की ओर से ओडिशा स्थित त्रिवेणी पेलेट्स में बहुमत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को हरी झंडी दिखा दी है। इसके साथ ही, आयोग ने जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनियों और जापान की जेएफई स्टील कॉरपोरेशन से जुड़े एक अन्य बड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

636 करोड़ का सौदा सीसीआई ने टाटा स्टील के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत कंपनी त्रिवेणी पेलेट्स प्राइवेट लिमिटेड में 50.01 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। टाटा स्टील ने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की




थी कि उसने 636 करोड़ रुपये में त्रिवेणी पेलेट्स में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए त्रिवेणी अर्थमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। टाटा स्टील एकीकृत स्टील विनिर्माण में शामिल है, जो माइनिंग से लेकर स्टील मेकिंग और आगे की प्रोसेसिंग तक फैला हुआ है। कंपनी पहले से ही लौह अयस्क की माइनिंग और पेलेट्स के उत्पादन में सक्रिय है।

त्रिवेणी पेलेट्स देश में लौह अयस्क पेलेट्स की बिक्री करती है। इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ब्रह्मिणी रिवर पेलेट्स लिमिटेड भी भारत में पेलेट्स के उत्पादन और बिक्री में लगी हुई है। इस अधिग्रहण से टाटा स्टील की बैकवर्ड इंटीग्रेशन क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। सीसीआई ने भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल), जेएसडब्ल्यू संबलपुर स्टील लिमिटेड, जापान की जेएफई स्टील कॉरपोरेशन और जेएसडब्ल्यू कलिंगा स्टील लिमिटेड के बीच प्रस्तावित कॉम्बिनेशन को भी मंजूरी दी है। आइए इस बारे में जानें- बीपीएसएल, जो फिनिश्ड स्टील प्रोडक्ट्स की प्रोसेसिंग और एकीकृत विनिर्माण में शामिल है, वर्तमान में जेएसडब्ल्यू स्टील की अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी है।

जापानी भागीदारी: इस सौदे में शामिल जेएफई स्टील कॉरपोरेशन, सौदे के तहत, जेएसडब्ल्यू कलिंगा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू संबलपुर प्रस्तावित लेनदेन के पूरा होने के बाद टारगेट बिजनेस का स्वामित्व हासिल करेगी। गौरतलब है कि जेएसडब्ल्यू कलिंगा और जेएसडब्ल्यू संबलपुर ने अभी तक अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं किया है।

# रमेश दामानी ने विम प्लास्ट के खरीदे 120297 शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक रमेश दामानी ने हाल



ही में जिस स्टॉक में निवेश किया है, वह निवेशकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। वॉरेन बफेट की निवेश शैली से प्रेरित माने जाने वाले रमेश दामानी लंबे समय से ऐसे बिजनेस में पैसा लगाते हैं, जिनका मैनेजमेंट मजबूत हो और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस लगातार बेहतर हो रही हो। मेंबर जैसे चर्चित शो के होस्ट रह चुके दामानी की हर खरीद पर बाजार की नजर रहती है। इसी कड़ी में दिसंबर 2025 की शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक उन्होंने विम प्लास्ट में करीब 1 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह 120297 शेयरों के बराबर है। इससे पहले उनके पोर्टफोलियो में शामिल नहीं थी। विम प्लास्ट के शेयर 2 पर्सेंट तक चढ़कर 427.40 रुपये पर पहुंच गए। सेलो वर्ल्ड की सब्सिडियरी कंपनी है और इसका प्रमोटर बैकग्राउंड काफी मजबूत माना जाता है। कंपनी में करीब 56 प्रतिशत हिस्सेदारी सेलो वर्ल्ड लिमिटेड के पास है, जिसके पीछे राठौड़ परिवार का दशकों पुराना अनुभव और भरोसेमंद ब्रांड खड़ा है। यही वजह है कि निवेशक इसे एक स्थिर और लॉन्ग टर्म संभावनाओं वाली कंपनी मानते हैं। मुख्य रूप से प्लास्टिक फर्नीचर, जैसे कुर्सियां, टेबल, स्टूल और स्टोरेज प्रोडक्ट्स बनाती है, वहीं इंडस्ट्रियल सेगमेंट में क्रेट्स, पैलेट्स और मटीरियल हैंडलिंग सॉल्यूशंस भी देती है। कंपनी के हालिया फाइनेंशियल नतीजे भी निवेश के पक्ष में कहानी कहते हैं। क्यू2 एफवाय26 में विम प्लास्ट की कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 78.2 करोड़ से बढ़कर 84.3 करोड़ हो गई, जबकि ग्रॉस प्रॉफिट मार्जिन 15.4 प्रतिशत से बढ़कर 16.2 प्रतिशत पहुंच गया। यही सुधार संभवतः रमेश दामानी को आकर्षित करने वाला फैक्टर रहा। इसके अलावा कंपनी ने ॥ह्रक्ष्ष्ट सेगमेंट यानी होटल, रेस्टोरेंट, कैफे और बड़े इवेंट्स के लिए खास तौर पर डिजाइन किए गए प्रीमियम और टिकाऊ प्लास्टिक फर्नीचर लॉन्च किए हैं, जिनकी डिमांड आने वाले समय में बढ़ सकती है। शेयर के प्रदर्शन की बात करें तो हाल के दिनों में इसमें हलचल देखने को मिली है। पिछले 5 दिनों में स्टॉक 402 से बढ़कर 424 तक पहुंचा, हालांकि एक महीने में करीब 5 प्रतिशत और एक साल में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट भी दर्ज की गई है। इसका 52-वीक हाई 579.8 और लो 394.4 रहा है।

# नौकरी छोड़ दादी के वार्डरोब से मिला आइडिया

## 3 लाख से कपल ने शुरू किया ये काम, अब महीने 1 करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज के आधुनिक दौर में हर ब्रांड फैशन को अपडेट और मॉडर्न बनाने की होड़ में लगा है। वहीं, बेंगलुरु के एक कपल ने इसके ठीक उलट रास्ता चुना। पूजा नादिग और शशांक शिवपुरपु ने महसूस किया कि समकालीन डिजाइनों के बीच साड़ियों से जुड़ी वे पुरानी यादें और भावनाएं कहीं खोती जा रही हैं, जो कभी दादी-नानी के वार्डरोब का हिस्सा हुआ करती थीं। इसी सोच के साथ 2021 में नेरिगे स्टोरी ( की शुरुआत हुई। नेरिगे का कन्नड़ में मतलब होता है साड़ी की प्लेट्स। यह कहानी सिर्फ एक व्यवसाय की नहीं है। अलबत्ता, कॉर्पोरेट जगत की चमक-धमक छोड़कर अपनी जड़ों की ओर लौटने के साहस की है। टीसीएस में सॉफ्टवेयर टेस्टर रहीं पूजा और एमबीए ग्रेजुएट शशांक ने अपनी जमा-पूंजी के 3 लाख रुपये लगाकर इस सफर को शुरू किया। आज यह ब्रांड न केवल भारत में बल्कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसे देशों में भी अपनी पहचान बना चुका है। परंपरा और आधुनिकता का यह अनूठा संगम अब 1 करोड़ रुपये महीने के रेवेन्यू तक पहुंच गया है। यह साबित करता है कि अगर उत्पाद में इमोशन हो तो वह बाजार में अपनी जगह खुद बना लेता है। आइए, यहां पूजा नादिग और शशांक शिवपुरपु की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। नेरिगे स्टोरी की नींव पूजा नादिग और शशांक शिवपुरपु की साझा हिम्मत पर टिकी है। पूजा बीएमएस कॉलेज ऑफ



इंजीनियरिंग से ग्रेजुएट हैं। टीसीएस में पांच साल तक वह सॉफ्टवेयर टेस्टिंग की नौकरी कर रही थीं। वहीं, शशांक ने फिलीपींस से एमबीए करने के बाद सेल्स और स्टार्टअप्स में हाथ आजमाया था। क्रिएटिविटी को उड़ान देने के लिए साड़ी व्यवसाय शुरू करने का आइडिया साझा किया। 2020 में लॉकडाउन ने पति-पत्नी को आत्म-चिंतन का समय दिया। उन्होंने अपनी जमी-जमाई नौकरियां छोड़कर उद्यमिता की अनिश्चित राह पर चलने का फैसला किया।

### 3 लाख की सेविंग से शुरू किया काम

इस कपल के परिवार में बिजनेस का कोई अनुभव नहीं था। पूजा और शशांक ने अपनी 3 लाख रुपये की सेविंग के साथ शुरुआत की। संसाधनों की कमी के कारण वे खुद ही हर काम करते थे। पूजा साड़ियों के लिए मॉडल बनती थीं और शशांक फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर। अतिरिक्त पैसे कमाने के लिए पूजा ने जुंबा इंस्ट्रक्टर के रूप में काम किया, जबकि शशांक ने फिटनेस ट्रेनिंग दी। टेक्सटाइल इंडस्ट्री का अनुभव न होने के कारण उन्होंने महीनों बुनकरों और कारीगरों से बात करने और डी2सी ऑपरेशंस को समझने में बिताए। उनकी यही हाइपर-इंडिपेंडेंस उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। ब्रांड की सफलता का राज उसका विंटेज कलेक्शन रहा। पूजा ने बाजार में एक खालीपन देखा था। साड़ियां आधुनिक तो हो रही थीं। लेकिन, उनमें भावनात्मक जुड़ाव कम था। उन्होंने 1950 के दशक की सादगी वाले कॉटन डिजाइनों को दोबारा जिंदा किया। वाराणसी, मदुरै और जयपुर जैसे पारंपरिक केंद्रों के बुनकरों के साथ मिलकर उन्होंने ऐसे उत्पाद तैयार किए जो ग्राहकों को उनकी दादी की याद दिलाते हैं।

# तीन माओवादियों को 10-10 साल की सजा

## 42-42 हजार रुपये का लगाया जुर्माना □जून 2022 को ठेकेदार से लेवी मांगी थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने पुलिस पर गोलीबारी करने के मामले में माओवादी सामुएल हस्सा, चंबरा मुंडा और बिरसा बिरसा मुंडा को बुधवार को 10-10 साल कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने तीनों पर 42-42 हजार का जुर्माना लगाया गया है। नहीं देने पर अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने मामले में तीनों को मंगलवार को दोषी करार दिया था।

अदालत ने तीनों को आर्म्स एक्ट की चार धाराओं में एवं सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने के आरोप में सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध हथियार रखने का आरोप तीनों पर साबित हुआ था।

तीनों पहले से ही न्यायिक हिरासत में थे। मामला नामकुम थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सुनील



कुमार तिवारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

आरोप है कि 11 जून 2022 को नामकुम के सोगोद गांव के दक्षिण-पूर्वी जंगल में जय माता दी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा ग्रामीण सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान तीनों उग्रवादी ठेकेदार से लेवी की मांग कर रहे थे।

सूचना मिलने पर पुलिस छापेमारी के लिए पहुंची, तभी उग्रवादियों ने पुलिस बल पर गोलीबारी शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में सामुएल हस्सा कमर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने पीछा कर तीनों माओवादियों को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाहों का बयान दर्ज कराया गया, जिसके आधार पर कोर्ट ने तीनों आरोपितों को दोषी ठहराया।

## पेंशनधारकों को मिलेगी सुविधा

**पटना।** राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित लाभुकों के लिए पंचायत और प्रखंड में शिविर लगाकर पेंशन दिया जाएगा। बुजुर्ग, दिव्यांग व विधवा लाभार्थियों का अगर जीवन प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण नहीं हो पाया है, तो उनकी पेंशन बंद नहीं होगी।

पंचायत और प्रखंड में जीवन प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण की सुविधा दी जाएगी। बुधवार को समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने सूचना भवन के संवाद हाल में पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अबतक 70 लाख लाभुकों का जीवन प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण हो चुका है। पंचायत और प्रखंड में प्रत्येक महीने एक दिन शिविर लगाकर जीवन प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण कराया जाएगा। दिव्यांग बच्चों के लिए प्रत्येक प्रमंडल में 500 बेड की क्षमता वाली आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे। इस मौके पर विभागीय सचिव वंदना प्रेयषी ने कहा कि महिला बाल विकास निगम के माध्यम से लड़कियों को 21 तरह के कौशल के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# साइबर ठगों ने अब बदला अपना ट्रेंड

## ट्रैफिक चालान के नाम पर कर रहे ठगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटकमसांडी।** सावधान हो जाइए! साइबर ठग एक बार फिर नए और बेहद खतरनाक तरीके से लोगों को निशाना बना रहे हैं। इस बार ठगों ने मोटरसाइकिल और कार मालिकों को अपना शिकार बनाया है। यातायात विभाग के नाम से फर्जी चालान और पेनाल्टी के मैसेज भेजकर लोगों से ठगी की जा रही है। वाहन का नंबर भी असली होता है।

जानकारी के अनुसार, साइबर अपराधी वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर का हवाला देकर मोबाइल पर एसएमएस भेज रहे हैं। इन संदेशों में लिखा होता है कि संबंधित वाहन से जुड़ा चालान, जुमार्ना या कोई जरूरी सूचना लंबित है, जिसे देखने या निपटाने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करना जरूरी है।

जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, उसका मोबाइल या बैंकिंग से जुड़ी गोपनीय जानकारी साइबर ठगों के हाथ लग जाती है। इसके बाद कुछ ही पलों में बैंक खाते से पूरी रकम साफ कर दी जाती है।

साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि संदेश में सटीक वाहन संख्या लिखी होने के कारण लोग इसे असली समझ लेते हैं और बिना जांच-पड़ताल किए लिंक खोल देते हैं। यही लापरवाही उनके लिए भारी नुकसान का कारण बन रही है। वर्तमान समय में यह ठगी का तरीका तेजी से फैल रहा है और कई लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं।

इसी तरह का एक मामला हेदलाग गोविंदपुर निवासी रोहित यादव के साथ सामने आया। रोहित यादव को भी वाहन संख्या से जुड़ा एक संदिग्ध संदेश प्राप्त हुआ। हालांकि उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए लिंक पर क्लिक नहीं किया और पहले इसकी जानकारी जुटाई।

जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि संदेश पूरी तरह फर्जी था और यह साइबर ठगी का नया हथकंडा है। रोहित यादव ने समय रहते लोगों को भी इस बारे में सचेत किया। इससे पहले भी फर्जी चालान से ठगी के मामले सामने आ चुके हैं।

## रांची पहुंचे शकील अहमद खां

# संगठन और राजनीतिक मुद्दों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खां बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। रांची आगमन पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में मुलाकात हुई।

मुलाकात के दौरान कांग्रेस संगठन की मजबूती, मौजूदा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी विचार किया गया और दोनों राज्यों के अनुभवों को साझा करने को लेकर बातचीत हुई।

मीडिया से बातचीत में शकील अहमद खां ने झारखंड सरकार के कार्यों की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में 15 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जो देश के लिए एक मिसाल है। उनके अनुसार यह व्यवस्था गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।

शकील अहमद खां ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इन सुधारों की सकारात्मक चर्चा बिहार में भी हो रही है।

शकील अहमद खां ने बिहार की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वहां स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हैं, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है और मरीजों को दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। उनके अनुसार बिहार में व्यवस्था केवल प्रचार तक सीमित रह गई है और राज्य की विधि-व्यवस्था भी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है।

## जलसंकट होगा दूर

**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए योजना बनाई जा रही है। विभाग की कोशिश है कि इस बार गर्मी के सीजन से पहले इलाके में जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करा लिया जाए। पाइप लाइन के जरिए पानी पहुंचाने से लेकर बोरिंग कराने की योजना विभागीय स्तर से बन रही है।

जल संकट प्रभावित इलाकों की बात करें तो प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्र सुंदरवन, सीतारामपुर, गोपालनगर, राजीव नगर, जनकपुर, पचेया पहड़तली, विजय नगर आदि गांव है। जहां गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट उत्पन्न होने लगता है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इलाके में मेहनत मजदूरी करने वाले लोग हैं। क्षेत्र में अनुसूचित जातियों की बहुलता है।

नारदीगंज प्रखंड के डोहरा, हड़िया व पेश पंचायत के करीब एक दर्जन गांवों में गर्मी शुरू होते ही पानी की समस्या विकराल हो जाती है। इन गांवों में करीब 10 हजार की आबादी है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। लेकिन पानी की समस्या हर साल इन्हें परेशान करती है।

# एसडीएम ने की चाय दुकानदारों के साथ संवादात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम ह्यकॉफी विद एसडीएम के तहत बुधवार को चाय दुकानदारों के साथ एक संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चाय की गुमटी, ठेला और छोटी दुकानों का संचालन करने वाले विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और चाय दुकानदारों के बीच संवाद को मजबूत करना और उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझना रहा।

बैठक के दौरान चाय दुकानदारों ने अपने रोजमर्रा के व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। दुकानदारों ने बताया कि चाय की गुमटी और ठेले न केवल आजीविका का साधन हैं, बल्कि सामाजिक संवाद के भी महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने व्यवस्था में सुधार और स्थानीय स्तर पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर अपने सुझाव साझा किए।

एसडीएम संजय कुमार ने दुकानदारों की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं व सुझावों पर अमल करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद से प्रशासन को जमीनी हकीकत समझने में मदद मिलती है और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

बैठक में नगर परिषद के नगर मिशन प्रबंधक कौशल ठाकुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने शहरी फुटपाथ विक्रेताओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत उपलब्ध ऋण योजनाओं, स्वरोजगार सहायता और अन्य सरकारी लाभों के बारे में चाय दुकानदारों को विस्तार से बताया गया और इनका लाभ उठाने की अपील की गई।

### दुकान आवंटन और विधि-व्यवस्था पर हुए सवाल

चाय विक्रेताओं ने अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं भी खुलकर रखीं। विनय साव और सुदामा प्रसाद ने बताया कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं कि छोटे व्यवसायियों को सम्मानपूर्वक बुलाकर उनकी बात सुनी गई। कचहरी के समीप चाय दुकान चलाने वाली सकीना बीबी ने अपने दिव्यांग पुत्र के इलाज और पारिवारिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी, जिस पर सहायता का भरोसा दिया गया।मझिआंव मोड़ की चाय विक्रेता ललिता देवी ने अपने पुत्र की नशाखोरी की समस्या को उठाया और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। पुलिस लाइन के पास दुकान चलाने वाले नंदलाल यादव ने शहर में लगातार लगने वाले जाम की समस्या की ओर ध्यान दिलाया। लंबे समय से चाय व्यवसाय से जुड़े मुन्ना राम चंद्रवंशी ने कहा कि पहली बार एसडीएम के साथ बैठने का अवसर मिला और अब कार्यालय का भय भी समाप्त हुआ। कुछ दुकानदारों ने भूमि विवाद, विधि-व्यवस्था और नगर परिषद द्वारा दुकान आवंटन की प्रक्रिया पर असंतोष जताया। उनका कहना था कि पात्र होने के बावजूद कई फुटपाथ विक्रेताओं को दुकान आवंटित नहीं की गई है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सभी बातों को सुनने के बाद एसडीएम ने चाय विक्रेताओं को अपना मोबाइल नंबर दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कठिनाई की स्थिति में विक्रेता सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। चाय दुकानदारों ने इस संवादात्मक मंच की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी आवाज सीधे प्रशासन तक पहुंचती है। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि आगे भी समाज के विभिन्न वर्गों के साथ इस तरह के संवाद जारी रहेंगे।

# मजिस्ट्रेट की पत्नी पर हुए गोलीकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

## तीनों हमलावर दबोचे गये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** समस्तीपुर में पदस्थापित न्यायिक दंडाधिकारी संतोष कुमार साह की पत्नी वंदना कुमारी साह की हत्या के लिए शूटरों को दो लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मजिस्ट्रेट के भाई सुबोध कुमार साह सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने प्रेस वार्ता में गोलीकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में सुबोध कुमार साह के अलावा मो. आरिफ और श्याम कुमार साह शामिल हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर पूरे मामले की गुत्थी सुलझा ली है।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, वंदना कुमारी साह ने गोड्डा न्यायालय में अपने पति, जो वर्तमान में समस्तीपुर में पदस्थापित हैं, के विरुद्ध एक मुकदमा दायर किया था, जिसमें उनकी गवाही चल रही थी। गवाही की तिथि के दिन ही मजिस्ट्रेट का भाई सुबोध कुमार साह गोड्डा पहुंचा था। गवाही देकर लौटने के दौरान सुबोध के इशारे पर कहलगांव के दो शूटरों ने वंदना कुमारी साह पर गोली चला दी।

एसपी ने बताया कि शूटरों को महिला की पहचान मजिस्ट्रेट के भाई ने ही कराई थी और इसी काम के लिए उन्हें दो लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। घटना को अंजाम देने के लिए तीन बाइक पर कुल छह




लोग शामिल थे। एक बाइक पर सुबोध कुमार साह सवार था, जबकि अन्य दो बाइक पर श्याम कुमार साह और अन्य शूटर मौजूद थे।

गिरफ्तार आरोपित मो. आरिफ कहलगांव थाना क्षेत्र के काजीपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वह सुबोध साह के परिवार का परिचित था और उसी के माध्यम से शूटरों की व्यवस्था की गई थी। गोलीकांड के बाद प्रयुक्त हेलमेट, बाइक और अन्य सामान मो आरिफ के घर पर ही छिपाकर रखा गया था।

पुलिस ने घटनास्थल से गोली का अग्रभाग, घटना में प्रयुक्त दो बाइक, एक देसी कट्टा, खोखा सहित अन्य सामग्री बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, सभी हमलावर नशे के आदी हैं और स्मैक का सेवन करते हैं। फरार तीन आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस मामले के उद्भेदन में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, इंस्पेक्टर विष्णुदेव चौधरी, नगर थानेदार दिनेश महली, पथरगामा प्रभारी शिवदयाल सिंह, महागामा प्रभारी मनोज कुमार पाल सहित ध्रुव कुमार, रौशन कुमार, राज गुप्ता, पंकज कुमार, रोमा कुमारी, रोहित कुमार यादव, अंकित कुमार झा, गौरव कुमार, खालिद अहमद खान और तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# झारखण्ड में उच्च शिक्षा का हाल बेहाल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की भारी कमी है। स्थिति यह है कि यहां के संस्थानों में 54 छात्रों पर एक शिक्षक उपलब्ध हैं। दूसरी तरफ, पूरे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 23 छात्रों पर ही एक शिक्षक उपलब्ध हैं। हालात यह है कि उच्च शिक्षा में छात्र शिक्षक अनुपात के मामले में झारखंड बिहार से ही कुछ बेहतर स्थिति में है।

झारखंड के अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में तो स्थिति कुछ ठीक है। यहां के विश्वविद्यालयों और कालेजों में तो शिक्षकों की उपलब्धता और भी कम है। स्थिति यह है कि यहां के विश्वविद्यालयों और कालेजों में 60 छात्रों

### कालेजों में 60 छात्रों पर एक शिक्षक

पर एक शिक्षक उपलब्ध है, जबकि पूरे देश में यह अनुपात 24 ही है।

विश्वविद्यालयों और कालेजों में शिक्षकों की कमी का असर न केवल सकल नामांकन अनुपात पर पड़ता है, बल्कि विद्यार्थियों को दी जा रही शिक्षा पर भी पड़ता है। झारखंड विधानसभा में प्रस्तुत की गई झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण-2024-26 में भी इस स्थिति पर चिंता प्रकट की गई।

इसमें कहा गया कि लंबे समय से राज्य के विश्वविद्यालयों एवं कालेजों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से यह स्थिति बनी है। एआइएसएचई-2021-22 की रिपोर्ट के आधार पर इस सर्वेक्षण में आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं।

इस अवधि के बाद भी राज्य के विश्वविद्यालयों और कालेजों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है, इसलिए माना जा रहा है कि इस आंकड़े में अभी तक कोई बदलाव नहीं आया है।

बताते चलें कि राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। सहायक प्राध्यापकों के लगभग आधे पद रिक्त हैं तो सह प्राध्यापक एवं प्राध्यापक नहीं के बराबर हैं। यह स्थिति राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में है। इधर, सर्वोच्च न्यायालय ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों को चार माह के भीतर भरने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला ग्रामीण की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार ने की, जबकि संचालन निवर्तमान जिला महामंत्री निताई रजवार ने किया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा वंदे मातरम्‌ के सामूहिक गायन के साथ की गई।

बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से 25 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु के धनबाद आगमन पर उनके भव्य स्वागत एवं सम्मान की रूपरेखा तय की गई। साथ ही श्इ-ॠफ्अट-ॠ कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं और रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से एकजुट होकर जनसंपर्क अभियान को तेज करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री अपर्णा सेन गुप्ता, प्रदेश नेत्री तारा देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, रामप्रसाद महतो, आशीष मुखर्जी, नीलकंठ रवानी, संजय महतो, अनिल यादव, रंजीत सिंह, नयन मिश्रा, निवास तिवारी, मनबोध रवानी, पिंकु महतो, समीर साव, विद्युत चक्रवर्ती, सपन बनर्जी, अमर साव, विकास चंद्रा, भीमलाल भंडारी, गोविंद टुडू, पप्पू विश्वकर्मा, रेखा देवी, आस्तिक मंडल, माथुर मंडल, जहीरुद्दीन अंसारी, सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जसीडीह रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** आसनसोल एवं मालदा के मंडल समिति की बैठक में दोनों मंडल क्षेत्र के सांसद और सांसद प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रेलवे की ओर से जीएम रेलवे मिलिंद देउस्कर, मालदह डीआरएम मनीष गुप्ता और आसनसोल डीआरएम सुधीर कुमार शर्मा मुख्य रूप से थे।

बैठक में सभी सांसद और सांसद प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या और कुछ सुझावों को रेखा। गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की ओर से सांसद प्रतिनिधि हरिकिशोर सिंह ने जसीडीह रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में इजाफा करने समेत कई मांगों को रेलवे के अधिकारियों के समक्ष रखा। जिस पर गंभीरता से विचार करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि आरोग्य भवन, जसीडीह-संथाली आरओबी का कार्य इसी माह शुरू किया जाएगा।

हरिकिशोर ने जसीडीह के प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर एसकलेटर की जरूरत पर जोर दिया। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर लिफ्ट को अनिवार्य बताया। कहा कि जसीडीह एक तीर्थ स्थल स्टेशन है। यहां सभी गाड़ियों का ठहराव कम से कम पांच मिनट होना जरूरी है। दोनों मुख्य द्वार पर ग्लोसाइन वाला जसीडीह स्टेशन का बोर्ड होना चाहिए।

प्लेटफॉर्म पर उच्च क्वालिटी का उदघोषणा साउंड सिस्टम होना चाहिए। जिसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है। सभी प्रतीक्षालय में टीवी एवं साउंड बॉक्स लगाया जाना चाहिए। जिससे पैसेंजर को उसकी जगह पर गाड़ियों एवं अन्य सूचनाएं आसानी से मिलती रहे।

सांसद प्रतिनिधि ने प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त संख्या में बैठने के लिए बेंच की जरूरत पर ध्यान आकृष्ट कराया। नया फूट ओवर ब्रिज जो संथाली को जोड़ता है उसे नया बनाया जाना चाहिए। सेकंड क्लास वेटिंग हॉल को विकसित करने की चर्चा की। बताया कि आरोग्य भवन और जसीडीह-संथाली आरओबी इसी महीना शुरू करने का आश्वासन बैठक में दिया गया। आरओबी का काम इस महीने शुरू हो जाएगा।

## डीईओ की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**गुमला/रांची।** एसीबी की विशेष अदालत में रिश्वत मामले में आरोपित गुमला के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) सुनील शेखर कुजूर और कंप्यूटर आपरेटर अनूप किंडो की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका को बुधवार को खारिज कर दी। याचिका चार अगस्त को दाखिल की गई थी। मामला शिक्षिका कुंती देवी की शिकायत से जुड़ा है।

आरोप है कि 12 मई 2023 को गुमला जिले के माघी बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण तत्कालीन डीईओ सुनील शेखर कुजूर ने किया था। इसके बाद नौ दिसंबर 2023 को सौंपे गए निरीक्षण प्रतिवेदन में शिक्षिका कुंती देवी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।

कुंती देवी ने समय पर अपना जवाब भी दिया, लेकिन इसके बावजूद दोषमुक्त करने के एवज में उनसे एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की गई। इससे परेशान होकर शिक्षिका ने एसीबी से शिकायत की।

# किशोरी की तलाश को ले एसआइटी का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर गांव से 15 वर्षीय किशोरी मुन्नी कुमारी उर्फ रानू कुमारी के लापता होने के मामले को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

किशोरी की शीघ्र और सुरक्षित बरामदगी को लेकर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल स्वयं निगरानी कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है।

गठित एसआइटी में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम में डीएसपी मुख्यालय वसीम रजा, पुलिस निरीक्षक सनोज चौधरी तथा गिद्धौर थाना प्रभारी शिवा यादव को शामिल किया गया है।

एसआइटी के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, वहीं गिद्धौर थाना पुलिस भी अपने स्तर से संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पुलिस द्वारा आसपास के गांवों, हाट-बाजारों एवं संभावित स्थानों पर पोस्टर चिपकाकर आम लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 28 दिसंबर 2025 को किशोरी घर से पिकनिक जाने के लिए निकली थी, जिसके बाद वह रास्ते में बिछड़ गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तब गिद्धौर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने किशोरी के बारे में ठोस सूचना देने वाले के लिए घोषित इनाम की राशि 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मुन्नी की सुरक्षित बरामदगी उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# यूरोप में शुरू हो रही नई टी-20 लीग

## ईटीपीएलः अभिषेक बच्चन और स्टीव वॉ जैसे बड़े नाम जुड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूरोप में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) का ऐलान किया गया है। 6 टीमों के बीच खेली जाने वाली इस लीग में ऑनर के तौर पर क्रिकेट और मनोरंजन जगत की हस्तियां जुड़ी हुई हैं। प्रमुख नामों में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ और बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी काइल मिल्स और नाथन मैकुलम भी एक फ्रेंचाइजी के मालिक हैं, और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी एक फ्रेंचाइजी के मालिक हैं। स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श जैसे खिलाड़ी लीग में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। बुधवार को आधिकारिक तौर पर यह पुष्टि की गई कि स्टीव वॉ और ग्लेन मैक्सवेल ईटीपीएल की फ्रेंचाइजी ओनरशिप का हिस्सा होंगे। यह लीग आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स में खेली जाएगी। इसका उद्देश्य यूरोप में क्रिकेट के स्तर को ऊपर उठाना है। लीग पिछली गर्मियों में लॉन्च होनी थी, लेकिन अब इसे 2026 में शुरू करने की तैयारी है। लीग की तीन फ्रेंचाइजियों में एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग हैं। अन्य तीन टीमें अभी बिकनी बाकी हैं। भविष्य में बिकने वाली टीमों के बेस डबलिन, रॉटरडैम और ग्लासगो में होंगे। लीग का पहला सीजन 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाना है। यह आईसीसी से मान्यता प्राप्त पहली ऐसी टी20 लीग होगी, जो एक से ज्यादा देशों में आयोजित की जाएगी। मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक, यह इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग के फाइनल के करीब 10 दिन बाद शुरू होगी, हालांकि इसके कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) से टकराने की संभावना बनी हुई है। स्टीव वॉ एम्स्टर्डम फ्लेम्स फ्रेंचाइजी के मालिक निवेशक समूह का हिस्सा हैं। इस समूह में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व



फील्ड हॉकी महान खिलाड़ी जेमी ड्वायर भी शामिल हैं। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल आयरिश वुल्व्स फ्रेंचाइजी के को-ओनर हैं और उनके साथ ऑस्ट्रेलिया की इंश्योरेंस कंपनी एनआरएमए के पूर्व ग्रुप सीईओ रोहन लुंड जुड़े हुए हैं। नाथन मैकुलम और काइल मिल्स ने एडिनबर्ग फ्रेंचाइजी खरीदी है। ईटीपीएल, क्रिकेट आयरलैंड और भारत की रूल्स ग्लोबल का एक संयुक्त उद्यम है, जबकि क्रिकेट स्कॉटलैंड और नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड इसके रणनीतिक साझेदार हैं। अभिषेक बच्चन इस लीग के को-फाउंडर हैं, और उनके साथ तीन अन्य भारतीय निवेशक भी जुड़े हैं, जिनमें आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व सीईओ धीरज मल्होत्रा का नाम भी शामिल है। स्टीव वॉ ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि स्टीवन स्मिथ और मिचेल मार्श ने एम्स्टर्डम फ्लेम्स के साथ करार किया है। नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स भी इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा होंगे। टिम डेविड के साथ भी बातचीत चल रही है। वॉ का मानना है कि यह लीग यूरोपियन और कॉन्टिनेंटल खिलाड़ियों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। दुनिया के बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ चार-पांच हफ्ते खेलने का मौका स्थानीय खिलाड़ियों की प्रगति को तेज करेगा। इंडियन सुपर लीग, प्रो कबड्डी लीग और इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के माध्यम से स्पोर्ट्स से लंबे समय से जुड़े अभिषेक बच्चन की विदेशी स्पोर्ट्स फ्रेंचाइजी में यह पहली बड़ी भागीदारी है। लीग के को-फाउंडर अभिषेक बच्चन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि ईटीपीएल जल्द ही एक भारतीय ब्रॉडकास्टर के साथ करार करने वाली है। पहले सीजन के मुकाबले आयरलैंड और नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे, जबकि फाइनल वेन्यू अभी तय किए जा रहे हैं। इस लीग का मकसद सिर्फ क्रिकेट कराना नहीं, बल्कि यूरोप में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और फैंस को एक यादगार टी20 अनुभव देना है।

# अमेलिया वाल्वेर्डे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच बनीं

● एएफसी एशियाई कप से पहले हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को इस साल एएफसी महिला एशियाई कप में हिस्सा लेना है। इससे पहले ही एआईएफएफ ने नए मुख्य कोच की घोषणा कर दी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कोस्टा रिका की अमेलिया वाल्वेर्डे को भारतीय सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच बनाया। 39 वर्ष की अमेलिया अंताल्या में भारतीय टीम के शिविर में पहुंच गई हैं। भारतीय टीम मार्च में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही हैं। 15 बरस पहले कोचिंग करियर की शुरुआत करने वाली अमेलिया 2015 से 2023 तक कोस्टा रिका महिला टीम की कोच रहीं। उनके कार्यकाल में कोस्टा रिका ने 2015 और 2023 फीफा महिला विश्व कप में भाग लिया। वह 2015 विश्व कप में 28 वर्ष की थी और सबसे युवा मुख्य कोच रहीं। इससे पहले वह कोस्टा रिका सीनियर और अंडर 20 महिला टीमों की कोच रहीं। उनके साथ गोलकीपिंग कोच एली अविला और स्ट्रेंथ तथा कंडीशनिंग कोच जोस सांचेज भी टीम से जुड़ेंगे।



# सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाली खिलाड़ी बनी दीया यादव

वैभव सूर्यवंशी जैसा बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूपीएल इंडियन प्रीमियर लीग में सिर्फ 14 साल की उम्र में डेब्यू करके वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया था. जिसके बाद, वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे. वैभव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लगभग एक साल बाद, अब महिला प्रीमियर लीग) में भी सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाली खिलाड़ी का नया रिकॉर्ड बन गया है. मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मंगलवार यानी 20 जनवरी को वडोदरा में खेले गए मुकाबले में 16 साल की दीया यादव ने डेब्यू करते हुए ये कारनामा किया है. इसी के साथ, दिल्ली के लिए खेलते हुए इस युवा बल्लेबाज ने अपना नाम डब्ल्यूपीएल की रिकॉर्डबुक में दर्ज करवा लिया है.



# रियल मैड्रिड की बड़ी जीत

## स्पोर्टिंग ने पीएसजी को चौंकाया



**मैड्रिड, एजेंसी।** काइलियन एम्बाप्पे के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रियल मैड्रिड ने यूईएफए चैंपियंस लीग के लीग फेज मुकाबले में मोनाको को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इस बड़ी जीत के साथ ही रियल मैड्रिड ने टॉप-आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया है। अपने पुराने क्लब मोनाको के खिलाफ खेलते हुए एम्बाप्पे ने दो गोल दागे और अपनी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। एम्बाप्पे ने फेडे वाल्वरडे की थ्रू बॉल पर पांचवें मिनट में ही पहला गोल कर रियल को बढ़त दिलाई। इसके बाद 25वें मिनट के आसपास फार पोस्ट पर शानदार स्लाइड करते हुए उन्होंने दूसरा गोल दागा और हाफटाइम तक स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा और बढ़ गया। 51वें मिनट में फ्रेंको मास्टैंटुओनो ने तीसरा गोल किया, जबकि थिलो केहरर से आत्मघाती गोल हो गया। विनीसियस जूनियर ने पांचवां और जूड बेलिंगहैम ने छठा गोल किया। मोनाको की ओर से एकमात्र गोल जॉर्डन टेजे ने किया। दूसरी ओर, पुर्तगाल में खेले गए मुकाबले में स्पोर्टिंग क्लब डी पुर्तगाल ने पेरिस सेंट जर्मेन को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। लुइस सुआरेज ने 74वें और 90वें मिनट में गोल कर स्पोर्टिंग को अहम जीत दिलाई, जिससे टीम स्टैंडिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई। पीएसजी का दबदबा पूरे मैच में रहा, लेकिन उसके दो गोल रद्द कर दिए गए। सब्स्टीट्यूट ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने शानदार कर्लिंग शॉट से बराबरी जरूर की, लेकिन आखिरी क्षणों में सुआरेज ने हेडर से निर्णायक गोल कर दिया। अन्य मुकाबलों में, एजेक्स ने आखिरी मिनट में ओलिवर एडवर्डसन के गोल की मदद से विलारियल को हराया। वहीं, ओलंपियाकोस ने पिरियस में बायर लेवरकुसेन को 2-0 से मात देकर जर्मन टीम के खिलाफ 14 मैचों में पहली जीत दर्ज की। कोस्टिन्हा और मेहदी तारेमी के तेज काउंटरअटैक ने ओलंपियाकोस की जीत की नींव रखी, जबकि गोलकीपर कोस्टास जोलाकिस ने शानदार बचाव कर टीम की बढ़त बनाए रखी।

# 213 रन ठोकने वाली दिल्ली कैपिटल्स की तूफानी बल्लेबाज पर जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स की स्टार बल्लेबाज लिजेल ली पर जुर्माना लगाया गया है. इतना ही नहीं डब्ल्यूपीएल 2026 में अब तक 213 रन ठोक चुकी इस खिलाड़ी के खाते में जुर्माने के साथ एक डिमेरिट अंक भी जोड़े गए हैं. लेकिन, बड़ा सवाल ये है कि लिजेल ली से गलती क्या हुई? कब हुई? ये पूरा मामला डब्ल्यूपीएल 2026 में 20 जनवरी को दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले मुकाबले से जुड़ा है.

**लिजेल ली ने मानी गलती, 10% जुर्माने के साथ मिली ये सजा–** लिजेल ली को जब आउट दिया गया वो डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने एक और अर्धशतक के करीब थीं. वो 28 गेंदों में 46 रन बनाकर पूरे विस्फोटक मिजाज में खेल रही थीं. ऐसे में जब उन्हें थर्ड अंपायर ने आउट दिया तो उन्होंने उस फैसले पर थोड़ी नाराजगी जाहिर की, जिसके क्रिकेट की रूल बुक की आचार संहिता के तहत गलत पाया गया.



## लाइव मैच में कब घटी घटना?

वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की इनिंग के 11वें ओवर में बल्लेबाजी कर रहीं लिजेल ली को आउट दे दिया गया. वो मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अमनजोत कौर की गेंद पर स्टंप हुई थीं. मामला थोड़ा नजदीकी था तो उन्हें आउट देने से पहले थर्ड अंपायर ने कैमरों के कई एंगल जांचे.

# राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी को सम्मान नहीं जुर्माना

मेडल दिखाने के बाद भी खिलाड़ी और कोच को TTE ने ट्रेन से उतारा






**नई दिल्ली, एजेंसी।** पोल वॉल्ट में भारत के नेशनल रिकॉर्ड होल्डर देव कुमार मीणा और उनके कोच घनश्याम को पनवेल रेलवे स्टेशन पर शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा। उन्हें अपना खेल उपकरण ले जाने की इजाजत नहीं मिली और ट्रेन से उतार दिया गया। ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर ने उन्हें अपने उपकरण के बगैर यात्रा करने को कहा। फिर काफी मिन्नतें करने और जुर्माना भरने के बाद ही जाने दिया गया। 20 साल के देव कुमार मीणा ने जुलाई 2025 में जर्मनी में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में 5.40 मीटर की छलांग लगाकर तीसरी बार अपना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा था। वह मीट रिकॉर्ड बानने वाले कुलदीप और अन्य साथी एथलीटों के साथ मंगलुरु में ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप से लौट रहे थे।

**कोच घनश्याम ने क्या कहा?–** कोच घनश्याम ने मंगलवार को को बताया, 'हम मंगलुरु से लौट रहे थे और हमें पनवेल से भोपाल के लिए ट्रेन लेनी थी।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनःमेदवेदेव-अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंचे

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में रूस के स्टार टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं विमेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका भी दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं। जबकि दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने नया कीर्तिमान बनाया है। वह साल 2000 के बाद मेलबर्न में लगातार 15 मैच जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। इस खास क्लब में उनसे पहले रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और आंद्रे आगासी शामिल हैं। मेदवेदेव ने सीधे सेटों में फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को हराया दूसरे राउंड के मुकाबले में मेदवेदेव ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को कड़े संघर्ष में सीधे सेटों में 7-6, 6-4, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली।



अल्काराज पहला सेट टाईब्रेकर में जीते

अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। बुधवार को खेले गए मैच में उन्होंने जर्मनी के यानिक हानफमान को सीधे सेटो में 7-6, 6-3,6-2 से हराया। अल्काराज को पहले सेट जीतने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। इस सेट को उन्होंने ट्राई ब्रेक में 7-6 से जीता। दूसरे सेट के बाद जर्मन खिलाड़ी ने मेडिकल टाइम आउट लिया दूसरे सेट के बाद यानिक हानफमान ने मेडिकल टाइम आउट लिया।

# 710 मैच में 2000 से ज्यादा विकेट लेने वाले क्रिकेटर की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की क्रिकेट टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर है. 22 जनवरी से इस दौरे की शुरुआत हो रही है, जिसके पहले मैच में अगर इंग्लैंड के खिलाड़ी काली पट्टी बांधे मैदान पर उतरें तो हैरानी नहीं होनी चाहिए. ऐसा वो नॉर्मन गिफर्ड के निधन पर शोक जताने के लिए कर सकते हैं. इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नॉर्मन गिफर्ड का निधन 85 साल की उम्र में हुआ. नॉर्मन गिफर्ड ने अपने जीवन के 28 साल क्रिकेट को दिए, इस दौरान उन्होंने 1107 मुकाबले खेले, जिसमें से 17 इंटरनेशनल मैच शामिल रहे.

**1960 में शुरू हुआ क्रिकेट करियर–** नॉर्मन गिफर्ड के क्रिकेट करियर की शुरुआत 1960 में हुई थी. वो 22 सालों तक वूर्सेस्टरशर के लिए क्रिकेट खेले. इसके अलावा काउंटी क्रिकेट में उन्होंने वार्विकशर का भी प्रतिनिधित्व किया. गिफर्ड का इंटरनेशनल डेब्यू टेस्ट मैच से साल 1964 में हुआ था. उन्होंने अपना पहला टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था. जबकि आखिरी टेस्ट 1973 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला.



**नॉर्मन गिफर्ड का करियर–** नॉर्मन गिफर्ड के करियर की बात करें तो फर्स्ट क्लास क्रिकेट में खेले 710 मैचों में उन्होंने 7048 रन बनाने के अलावा 2068 विकेट अपने नाम किए हैं. वहीं लिस्ट ए क्रिकेट में खेले 397 मैचों में 1478 रन बनाने के 443 विकेट लिए हैं. सिर्फ इंटरनेशनल करियर की बात करें तो इंग्लैंड के लिए खेले 17 मैचों में उन्होंने 179 रन बनाने के अलावा 37 विकेट लिए हैं.

## सबसे ज्यादा उम्र में कप्तानी का बनाया रिकॉर्ड

नॉर्मन गिफर्ड के नाम वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा उम्र में कप्तानी करने का रिकॉर्ड भी दर्ज है. जिस सीरीज में उनका ह्षष्ढ्ढ डेब्यू हुआ, उसी सीरीज में उन्होंने कप्तानी भी की. वही उनके करियर की पहली और आखिरी सीरीज भी रही. नॉर्मन गिफर्ड ने 1985 में 44 साल और 359 दिन की उम्र में शारजाह में खेली 4 देशों की वनडे सीरीज में डेब्यू किया था. गिफर्ड को इस सीरीज में डेविड गावर की जगह मौका मिला था. वो सबसे ज्यादा उम्र में डेब्यू करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं. नॉर्मन गिफर्ड ने जिस वनडे इंटरनेशनल में डेब्यू किया, उसी में उन्होंने कप्तानी भी की. 44 साल और 359 दिन की उम्र में ही वनडे इंटरनेशनल में कप्तानी करने वाले वो दुनिया के सबसे उम्रदराज कप्तान भी बने. ये रिकॉर्ड आज भी कायम है.

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026

# बांग्लादेश होगा आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर?

## ऐसा हुआ तो इस टीम की हो सकती है मौज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खेलने को लेकर बांग्लादेश की डेडलाइन अब खत्म होने वाली है. 17 जनवरी को ढाका में हुई मीटिंग में आईसीसी ने 21 जनवरी तक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को अपना फाइनल फैसला सुनाने को कहा था. डेडलाइन अब खत्म होने को है मगर अभी तक बांग्लादेश क्रिकेट की तरफ से कोई सुगबुगाहट नहीं है. वो अभी भी चुप्पी साधे हैं और अगर ये चुप्पी आगे भी कायम रही तो फिर बांग्लादेश का टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो सकती है.

**बांग्लादेश का फाइनल फैसला क्या होगा?–** आईसीसी के साथ जब पिछली बातचीत हुई थी तो बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड उसमें भी अपनी मांग पर अड़ा था. उसका कहना था कि वो टूर्नामेंट में खेलना चाहता है मगर इस शर्त पर कि उसके मुकाबले भारत से बाहर श्रीलंका में कराए जाएं, जो कि टूर्नामेंट का दूसरा होस्ट है. उस मीटिंग में बांग्लादेश में खिलाड़ियों की सुरक्षा को भारत में ना खेले की वजह बताया. इसके अलावा बांग्लादेश ने आईसीसी से अपने ग्रुप को बदलने की मांग भी की थी. उसका कहना था कि आयरलैंड के साथ उसके ग्रुप को बदल दिया जाए. बांग्लादेश ग्रुप सी में है जबकि आयरलैंड ग्रुप बी में, जिसे अपने सारे मैच श्रीलंका में खेलने हैं. यही वजह है कि बांग्लादेश ने ये मांग रखी थी.



**आईसीसी की दी डेडलाइन अब खत्म होने को है–** हालांकि, आईसीसी पर बांग्लादेश की मांगों का जरा भी असर नहीं हुआ था. उसने उसी वक्त उसे साफ कर दिया था कि ना तो शेड्यूल बदलेगा और ना ही ग्रुप. ऐसा कहते हुए ही आईसीसी की तरफ से ये अल्टीमेटम दिया गया कि वो 21 जनवरी तक किसी नतीजे पर पहुंचे.

## बांग्लादेश नहीं तो कौन?

अब सवाल है कि बांग्लादेश नहीं तो कौन? बांग्लादेश क्रिकेट टीम पर फैसले का दिन है और अगर वो उसके फेवर में नहीं हुआ तो फिर उस सूरत में स्कॉटलैंड को खेलने का मौका मिल सकता है. ऐसा माना जा रहा है कि स्कॉटलैंड को बेहतर रैंकिंग के आधार पर बांग्लादेश की जगह टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खेलने का मौका मिल सकता है. हालांकि, ऐसी रिपोर्ट है कि आईसीसी की ओर से अभी तक इसे लेकर स्कॉटलैंड क्रिकेट बोर्ड से संपर्क नहीं साधा गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### हमने मजाक में नहीं कहा है; लावारिस कुत्तों को खाना देने वालों पर की दो टूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि लावारिस कुत्तों के मामलों में हमारी



पिछली टिप्पणियों को लेकर गलतफहमी में न रहें, हम इस मामले को लेकर गंभीर हैं। अदालत ने कहा कि लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने वालों की जवाबदेही तय करेंगे। जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि अदालत द्वारा पिछली सुनवाई पर की गई टिप्पणियां शायद व्यंग्य में की गई थीं। भूषण ने अदालत की उस टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें कहा गया कि लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इसकी मीडिया में गलत रिपोर्टिंग हुई। भूषण ने कहा कि इन टिप्पणियों का सहारा लेकर खाना खिलाने वालों को पीटा जा रहा है, परेशान किया जा रहा है। इस पर जस्टिस नाथ ने कहा, हमने यह व्यंग्य में नहीं, बल्कि बहुत गंभीरता के साथ कहा था। हमें नहीं पता कि हम क्या करेंगे, लेकिन हम इस मुद्दे को लेकर गंभीर थे। लावारिस कुत्तों से जुड़े मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की आलोचना करने पर शीर्ष अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि उन्होंने अदालत की अवमानना ङ्कङ्की है। अदालत ने कहा, मुंबई हमलों के दोषी अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की, लेकिन आपने (मेनका गांधी) की है। कोर्ट की उदारता के कारण हम उन पर अवमानना ङ्कङ्की कार्यवाही शुरू नहीं कर रहे हैं।

### रील के चक्कर में नहीं बनाया था खाना और फिर अपने दांतों से ही काट ली पति की जीभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर में एक बेहद हैरान करने वाली घटना सामने आई



है। यहां एक महिला ने अपने पति की जीभ काट डाली। मोदीनगर के संजयपुरी कॉलोनी में हुई घटना में अब रीलबाजी की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि रात रील बनाने के चक्कर में पत्नी ने खाना नहीं बनाया था जिसकी वजह से झगड़ा हुआ था। इस दौरान पत्नी ने दांतों से पति की जीभ काट डाली। परिजनों के मुताबिक आरोपी पहले भी गाली-गलौज और मारपीट करती थी। सास की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मोदीनगर थानाक्षेत्र की संजयपुरी कॉलोनी निवासी विपिन कुमार एक फैक्टरी में नौकरी करते हैं। उनकी शादी करीब छह महीने पहले मेरठ के मलियाना फाटक निवासी ईशा के साथ हुई थी। विपिन की मां गीता देवी का आरोप है कि बहू शराब और सिगरेट पीने की आदी थी और सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर अक्सर घर में विवाद होता रहता था। बेटा विपिन इन आदतों का विरोध करता था, जिसे लेकर बहू उसके साथ न सिर्फ गाली-गलौज और मारपीट करती थी, बल्कि आत्महत्या कर जेल भिजवानी की धमकी देती थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को ईशा ने कई वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाले थे। रील के चक्कर में ईशा ने भोजन भी नहीं बनाया था। शाम को जब विपिन ड्यूटी से अपने घर पहुंचे और भोजन मांगा तो विवाद हो गया। विपिन ने ईशा को थप्पड़ मार दिया। गीता के मुताबिक उन्होंने भोजन बाहर से मंगवाकर विवाद समाप्त करा दिया। इसके बाद बहू-बेटा कमरे में सोने के लिए चले गए। बताया जा रहा है कि रात एक भोजन बनाने की बात को लेकर फिर से विवाद हो गया। ईशा मुंह से विपिन की जीभ काटकर अलग कर दी। एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि विपिन की मां गीता देवी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। भोजन बनाने को लेकर हुए विवाद में उसने वारदात को अंजाम दिया।

# दिल्लीवालों को बसों का नहीं करना पड़ेगा इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में बसों के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने रूट प्रबंधन लागू करने की शुरुआत की है। पश्चिमी जोन में यह बुधवार से लागू कर दिया जाएगा। परिवहन मंत्री का कहना है कि दिल्ली में चरणबद्ध तरीके से 15 साल पुरानी बसों की फ्लीट को हटा दिए जाने के बावजूद कोई बस रूट बंद नहीं किया जाएगा।



दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल ट्रांसपोर्ट यमुना रीजन (ईस्ट) में सफल होने के बाद अब पश्चिम जोन में लागू की जा रही है। इसके बाद अगला चरण बहुत जल्द उत्तरी जोन में शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पश्चिमी जोन में बसों का संचालन सुगम बनाए रखने, बसों के फ्लीट का बेहतर इस्तेमाल करने और यात्रियों के प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए बस सेवाओं का पुनर्निर्धारण किया गया है। परिवहन मंत्री का कहना है कि इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है 12 मीटर वाला कोई भी रूट बंद न हो, बल्कि बस रूट को डिमांड, यात्रियों के राइडरशिप पैटर्न और कॉरिडोर की अहमियत के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से व्यवस्थित किया गया है। व्यस्ततम समय में राजधानी में बस यात्रियों को बेहतर और सुगम सेवा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त बसें भी तैनात की गई हैं। इस पहल से पश्चिमी जोन के सभी 181 रूट पर सेवाएं बेहतर होंगी। इस रूट पुनर्निर्धारण में नौ मीटर वाली देवी इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती भी की गई है, जिससे कि लोगों को सुविधा हो। गौरतलब है कि पुरानी डीटीसी बसों को चरणबद्ध तरीके से सरकार सड़कों से हटा रही है। इसके बदले में इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारी जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि इस वर्ष नवंबर तक डीटीसी के बेड़े में बसों की संख्या सात हजार तक पहुंचाई जाए, जिससे कि आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। परिवहन मंत्री का कहना है कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद से पब्लिक ट्रांसपोर्ट के बेड़े में अब तक 3600 से ज़्यादा इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा चुका है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाकर 5000 से ज्यादा करने की है। यानी आगामी करीब दो महीने में 1400 नई बसें बेड़े में शामिल हो जाएंगी। नवंबर 2026 तक बसों के बेड़े को बढ़ाकर 7000 से ज्यादा तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिससे राजधानी दिल्ली सस्टेनेबल मोबिलिटी में वैश्विक लीडर बन सके। इस रूट पुनर्निर्धारण में नौ मीटर वाली देवी इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती भी की गई है।

# दिल्ली को जाम से मिलेगी मुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्य सड़कों से जाम खत्म करने के लिए लोक



निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने तीन फ्लाईओवर से जुड़े बड़े प्रोजेक्टों को मंजूरी दी है। इसमें जनकपुरी, जखीरा और सीलमपुर फ्लाईओवर शामिल है। इनमें पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी पंखा रोड पर नए फ्लाईओवर की योजना के साथ ही दो अत्यंत महत्वपूर्ण फ्लाईओवर जखीरा और सीलमपुर की व्यापक मरम्मत का कार्य शामिल है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली के जिन इलाकों में ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है, वहां हम पहले से योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के फ्लाईओवर सिर्फ आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दशकों के लिए सुरक्षित होने चाहिए। इसी कारण हम आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

प्रवेश वर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राजधानी में सुरक्षित सड़कों, सुगम यातायात और मजबूत अवसंरचना को सुनिश्चित करना है।

# दिल्ली में बदला मौसम का मिजाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। मंगलवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। दिन में धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को राजधानी में हल्की बारिश और 20 से 30 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसके लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया था जबकि सोमवार को यह सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जबकि मंगलवार को यह सात डिग्री सेल्सियस सामान्य से अधिक था। राजधानी में हवा की दिशा बदलने से मौसम में बदलाव साफ महसूस किया जा सकता है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में नौ जनवरी को न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से नीचे चला गया था। इसके बाद से लगातार ही तापमान नीचे बना हुआ था। मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया यह सामान्य से 6.1 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### आज कैसा रहेगा मौसम?

बुधवार के मौसम के बारे में मौसम विभाग ने आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा छिछला कोहरा होने की संभावना जताई है। बुधवार को उत्तर और उत्तरी पश्चिमी हवा चलने की संभावना है।

### दिल्ली में ग्रैप-3 की सभी पाबंदियां जारी रहेंगी

दिल्ली-एनसीआर में पहले से लागू ग्रैप-3 के प्रतिबंध जारी रहेंगे। इन चरणों में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्माण कार्यों, वाहनों, कूड़ा जलाने और औद्योगिक गतिविधियों पर सख्ती से निगरानी की जाएगी। संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी सतर्कता बरतें, ताकि वायु गुणवत्ता फिर से बेहद गंभीर स्तर तक न पहुंचे। आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि ग्रैप के दिशानिर्देशों का पालन करें।

# गणतंत्र दिवस पर अभेद्य सुरक्षा

## दिल्ली अब हरित प्रयासों से कमाएगी राजस्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए इस बार एजेंसियां तकनीक का व्यापक इस्तेमाल कर रही हैं। लालकिले के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। एजेंसियां किसी भी चूक से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरत रही हैं और तकनीक आधारित सुरक्षा प्रणाली पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में सुरक्षा कारणों से मैनुअल व्यवस्था की जगह तकनीक आधारित पांच बड़े बदलाव लागू किए गए हैं।

इस बार सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कंटेनर आधारित बुलेटप्रूफ स्टेज तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री सहित अन्य वीआईपी की सुरक्षा को पूरी तरह अभेद्य बनाना है। साथ ही, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए इस बार पैदल यात्रियों के रूट में अहम बदलाव किए गए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में तीन से चार स्थानों पर रूट बदले गए हैं, जिन्हें पास से गुजरने वाले वाहनों से अलग और छोटा रखा गया है। पहले पैदल यात्रियों के रूट में कोई बदलाव नहीं किया जाता था और पूर्व से तय मार्गों का ही इस्तेमाल होता था। संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के लिए वीडियो एनालिटिक्स तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

नई दिल्ली जिले के एडिशनल पुलिस कमिश्नर देवेश महाला ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर खालिस्तानी आतंकी समूहों और बांग्लादेशी आउटफिट्स से जुड़े संभावित हमलों के इनपुट दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों को मिले हैं। इसे देखते हुए एआई तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी गई है। इस बार सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक सख्त और बहुस्तरीय रखी गई है। कंटेनर आधारित बुलेटप्रूफ स्टेज तैयार इस बार कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री और अन्य वीआईपी की सुरक्षा के लिए कंटेनर आधारित बुलेटप्रूफ स्टेज तैयार किया गया है। स्टेज को आधुनिक सुरक्षा उपकरण और प्लग-एंड-प्ले तकनीक से लैस किया गया है। इसे कहीं भी आसानी से सकते हैं।



पहले स्टेज सुरक्षा मुख्य रूप से सुरक्षाकर्मियों और तकनीकी निगरानी पर निर्भर थी। चारों ओर सुरक्षा घेरा और निगरानी के बावजूद स्टेज बुलेटप्रूफ नहीं होता था। इस बार पहली बार स्टेज में बुलेटप्रूफ कवच जोड़ा गया है। संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के लिए इस बार वीडियो एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। सिस्टम रियल टाइम अलर्ट देगा और डेटा को तुरंत कार्रवाई योग्य सूचना में बदलेगा। पहले सीसीटीवी फुटेज मैनुअल तरीके से निगरानी के लिए इस्तेमाल होते थे। सुरक्षा कर्मियों को स्क्रीन पर नजर रखनी पड़ती थी। रिकॉर्डिंग देखने और घटना के बाद संदिग्ध की पहचान संभव होती थी। तत्काल अलर्ट या त्वरित कार्रवाई की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। नई दिल्ली जिले में 31 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जिससे हर इलाके की निगरानी संभव है। सिस्टम में पहले से संदिग्धों का डेटा मौजूद है। परेड रूट के लिए छह विशेष कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। करीब 1,000 एचडी और फेस रिकॉग्निशन कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। पहले जिले में केवल 14 सीसीटीवी कंट्रोल रूम थे। वीडियो एनालिटिक्स नहीं थी और संदिग्धों की पहचान मैनुअल होती थी। परेड मार्ग के लिए तीन विशेष कंट्रोल रूम बनाए जाते थे। फेस रिकॉग्निशन तकनीक कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही उपलब्ध थी। सुरक्षा कारणों से पैदल यात्रियों के रूट में तीन-चार बदलाव किए गए हैं।

मार्ग को वाहनों से अलग और छोटा रखा गया है। चैनलाइजर, दिशा-सूचक बोर्ड और फ्रिस्किंग प्वाइंट लगाए गए हैं।

# चिंताजनक: माइक्रोप्लास्टिक से महासागर खो रहे कार्बन सोखने की ताकत, धरती की प्राकृतिक सुरक्षा हो रही कमजोर

**लंदन, एजेंसी।**
अध्ययन में सामने आया है कि माइक्रो प्लास्टिक फाइटोप्लैंकटन की प्रकाश-संश्लेषण क्षमता को घटा देते हैं और जूप्लैंकटन के चयापचय को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इसका सीधा नतीजा यह होता है कि जैविक कार्बन पंप कमजोर पड़ता है और महासागरों की कार्बन सोखने की क्षमता घटने लगती है।

धरती को जलवायु संकट से बचाने वाली सबसे बड़ी प्राकृतिक ढाल महासागर अब खुद खतरे में हैं। एक नए अध्ययन ने चेताया है कि माइक्रोप्लास्टिक महासागरों की कार्बन सोखने की क्षमता को कमजोर कर रहे हैं। इससे न केवल ग्लोबल वॉर्मिंग तेज हो सकती है, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी, मछली उत्पादन और करोड़ों लोगों की आजीविका पर भी असर पड़ने की आशंका है।

महासागर पृथ्वी के सबसे बड़े कार्बन सिंक माने जाते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इंसानी गतिविधियों से उत्सर्जित कुल कार्बन डाइऑक्साइड का करीब 30 फीसदी हिस्सा महासागर अब तक अपने भीतर समेट चुके हैं। इसके साथ ही महासागर ऑक्सीजन का भी सबसे बड़ा स्रोत हैं, जो पृथ्वी के तापमान संतुलन और जीवन के लिए अनिवार्य है। यही वजह है कि इन्हें जलवायु



परिवर्तन के खिलाफ धरती की सबसे बड़ी प्राकृतिक सुरक्षा ढाल माना जाता है। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ शारजाह, द एजुकेशन यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग, बीजिंग नार्मल यूनिवर्सिटी और पेशावर विश्वविद्यालय से जुड़े शोधकर्ताओं ने किया है। इसके नतीजे जर्नल ऑफ हैजर्डस मैटेरियल्स ¬ प्लास्टिक्स में प्रकाशित हुए हैं।

अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता डॉ. इहसानुल्लाह ओबैदुल्लाह के मुताबिक महासागरों में कार्बन जमा होने की एक अहम प्रक्रिया जैविक कार्बन पंप कहलाती है। समुद्र की सतह पर मौजूद फाइटोप्लैंकटन सूर्य के प्रकाश से भोजन बनाते हैं और इस प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड को सोख लेते हैं। बाद में जब ये सूक्ष्म पौधे मरते हैं या जूप्लैंकटन व अन्य समुद्री जीव इन्हें खाते हैं, तो इनमें जमा कार्बन उनके शरीर, मल या अवशेषों के साथ समुद्र की गहराइयों में चला जाता है, जहां यह सैकड़ों से हजारों साल तक कैद रह सकता है।

अध्ययन में सामने आया है कि माइक्रो प्लास्टिक फाइटोप्लैंकटन की प्रकाश-संश्लेषण क्षमता को घटा देते हैं और जूप्लैंकटन के चयापचय को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इसका सीधा नतीजा यह होता है कि जैविक कार्बन पंप कमजोर पड़ता है और महासागरों की कार्बन सोखने की क्षमता घटने लगती है। माइक्रोप्लास्टिक समुद्र की गहराइयों से लेकर आर्कटिक की बर्फ, मिट्टी, हवा, पानी, बादल, ग्लेशियर और मानव शरीर तक में पाए जा रहे हैं। चिंता की बात यह है कि माइक्रोप्लास्टिक अपने साथ जहरीले रसायन भी ढोते हैं, जो इंसानों और अन्य जीवों में पहुंचकर स्वास्थ्य जोखिम बढ़ाते हैं।

### शिंजो आबे को गोली मारने वाले अपराधी को आजीवन कारावास

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शिंजो आबे की हत्या करने की बात इस शख्स ने कबूल की थी। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और एक विवादास्पद दक्षिण कोरियाई चर्च के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों को उजागर किया है। जापान के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में शामिल शिंजो आबे प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद एक नियमित सांसद के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान 2022 में पश्चिमी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना ने सख्त बंदूक नियंत्रण वाले देश को स्तब्ध कर दिया। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने अक्टूबर में शुरू हुए मुकदमे में हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया। शूटर ने कहा कि वह एक विवादास्पद चर्च के प्रति नफरत से प्रेरित था। यामागामी ने कहा कि उसने आबे की हत्या तब की जब उसने पूर्व नेता की ओर से यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े एक समूह को भेजा गया एक वीडियो संदेश देखा। उसने आगे कहा कि उसका उद्देश्य उस चर्च को नुकसान पहुंचाना था, जिससे वह नफरत करता था और आबे के साथ उसके संबंधों को उजागर करना था। अभियोजकों ने यामागामी के लिए आजीवन कारावास की मांग की थी। वहीं, उनके वकीलों ने चर्च के अनुयायी के बच्चे के रूप में उनकी परेशानियों का हवाला देते हुए 20 साल से अधिक की सजा न देने की मांग की थी।

# चेरनोबिल में फिर खतरा! रूस के अटैक के बाद दुनिया की सबसे खतरनाक न्यूक्लियर साइट की बिजली गुल

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के चेरनोबिल न्यूक्लियर पावर प्लांट में बड़ा संकट आ गया है। दुनिया की सबसे बड़ी नागरिक न्यूक्लियर तबाही का गवाह रहा यह प्लांट मंगलवार सुबह अचानक पूरी तरह बाहरी बिजली से कट गया। संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी संगठन आईएईए ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी पुष्टि की। रूसी सेना की ओर से बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले हुए हैं। इससे यूक्रेन की कई महत्वपूर्ण बिजली सबस्टेशन्स क्षतिग्रस्त हो गईं। ये सबस्टेशन्स न्यूक्लियर सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं। चेरनोबिल प्लांट को बाहरी बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई, जबकि कुछ अन्य न्यूक्लियर पावर प्लांट्स की पावर लाइन्स भी प्रभावित हुईं। आईएईए के डायरेक्टर जनरल राफेल ग्रॉसी ने कहा कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और न्यूक्लियर सुरक्षा पर असर का आकलन कर रहे हैं।

रूसी हमले ने कीव को ठंड में झोंक दिया

रूस ने मंगलवार की सुबह यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से मिलकर बड़ा हमला बोला। इस हमले में यूक्रेन की ऊर्जा व्यवस्था को निशाना बनाया गया। कीव शहर में हजारों अपार्टमेंट बिल्डिंग्स बिजली और हीटिंग से वंचित हो गईं। तेज ठंड के बीच लोगों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले से बिजली और पानी की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई। यह हमला सिर्फ चेरनोबिल तक सीमित नहीं रहा। यूक्रेन की कई अन्य जगहों पर भी ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचा।



चेरनोबिल प्लांट 1986 की उस भयानक दुर्घटना का स्थल है। यहां रिएक्टर फटने से भारी मात्रा में रेडियोएक्टिव पदार्थ फैल गया था। अब फिर से बिजली जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बैकअप सिस्टम की वजह से टला बड़ा हादसा हालांकि प्लांट पूरी तरह बंद है और डीकमीशन हो चुका है, लेकिन यहां खर्च ईंधन को ठंडा रखने के लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। बाहरी बिजली चली जाने पर प्लांट के अपने बैकअप जनरेटर और अन्य सिस्टम सक्रिय हो गए। यूक्रेन की ऊर्जा मंत्रालय ने बाद में बताया कि चेरनोबिल की बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई है। अब सभी सुविधाएं सामान्य तरीके से यूक्रेन की यूनाइटेड एनर्जी सिस्टम से जुड़ी हुई हैं।

# एबीसी कार्यक्रम का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें बीएसएल नगर प्रशासन : डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में पशु जन्म नियंत्रण (एनिमल बर्थ कंट्रोल-एबीसी) कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. असीम कुमार सिंह, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. एन पी सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बीएसएल नगर सेवाएं, जिला पंचायती राज पदाधिकारी के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। डीडीसी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ एबीसी कार्यक्रम का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।





**सार्वजनिक श्वानों के लिए फिडिंग जोन/सेल्टर चिन्हित करने का निर्देश**

डीडीसी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सार्वजनिक रूप से विचरण कर रहे श्वानों के लिए सुनियोजित ढंग से फिडिंग जोन एवं सेल्टर चिन्हित किए जाएं। इसके लिए बीएसएल नगर सेवाएं के साथ आवश्यक पत्राचार कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बी.एस. सिटी क्षेत्र के श्वानों को निर्धारित स्थानों पर भोजन उपलब्ध कराया जा सके और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। चास नगर निगम द्वारा अक्टूबर माह से ही इस दिशा में कार्य किया जा रहा है, जबकि बीएसएल नगर सेवा द्वारा अब तक इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं किया गया है।

**पालतू पशुओं के पंजीकरण के दिशा में भी करें कार्य**

बैठक में पालतू पशुओं के पंजीकरण के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। डीडीसी ने निर्देश दिया कि इस संबंध में राज्य मुख्यालय से मार्ग दर्शन प्राप्त कर नियमानुसार पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाए, जिससे पालतू पशुओं की संख्या, निगरानी एवं प्रबंधन को व्यवस्थित किया जा सके।

**पंचायत क्षेत्रों में भी करें स्थान चिन्हित – जागरूकता कार्यक्रम करें**

ग्रामीण क्षेत्रों को लेकर डीडीसी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर फिडिंग जोन/सेल्टर चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही, मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों को पत्राचार कर पंचायत क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाने को कहा, ताकि आमजन एबीसी कार्यक्रम, पशु कल्याण एवं जिम्मेदार पशु पालन के प्रति जागरूक हो सकें।

**नसबंदी व टीकाकरण के लिए नियमित शिविर लगाएं**

डीडीसी ने पशुपालन विभाग, नगर निगम चास, नगर परिषद फुसरो सहित अन्य को निर्देश दिया कि श्वानों के नसबंदी एवं टीकाकरण कार्यक्रम के लिए नियमित रूप से शिविर आयोजित किए जाएं। इससे श्वानों की संख्या को मानवीय एवं वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

**समन्वित प्रयास से सफल होगा एबीसी कार्यक्रम**

एबीसी कार्यक्रम प्रशासनिक के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी है। डीडीसी श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने कहा कि सभी विभाग समयबद्ध, समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित और संतुलित वातावरण का निर्माण हो सके।

## चास नगर निगम द्वारा सिल्ट चेंबर के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर डीडीसी ने जताई नाराजगी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में बुधवार को नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत जिला गंगा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दामोदर एवं अन्य प्रमुख जल स्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनर्जीवन से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था।



**निर्माल निस्तारण पर दिया विशेष जोर**

बैठक के दौरान डीडीसी ने घरों एवं मंदिरों से प्रतिदिन निकलने वाले निर्माल (पूजा सामग्री) के उचित, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल निस्तारण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पूजा सामग्री के सीधे जल स्रोतों में विसर्जन से जल प्रदूषण बढ़ता है, जिसे रोकने के लिए नगर निकायों - बीएसएल नगर सेवा प्रशासन को ठोस कार्ययोजना बनाकर तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। जल श्रोतों के निकट अलग से पूजा सामग्रियों के लिए कनटेनर लगाने का निर्देश दिया।

**सिल्ट चेंबर निर्माण कार्य की समीक्षा,जताई नाराजगी**

चास नगर निगम द्वारा सिल्ट चेंबर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध पूर्णता के साथ प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा।

**बीएसएल प्रबंधन को आवश्यक सहयोग का निर्देश**

बैठक में बीएसएल नगर प्रशासन को नमामि गंगे से संबंधित कार्यों में नगर निगम चास के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आए। शहर की नियमित साफ - सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

**जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने पर सख्ती**

डीडीसी ने जिले के सभी अंचलाधिकारियों को तालाबों, नदियों एवं अन्य जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। साथ ही, की गई कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से जिला को उपलब्ध कराने को कहा गया।

**समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर**

बैठक में उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढ़ंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले में जल संरक्षण एवं स्वच्छता के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकें। बैठक में आगामी 02 फरवरी को जिले के विभिन्न इंटर कालेजों में वाटर वेटलैंड डे के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन करने का जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया। वहीं, मेगा कार्यशाला का आयोजन फरवरी मासांत तक करने का नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार को निर्देश दिया। बैठक में वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह,कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे प्रीतम कुमार, बीएसएल नगर सेवा के प्रतिनिधि, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य, फुसरो नगर परिषद के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी के विचार और उनके सिद्धांतों को नहीं मिटा सकते : कांग्रेस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक भूली नगर बी ब्लॉक विवाह भवन में नगर अध्यक्ष गंगा वाल्मीकि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नगर प्रभारी लक्ष्मण तिवारी एवं अक्षय प्रसाद उपस्थित हुए। सर्वप्रथम नगर अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों का परिचय कराते हुए कमेटी के नेताओं ने दोनों प्रभारी को अंग वस्त्र बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष गंगा वाल्मीकि ने कहा कि मनरेगा देश के मजदूरों की आत्मा है और हम देश की आत्मा मरने नहीं देंगे कांग्रेस पार्टी मनरेगा संग्राम आंदोलन चल रही है आंदोलन जब तक जारी रहेगा तब तक मोदी सरकार अपना फैसला वापस ना ले ले मोदी सरकार महात्मा गांधी नाम को मिटा सकती है लेकिन महात्मा गांधी के विचारधारा और गांधी के सिद्धांत को नहीं मिटा सकती है कांग्रेस पार्टी का इसका पुरजोर विरोध करेगी प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने सभी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको मिलकर मनरेगा के नाम बदलने के विरोध में अपना जोरदार विरोध प्रदर्शन करना है गॉड से विचारधारा वालों को कभी भी सफल नहीं होने देना है प्रभारी अक्षर प्रसाद ने कहा आने वाले समय में नगर निकाय चुनाव है जिससे पूरी ताकत से कांग्रेस पार्टी चुनाव मैदान में रहेगी कांग्रेस पार्टी के जितने भी वार्ड पार्षद दावेदार हैं।



## पुलिस लाइन मैदान में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने सेक्टर - 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की तैयारी, अनुशासन एवं समन्वय का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड कमांडर के नेतृत्व में कुल 14 टोलियां गठित की गई हैं। इनमें जैप-04 का प्लाटून, जिला सशस्त्र बल, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी का प्लाटून तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के प्लाटून शामिल हैं। सभी टोलियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यास में जुटी हुई हैं। बताया गया कि परेड का पूर्वाभ्यास 24 जनवरी तक जारी रहेगा। 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जिसका निरीक्षण उपायुक्त (डीसी) एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) संयुक्त रूप से करेंगे। मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह सोमवार, 26 जनवरी को सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे।



## प्री-मैट्रिक छात्रवृति के लिए ऑन लाइन निबंधन कार्य में लाएं तेजी: डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को समाहरणालय स्डीथित सभागार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मानिटरिंग कमेटी का बैठक किया। इस क्रम में उन्होंने एमडीएम एवं प्रि-पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना की प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन निबंधन कार्य को गति देने के लिए सभी संबंधित 68 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ अविलंब बैठक आयोजित की जाए। बैठक के माध्यम से निबंधन की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। फैलो को प्रखंडवार टैग कर जवाबदेही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निबंधन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन के फैलो को प्रखंडवार टैग किया जाए, ताकि प्रत्येक प्रखंड में कार्य की सतत निगरानी हो सके और किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके।

**प्रतिदिन वर्चुअल माध्यम से प्रगति की समीक्षा का निर्देश**

डीडीसी ने निर्देश दिया कि ऑनलाइन निबंधन कार्य की प्रतिदिन वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की जाए। इससे प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग होगी और लक्ष्य के अनुरूप समय पर निबंधन कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।

**एमडीएम स्टेरिंग कमेटी की बैठक में चार प्रस्तावों पर बनी सहमति**

बैठक के दौरान एमडीएम (मिड डे मील) स्टेरिंग कमेटी से संबंधित चार प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई, जिन पर सभी सदस्यों की सहमति बनी। इन प्रस्तावों के माध्यम से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के बेहतर संचालन पर बल दिया गया। आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक एवं डीडब्ल्यू को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी बीईईओ - बीपीओ आदि उपस्थित थे।

## धनबाद के विकास को गति देने के लिए जिला प्रशासन व रेलवे के बीच विचार विमर्श




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में आज धनबाद जिले के विकास को गति देने के लिए पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम अखिलेश मिश्र सहित ईसीआर के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन व रेलवे के मध्य विभिन्न प्रकार के विवाद व समस्या पर विस्तार से चर्चा कर उसका निराकरण करने की दिशा में विचार विमर्श किया गया। बैठक में बरमसिया फ्लाईओवर, गया पुल में नए रेल अंडर ब्रिज की डिजाइन और ड्राइंग की मंजूरी, धनबाद रेलवे स्टेशन के उत्तरी एवं दक्षिणी भाग का विस्तार, ट्रैफिक मैनेजमेंट, अतिक्रमण दूर करने व सुदृढ़ीकरण, रेलवे के ठोस कचरे के प्रबंधन के लिए योजना बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एलाइनमेंट, प्रधानखंटा रेल ओवर ब्रिज की मरम्मत, सोनारडीह लेवल क्रॉसिंग गेट का चौड़ीकरण, कतरास रेल अंडर ब्रिज एवं तेतुलमारी के गया पुल में जल जमाव, रेलवे एवं जिला परिषद के बीच उत्पन्न विवाद, पूजा टॉकीज से जोड़ाफाटक तक रेल ओवरब्रिज के लिए संयुक्त व्यवहार्यता रिपोर्ट, पंपू तालाब एवं लोको तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने, मटकुरिया रेल ओवर ब्रिज एवं रेल अंडर ब्रिज, रेलवे और राज्य सरकार के साथ नए बने रेल ओवर ब्रिज के लिए रखरखाव समझौता, धनबाद रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात प्रबंधन, धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के विस्तार के लिए क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने सहित अन्य विकासोन्मुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा रेलवे को हर सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता देकर प्रधानखंता रेल ओवर ब्रिज की मरम्मत करनी है। यहां सड़क अत्यंत खराब है। जिसके कारण वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है। उन्होंने मई तक इसको दुरुस्त करने को कहा।

## किसानों तथा पशुपालकों को दी गई वैज्ञानिक एवं आधुनिक पशुपालन-संबंधी तकनीकों की जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के गाय भैंस के नस्ल में अपेक्षित सुधार लाने, उत्पादकता में वृद्धि, कृत्रिम गभार्धान दर में वृद्धि करने तथा पशुपालकों को जागरूक करने हेतु चास प्रखण्ड के मामरकुदर ग्राम के ईनटांड में आज पशुपालन विभाग, बोकारो द्वारा बछड़ा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर किसानों तथा पशुपालकों के बीच वैज्ञानिक और आधुनिक पशुपालन-संबंधी तकनीकों का प्रचार प्रसार करना होता है। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधि उप-मुखिया शत्रुध्न महतो, अवर प्रमण्डल पशुपालन पदाधिकारी चास डॉ अजीत शरन, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आलोक कुमार, डॉ मुन्द्रि का दास, डॉ आभा कुमारी और डॉ मो जावेद अख्तर द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कृत्रिम गभार्धान, बछिया के पालन पोषण, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा एवं मोबाइल भेंटरीनरी सेवा 1962 की महत्ता पर पशुपालकों को जानकारी दी गई। कुल प्रतिभागीयो की संख्या 60 थी, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ- साथ 07 सान्तवना पुरस्कार दिया गया। अन्य सभी पशुपालकों के बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में **प्रथम पुरस्कार** रूप लाल महतो, **द्वितीय पुरस्कार** जशोदा देवी एवं **तृतीय पुरस्कार** खलील अंसारी को प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य हो कि विशेषज्ञों की टीम बछड़ों के स्वास्थ्य, वजन, नस्ल विशेषताओं के आधार पर निरीक्षण कर पुरस्कार निर्धारित किया। काफ रैली में पशुपालक अपने उन्नत नस्ल के बछड़ों के साथ उत्साह पूर्वक भाग लिया। बछिया पालन को डेयरी विकास की मजबूत नींव बताया-अवर प्रमण्डल पशुपालन पदाधिकारी चास डॉ अजीत शरन ने कहा कि स्वस्थ बछिया भविष्य में अच्छी दुग्ध उत्पादन वाली गाय बनती है, जिससे पशुपालकों की आमदनी में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बछिया पालन को डेयरी विकास की मजबूत नींव बताया और इसके आर्थिक व सामाजिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्थानीय पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने और उन्नत नस्ल के बछड़ों के रख रखाव के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी डॉ आभा कुमारी एवं डॉ मुंद्रिका दास द्वारा दिया गया।



## अनधिकृत नंबर प्लेट वाली महिन्द्रा स्कॉर्पियो जब्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त प्रयास से अनाधिकृत नंबर प्लेट और शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो को त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर जब्त कर लिया। जब्त स्कॉर्पियो का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 डीई 0215 है। लेकिन इसके ऑनर ने वाहन पर अनाधिकृत नंबर प्लेट लगाई थी। समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह मामला उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के संज्ञान में आया। मामला संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने इसकी गहनता से पड़ताल कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



## बलियापुर सीओ ने चलाया 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में बलियापुर के अंचल अधिकारी मुरारी नायक ने कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर "नो हेलमेट नो पेट्रोल" अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी ने स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देते हुए पेट्रोल पंप संचालकों को कहा कि बिना हेलमेट पहने किसी भी मोटरसाइकिल सवार को पेट्रोल नहीं दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी पेट्रोल पंप द्वारा बिना हेलमेट वाहन चालक को पेट्रोल देते हुए पकड़ा जाता है, तो संबंधित पेट्रोल पंप का लाइसेंस निरस्त करने का अनुशंसा किया जाएगा।

# बीएसएल के कोक ओवन बैटरी संख्या-5 की चिमनी का लाइट-अप

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र में कोक ओवन बैटरी संख्या-5 की कोल्ड रिपेयर के उपरांत बैटरी के कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में आज दिनांक 21 जनवरी को चिमनी लाइट-अप की प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया. यह गतिविधि बैटरी के कमीशनिंग की प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। कोक ओवन बैटरी संख्या-5 के कमीशनिंग कार्य के अंतर्गत चिमनी का लाइट-अप अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) बी. के. सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटीज) एस. आर. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रकाश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं इस्पात कर्मी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि कोकओवन बैटरी संख्या-5 की कोल्ड रिपेयर के उपरांत बैटरी के कमीशनिंग का कार्य मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स) भास्कर प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रगति पर है. कोल्ड रिपेयर से संबंधित सभी यांत्रिक एवं रिफ्रैक्टरी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा बैटरी अब हीटिंग के लिए पूर्णतः तैयार है. कमीशनिंग की प्रथम प्रक्रिया के अंतर्गत बैटरी की हीटिंग वॉल्स में आवश्यक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा, जिसके पश्चात कोक ओवन गैस अथवा मिक्स्ड गैस के प्रज्वलन/दहन द्वारा तापमान को निर्धारित स्तर तक पहुँचाया जाएगा. कोल्ड रिपेयर कार्य के निष्पादन में महाप्रबंधक (मैकेनिकल) अरुण कुमार, महाप्रबंधक एवं इंजीनियर-इन-चार्ज चंद्रशेखर घड़ाई, महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स) पी. एस. कुमार, महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) अंजनी कुमार तथा महाप्रबंधक (हीटिंग) श्री के. एन. झा का उल्लेखनीय योगदान रहा. इसके अतिरिक्त, सीईडी, आईएंडए, एसपीसी सहित अन्य विभागों के सहयोग से कोल्ड रिपेयर कार्यो को प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से सम्पन्न किया गया है. यह उपलब्धि बोकारो इस्पात संयंत्र की सुदृढ़ परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली, परिचालन उत्कृष्टता तथा उच्च स्तरीय सुरक्षा एवं इंजीनियरिंग मानकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से रेखांकित करती है.






**बोकारो इस्पात संयंत्र के प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन**

बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 21 जनवरी को बोकारो इस्पात संयंत्र के प्लांट प्लाजा रोड पर यांत्रिक अनुरक्षण विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य व्यवहार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया. इस मानव श्रृंखला का प्रमुख उद्देश्य इस्पात कर्मियों एवं ठेका श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व, सतर्कता एवं सामूहिक प्रतिबद्धता की भावना एवं 'सुरक्षा सर्वप्रथम' को और अधिक सशक्त करना था. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) बी. के. सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रकाश कुमार, यांत्रिक अनुरक्षण विभाग के वरीय अधिकारी सहित, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र अपनी मूल भावना 'सुरक्षा सर्वप्रथम' को निरंतर सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षा संस्कृति का सक्रिय सहभागी बनाने के लिए सतत प्रयासरत है. ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से संयंत्र 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य की दिशा में अपने प्रयासों को निरंतर मजबूती प्रदान कर रहा है. मानव श्रृंखला में शामिल प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों एवं नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क एवं कार्यस्थल पर जिम्मेदार, सतर्क एवं सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संदेश दिया. सभी की सहभागिता ने संयंत्र में सुरक्षित, स्वस्थ एवं दुर्घटना-मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति सामूहिक संकल्प को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित किया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com